# सहारा शहर मामले में नगर निगम को बड़ी कानूनी जीत, हाईकोर्ट ने की याचिका खारिज

❒ गोमतीनगर स्थित सहारा शहर को नगर निगम ने लीज शर्तों के उल्लंघन के आरोप में अपने कब्जे में लिया था



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। लगभग 170 एकड़ में फैले सहारा शहर प्रकरण में नगर निगम लखनऊ को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से चल रहे इस विवाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने सहारा कमर्शियल की ओर से दायर रिट याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत के इस निर्णय ने नगर निगम की कार्रवाई को वैध ठहराते हुए उसके पक्ष को मजबूत किया है और शहर प्रशासन की साख को और मजबूती दी है।

आपको बता दें कि गोमतीनगर स्थित सहारा शहर को नगर निगम ने लीज शर्तों के उल्लंघन के आरोप में अपने कब्जे में लिया था। नगर निगम का कहना था कि वर्ष 1994 में हुई लीज के तहत निर्धारित शर्तों का पालन नहीं किया गया, साथ ही कई निर्माण एवं उपयोग नियमों का उल्लंघन पाया गया। जांच के बाद नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए पूरे परिसर के छहों गेट सील कर दिए और प्रशासनिक नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। सहारा समूह ने इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और इसे मनमाना तथा प्रक्रिया के विपरीत बताया था। हालांकि, नगर निगम ने अदालत में स्पष्ट किया कि कार्रवाई पूरी तरह नियमानुसार की गई। निगम ने यह भी बताया कि वर्ष 2020 और 2025 में कई बार नोटिस जारी कर कंपनी को सुधार का अवसर दिया गया, लेकिन नियमों का पालन नहीं होने पर ही अंतिम कार्रवाई की गई। सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के तर्कों पर विचार किया और पाया कि नगर निगम की ओर से की गई कार्रवाई विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत की गई है। इसी आधार पर अदालत ने सहारा की याचिका को खारिज कर दिया। इस फैसले को नगर निगम के लिए बड़ी कानूनी जीत माना जा रहा है, क्योंकि इससे स्पष्ट हो गया है कि सार्वजनिक भूमि और संसाधनों के संरक्षण के लिए की गई कार्रवाई न्यायिक कसौटी पर खरी उतरी है। इस पूरे मामले में यह भी सामने आया कि संबंधित भूमि पर लीज की अवधि समाप्त होने और शर्तों के उल्लंघन के चलते नगर निगम को हस्तक्षेप करना पड़ा। 30 वर्ष की लीज अवधि समाप्त होने के बाद भी निर्धारित विकास कार्य नहीं किए गए थे, जिस पर प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़े। इस पूरे प्रकरण में नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देशन में अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव, संपत्ति प्रभारी श्री रामेश्वर प्रसाद, नायब तहसीलदार श्री तेजस्वी एवं लेखपाल श्री शक्ति वर्मा ने नगर निगम की ओर से सक्रिय भूमिका निभाई। पैनल अधिवक्ताओं के सहयोग से मजबूत कानूनी पक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी आवश्यक दस्तावेज, नोटिस और प्रक्रियाओं का विस्तृत ब्यौरा अदालत के समक्ष रखा गया। इसी सशक्त पैरवी के परिणामस्वरूप नगर निगम को यह महत्वपूर्ण जीत हासिल हुई।

# पीएम का डॉक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु ने गर्म जोशी कें साथ किया स्वागत

❒ प्रधानमंत्री दो दिवसीय दौरे के दौरान दर्शन करने पहुंचे काशी विश्वनाथ मंदिर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। अपने दो दिवसीय काशी दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बुधवार की सुबह बरेका गेस्ट हाउस से काशी विश्वनाथ मंदिर जाने के लिए विभिन्न मार्गों से होते हुए ज्यों ही उनका काफिला मैदागिन चौराहे के निकट पहुंचा यहां पीएम के स्वागत में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ खड़े उत्तर प्रदेश के आयुष मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु के समक्ष गाड़ी की गति कुछ सेकेंडो के लिए धीमी कर दी।

इससे तैनात सुरक्षा कर्मियों के हाथ पैर फूल गए, पीएम का डॉक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया उनके साथ सैकड़ों की संख्या में पीएम के स्वागत में खड़े क्षेत्र के लोगों, भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर हर महादेव के उद्घोष के साथ गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर पीएम का जोरदार अभिनंदन किया इसके बाद पीएम का काफिला काशी विश्वनाथ मंदिर की तरफ चल दिया उनके ठीक पीछे आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र का फ्लीट भी मंदिर की ओर चल पड़ा मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री ने डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु से कुशल क्षेम पूछा द्य पीएम का स्वागत करने वालों में नीरज जायसवाल, गौरव राठी, संजय विश्वकर्मी, सुधीर त्रिपाठी, जितेंद्र कुशवाहा, संतोष सैनी, दिलीप यादव, संजय मिश्रा, दिनेश दीनू, लवकुश वर्मा, शिव शंकर केसरी, जय विश्वकर्मा, जितेंद्र राय, राहुल पांडेय, सौरभ राय, अरुण पांडेय, पवन कनौजिया, प्रमोद राय सौरभ पाठक, संजय चौरसिया, सुशील सेठ, राजेश वर्मा, अवध नारायण राय, रजत, केसरी, प्रदीप मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## करंट लगने से वृद्ध की गई जान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के चंद्रभानपुर गांव में बुधवार को घर के अन्दर करंट लगने से एक वृद्ध की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के चंद्रभानपुर गांव निवासी अमरपाल (70) बुधवार को घर के अन्दर बोर्ड बना रहा था। इस दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन किसी तरह उसे करंट से बचाकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर आगे कार्रवाई शुरू कर दी।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी, साइबर सेल ने 89 हजार रुपये कराए वापस

**मीरजापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विदेश भेजने के नाम पर हुई ऑनलाइन ठगी के मामले में कछवां थाना साइबर सेल ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में 89,389 रुपये वापस कराए है।प्रभारी निरीक्षक अमरजीत चौहान ने बताया कि गडौली निवासी संदीप कुमार सिंह ने 11 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात ठग ने सऊदी अरब भेजने के नाम पर उसके खाते से एक लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। मामले में थाना कछवां के थानाध्यक्ष कनिष्क आर. जामकर के नेतृत्व में साइबर टीम ने बैंक व संबंधित संस्थानों से समन्वय कर तकनीकी जांच की। त्वरित कार्रवाई के चलते 89,389 रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए गए। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया।

## विद्युत पोल से गिरकर मजदूर की मौत, लाइन मैन पर आरोप

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित झूंसी थाना क्षेत्र स्थित कमलदीपुर गांव में बुधवार को विद्युत पोल से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।पुलिस उपायुक्त (नगर) मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि झूंसी थाना क्षेत्र के चमनगंज कनिहार गांव निवासी रामू कुशवाहा (28) मजदूरी करके पत्नी संगीता और एक बेटी का भरण–पोषण करता था। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दिया कि विद्युत विभाग के लाइन मैन रमेश कुमार ने फोन किया, जब नहीं उठा तो वह घर आया और कहा कि सीढ़ी पकड़ने के लिए चलना है। जिसके साथ वह घर से चला गया और कुछ देर बाद जानकारी मिली कि उसकी खम्भे से गिरकर मौत हो गई। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को लिखित तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर लेकर विधिक कार्रवाई की।परिवार के लोगों ने बताया कि इससे पूर्व भी इस लाइन मैन की वजह से अन्य मजदूर की जन चली गई है। परिवार कहना है कि उसने बगैर सटडाउन लिए रामू को खम्भे पर चढ़ा दिया , जिससे करंट की चपेट में आने से उसकी खम्भे से गिरकर कर जान चली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भाजपा गांव की सच्चाई का सामना नहीं करना चाहती, इसलिए टाल रही पंचायत चुनाव : सुनील सिह

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिह ने उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव को जानबूझकर विलंब से कराने के पीछे सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने बुधवार को मॉल एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि पंचायत चुनाव में यह देरी केवल प्रशासनिक कारणों से नहीं, बल्कि एक सोची–समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है।सुनील सिह ने आगे कहा कि उदाहरण देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मुंबई में म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में 3 साल से अधिक समय तक चुनाव नहीं कराए गए और हर साल 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट अफसरों के जरिए खर्च किया गया, जहां जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को पूरी तरह बाहर रखा गया। जब इतनी बड़ी राशि बिना जवाबदेही के खर्च होती है तो भ्रष्टाचार बढ़ता है और जनता को उसका हिसाब नहीं मिलता। अब वही मॉडल उत्तर प्रदेश में लागू करने की कोशिश हो रही है—पंचायत चुनाव टालो, प्रशासन बैठाओ और हजारों करोड़ रुपये के बजट पर सीधा नियंत्रण रखो। गांव की चुनी हुई सरकार को खत्म कर अफसरशाही के भरोसे व्यवस्था चलाना लोकतंत्र की जड़ों पर सीधा हमला है। जब जनता का प्रतिनिधि नहीं होगा, तो जवाबदेही भी नहीं होगी और फैसले बंद कमरों में लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की रणनीति है—चुनाव टालो, समय खरीदो और जनभावना को दबाओ। लेकिन लोकतंत्र में सत्ता जनता से मिलती है, अफसरों से नहीं। पंचायतवस्था का उद्देश्य ही है कि गांव की आवाज सीधे शासन तक पहुंचे, लेकिन आज उसी व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। क्या सरकार जनता के बीच जाएगी या अफसरों के पीछे छिपेगी? लोकदल की मांग है कि पंचायत चुनाव तुरंत घोषित किए जाएं और गांव की सत्ता जनता को वापस दी जाए।सुनील सिह ने आरोप लगाया है, पंचायतें लोकतंत्र की सबसे बुनियादी इकाई होती हैं और समय पर चुनाव न कराना सीधे–सीधे जनता के अधिकारों का हनन है। चुनावों में देरी के चलते गांवों में विकास कार्य ठप पड़ गए हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अभाव में प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह हावी हो गया है, जिससे आम जनता की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर प्रशासनिक बहानों जैसे परिसीमन, आरक्षण या अन्य प्रक्रियाओं का सहारा लेकर चुनाव टाल रही है, जबकि इन प्रक्रियाओं को समय रहते पूरा किया जा सकता था। इसके साथ ही उन्होंने एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत चुनावों को टालने का एक बड़ा कारण यह भी है कि सरकार पंचायतों के लिए आवंटित बजट को प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से अपने मनमाने तरीके से खर्च कर रही है। बिना जनप्रतिनिधियों की निगरानी के यह धनराशि पारदर्शिता और जवाबदेही के अभाव में उपयोग की जा रही है, जिससे भ्रष्टाचार की संभावनाएं बढ़ रही हैं और सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पंचायत चुनाव कराए जाते, तो जनता द्बारा चुने गए प्रतिनिधि इस बजट के उपयोग पर निगरानी रखते और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाते। लेकिन वर्तमान स्थिति में जनता का पैसा जनता की प्राथमिकताओं के बजाय सरकार की राजनीतिक रणनीतियों के तहत खर्च किया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। सुनील सिह ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द से जल्द पंचायत चुनाव की घोषणा नहीं करती है, तो लोकदल प्रदेशभर में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन शुरू करेगा।

## गंगा एक्सप्रेस–वे से महाभारत और जैन सर्किट के पर्यटन विकास को मिलेगा बढ़ावा : जयवीर सिह

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस–वे का उद्घाटन किया। करीब 36,230 करोड़ रुपये की लागत से उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्बारा तैयार यह छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक राज्य का सबसे लंबा एक्सप्रेस–वे है, जो 12 जिलों से होकर गुजरते हुए प्रदेश में कनेक्टिविटी के साथ–साथ पर्यटन को भी नई रफ्तार देगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिह ने गंगा एक्सप्रेस–वे की सौगात के लिए नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। मंत्री जयवीर सिह ने कहा कि 'गंगा एक्सप्रेस–वे के शुरू होने से पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच आवागमन आसान होगा। यह एक्सप्रेस–वे जैन सर्किट, महाभारत सर्किट और 'कल्कि धाम' संभल के अतिरिक्त मार्ग के आसपास के इको–टूरिज्म स्थलों को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, गंगा एक्सप्रेस–वे अब केवल एक सड़क नहीं रहा, यह एक सपने की मूर्त अभिव्यक्ति है।'

# मनोज मिश्रा बने आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आआपा ) उत्तर प्रदेश ने अपने संगठनात्मक विस्तार को आगे बढ़ाते हुए व्यापार प्रकोष्ठ को नई दिशा देने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिह की स्वीकृति से मनोज मिश्रा को बुधवार को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी ने इस नियुक्ति के माध्यम से प्रदेश के व्यापारी वर्ग के मुद्दों को मजबूती से उठाने और संगठन को ज़मीनी स्तर तक विस्तार देने का स्पष्ट संकेत दिया है।प्रदेश प्रभारी संजय सिह ने इस नियुक्ति पर कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा से व्यापारियों के हितों की आवाज़ उठाती रही है और आगे भी यह लड़ाई और तेज़ होगी। उन्होंने कहा कि संगठन को हर ज़िले और हर बाज़ार तक मज़बूत किया जाएगा, ताकि व्यापारियों की समस्याओं को सीधे सरकार के सामने उठाया जा सके और उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी व्यापारियों पर हो रहे किसी भी प्रकार के अन्याय और शोषण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियाँ हमेशा जनहित और पारदर्शिता पर आधारित रही हैं और वह इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर प्रदेश के व्यापारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार प्रकोष्ठ को हर ज़िले और हर बाज़ार तक मज़बूत किया जाएगा ताकि व्यापारी वर्ग की समस्याओं का समाधान प्रभावी ढंग से किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि आज प्रदेश का व्यापारी वर्ग कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन उनकी आवाज़ को सुनने वाला कोई नहीं है। आम आदमी पार्टी इस स्थिति को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है और व्यापारियों को एक मज़बूत राजनीतिक और सामाजिक मंच प्रदान करेगी।

# मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में कर्मचारियों की सहूलियत के लिए विकसित किया गया नया डिजिटल प्लेटफॉर्म वेब–लिंक और क्यूआर कोड

❒ इस पहल का उद्देश्य निरीक्षण किए जाने वाले आइटमों का त्वरित संदर्भ प्रदान करना है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी एम. रमेश कुमार के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा निरीक्षण चेकलिस्ट, एलसी गेट के लोकेशन, संरक्षा परिपत्र,शुद्धि पर्ची, संरक्षा ड्राइव, संरक्षा नियमावली आदि उपलब्ध कराने के लिए वाराणसी मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की सहूलियत के लिए एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म वेब-लिंक और संबंधित क्यूआर कोड विकसित किया है। इसमें उक्त उपयोगी संसाधन एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया हैं।

इस पहल का उद्देश्य निरीक्षण किए जाने वाले आइटमों का त्वरित संदर्भ प्रदान करना, संरक्षा बढ़ाना, कर्मचारियों में संरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वाराणसी मंडल के सुरक्षा विभाग में बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करना है, ताकि अद्यतन जानकारी तक कभी भी आसानी से पहुँचा जा सके। इसी वेब-लिंक और संबंधित क्यूआर कोड की जानकारी और जागरूकता के लिए वाराणसी मंडल के संरक्षा विभाग के सलाहकार श्री विजय यादव, श्री अविनाश मिश्रा तथा विकास भारती द्वारा आज दिनांक 29 अप्रैल 2026 को औड़िहार-गाजीपुर घाट रेल खण्ड पर पड़ने वाले समपार पर कार्यरत गेट मैनों एवं स्टेशनों पर संरक्षा से जुड़े कर्मचारियों को इस वेब-लिंक और संबंधित क्यूआर कोड के उपयोग की विस्तार से जानकारी दी गई ।

# सपा ने महिला आरक्षण लागू न करने पर निदा प्रस्ताव किया पारित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा का गुरुवार को होने वाले एक दिवसीय विशेष सत्र को लेकर सत्ता दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्ष ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। भाजपा संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी वंदन विधेयक पारित नहोने पर विपक्ष को घेरेगा। वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) ने इससे निपटने को लेकर अपनी रणनीति बना ली है। विशेष सत्र से एक दिन पहले बुधवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी विधायकों एवं पदाधिकारियों के साथ राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में एक अहम बैठक की। इस दौरान सपा ने विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर निदा प्रस्ताव पारित किया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की उपस्थिति में पार्टी की बैठक में सरकार के खिलाफ 16 सूत्रीय निदा प्रस्ताव पेश किया गया। पार्टी विधायकों ने सर्वसम्मति से महिला आरक्षण बिल के आधार पर महिलाओं को आरक्षण देने का प्रस्ताव पास किया। साथ ही सपा ने संसद में पारित हो चुके महिला आरक्षण बिल के बाद भी आरक्षण लागू न करने पर भाजपा के खिलाफ निदा प्रस्ताव पारित किया। सपा की बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार में पास हो चुके महिला आरक्षण बिल को भाजपा लागू क्यों नहीं करती है। इसकी पीछे सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है। भाजपा सरकार की नियत महिलाओं को आरक्षण देने की नहीं है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि फौरन महिलाओं को आरक्षण दिया जाए। सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि जो एक्ट बन गया है, जिसमें महिला आरक्षण बिल कानून बन गया है, अगर भारतीय जनता पार्टी चाहे तो अगले ही चुनाव में उसे लागू कर सकती हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि इनकी सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं एवं बेटियां असुरक्षित हैं। भाजपा किसी की भी सगी नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश इस बार समाजवादी पार्टी के पक्ष में है। समाजवादियों के पक्ष में हवा चल रही है। जबकि भारतीय जनता पार्टी अपने दिन गिन ले। इस सरकार में किसान, नौजवान, महिलाएं हर वर्ग ये जान गया है कि बुरे दिन जाने वाले हैं। एक सवाल के जवाब में अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जोड़ने का काम करती है।

# संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश, 15 मई तक अतिक्रमण मुक्त भूमि पर फेंसिंग अनिवार्य

❒ महापौर सुषमा खर्कवाल ने ली बैठक, नगर आयुक्त गौरव कुमार ने दिया 'तुरंत फेंसिंग' का निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को आयोजित संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीनों के संरक्षण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार की उपस्थिति में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा, संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद समेत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक (कानूनगो), लेखपाल एवं संपत्ति विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक में महापौर द्वारा पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने अब तक नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर बाउंड्री वॉल और तारबाड़ की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट मांगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि केवल अतिक्रमण हटाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस भूमि को सुरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है।

### फेंसिंग और बायोफेंसिंग कार्य की स्थिति

संपतति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक अतिक्रमण मुक्त कराई गई 68 गाटा भूमि पर तारबाड़ का कार्य कराया जा रहा है, जबकि 70 गाटा भूमि को उद्यान विभाग को बायो फेंसिंग के लिए हस्तांतरित किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए विभाग तेजी से काम कर रहा है।

### अतिक्रमण हटाते ही फेंसिंग अनिवार्य

इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि भविष्य में जब भी किसी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, उसी दिन इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से वहां फेंसिंग का कार्य भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चीफ इंजीनियर महेश वर्मा को निर्देशित किया कि सीएंडडी वेस्ट प्लांट के माध्यम से पिलर और बाउंड्री वॉल का पर्याप्त स्टॉक पहले से तैयार रखा जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उपयोग किया जा सके।

### उत्सव वाटिका' के रूप में विकसित होंगी जमीनें

महापौर सुषमा खर्कवाल ने आगे निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर नगर निगम की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है, वहां स्थायी समाधान के रूप में 'उत्सव वाटिका' विकसित की जाए। इसके तहत संबंधित भूमि पर एक कमरा निर्माण कर गेट लगाया जाए, जिससे भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की संभावना समाप्त हो सके और भूमि का उपयोग भी सुनिश्चित हो।

### 15 मई तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य, 10 दिन बाद फिर समीक्षा

बैठक में महापौर ने 15 मई तक सभी अतिक्रमण मुक्त भूमि पर फेंसिंग एवं बायोफेंसिंग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर आयुक्त ने संपत्ति विभाग को 10 दिन बाद दोबारा समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

# योगी सरकार का उपहार : 2493 वरिष्ठ नागरिकों को भ्रमण का मिला अवसर

❒ राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में कराया गया विशेष भ्रमण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुख-सुविधा और मानसिक प्रसन्नता के लिए लगातार नई पहल कर रही है। समाज कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के तहत बुजुर्गों को प्रदेश के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है, जिससे उनके जीवन में उत्साह और सकारात्मकता बनी रहे। इस तरह से 2022 से 2026 के वित्तीय वर्ष तक योगी सरकार यूपी के वृद्धाश्रमों में रहने वाले 2493 वरिष्ठ नागरिकों को भ्रमण करवा चुकी है।हाल ही में उत्तर प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए 211 वृद्धजनों को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के प्रसिद्ध अमृत उद्यान का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बुजुर्गों ने उद्यान की सुंदरता, हरियाली और मनोहारी वातावरण का आनंद लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सुखद, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना था। विभाग की ओर से आवागमन, जलपान, सुरक्षा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। वहीं धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रयागराज में आयोजित प्रयागराज महाकुंभ 2025 में 1,515 वरिष्ठ नागरिकों को स्नान का अवसर उपलब्ध कराया। माघ मेला 2026 में 767 बुजुर्गों ने संगम में डुबकी लगाकर अपनी लंबे समय से संजोई इच्छा पूरी की। इन आयोजनों में भाग लेकर बुजुर्गों ने आध्यात्मिक संतोष और आत्मिक शांति का अनुभव किया। योगी सरकार की यह पहल केवल बाहरी भ्रमण तक सीमित नहीं है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों को समय-समय पर स्थानीय मंदिरों, धार्मिक स्थलों और दर्शनीय स्थानों के दर्शन भी कराए जाते हैं। इससे वृद्धजनों के मन में उत्साह बना रहता है, अकेलेपन की भावना कम होती है और जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 2022-23 के वित्तीय वर्ष से 2025-26 के वित्तीय वर्ष तक कुल 2493 वरिष्ठ नागरिकों को प्रयागराज महाकुंभ, माघ मेला और राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का भ्रमण कराया गया है। इसके अलावा समय-समय पर निकटतम धार्मिक स्थलों पर भी ले जाने का काम किया जाता है। योगी सरकार की यह पहल साबित कर रही है कि बुजुर्ग केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज की धरोहर हैं, जिनके सम्मान और खुशहाली के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

## प्रयागराज में दुष्कर्म व पॉक्सो मामले के 3 आरोपित गिरफ्तार

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित धूमनगंज थाने की दर्ज दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में बुधवार को पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के झलवा निवासी नितिन शुक्ला , विकाश पाण्डेय , निवासी झलवा तथा वंश यादव , निवासी झलवा चौराहा शामिल हैं। तीनों के खिलाफ धूमनगंज में मुकदमा दर्ज किया गया था।

**उत्तर रेलवे**

टेंडर नोटिस संख्या—GEM/2026/B/7473136 दिनांक— 28.04.2026

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण। भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ—226005 द्वारा इच्छुंक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई—निविदा आमंत्रित की जाती है:—

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | GEM/2026/B/7473136 | 4 Core x 400 sq mm 1100 V grade, ISI Marked Aluminum Conductor, XLPE. Armoured cable working voltage up to including 1.1 KV conforming to IS:7098 (Part I): 1988 latest material of armouring ? galvanized steel formed wire, type of armouring single strip, improved fire performance test for Category 01, suitable for use in low temperature application, Thermoplastic inner sheath, not for mines use, Accredited lab test report/ Manufacturers test report required. Make: ALLCAB, Jonshon, RR cable, or equivalent. | 3700 MTR. | 06.05.26 |

निविदा शर्तें:
1. विस्तृत जानकारी GEM वेबसाइट https://gem.gov.in यानी पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकर नहीं की जाएगी।

1433/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल: मुख्यमंत्री नारी शक्ति औद्योगिक प्रोत्साहन नीति से बदलेगा यूपी का औद्योगिक भविष्य

❐ पीएम मोदी की नारी सशक्तिकरण दृष्टि और सीएम योगी के नेतृत्व को आगे बढ़ाते हुए, डॉ. राजेश्वर सिंह ने दिया मुख्यमंत्री नारी शक्ति औद्योगिक प्रोत्साहन नीति का प्रस्ताव



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश को महिला-नेतृत्व वाले औद्योगिक विकास मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री नारी शक्ति औद्योगिक प्रोत्साहन नीतिङ्क लागू करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिससे महिलाओं की भागीदारी और आत्मविश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।डॉ. सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि महिला सशक्तिकरण को केवल सामाजिक दायरे तक सीमित न रखकर उसे आर्थिक विकास की केंद्रीय शक्ति बनाया जाए। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि ऐसे उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाए, जहाँ कम से कम 75 प्रतिशत कार्यबल महिलाएँ हों या जो पूरी तरह महिला-नेतृत्व वाले उद्यम हों।उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण को नई गति मिली है। उज्ज्वला योजना, जन-धन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन, मुद्रा योजना के जरिए महिला उद्यमिता को बढ़ावा, ल्लबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व लाभ योजनाएँ तथा स्वयं सहायता समूहों का सशक्तिकरण—इन सभी पहलों ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की इन योजनाओं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व का समन्वय उत्तर प्रदेश को महिला-नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि का अग्रणी मॉडल बना सकता है।डॉ. सिंह ने अपने प्रस्ताव के समर्थन में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय उदाहरण भी प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि जापान में महिला रोजगार दर 55.1 प्रतिशत और श्रम भागीदारी लगभग 77 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। जर्मनी में छोटे और मध्यम उद्योग (SMEs) देश की लगभग 99.95 प्रतिशत कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो 50 प्रतिशत से अधिक आर्थिक उत्पादन और करीब 60 प्रतिशत रोजगार प्रदान करते हैं, जिनमें लगभग 16 प्रतिशत उद्यम महिला-नेतृत्व वाले हैं। इसी तरह, वियतनाम के वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में लगभग 75 प्रतिशत कार्यबल महिलाएँ हैं, जबकि Samsung Vietnam में 75ऽ80 प्रतिशत कर्मचारी महिलाएँ हैं और यह कंपनी देश के कुल निर्यात में लगभग 20 प्रतिशत योगदान देती है। भारत में बेंगलुरु के गारमेंट उद्योग में लगभग 5 लाख श्रमिकों में से 90 प्रतिशत महिलाएँ हैं, जबकि केरल के कुडुम्बश्री मॉडल से 45 लाख से अधिक महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में जुड़ी हुई हैं।डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश में टेक्सटाइल, गारमेंट, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, ओडीओपी, चिकनकारी, इलेक्ट्रॉनिक्स असेंबली, फार्मा पैकेजिंग, बीपीओ, सेनेटरी उत्पाद, कृषि-आधारित उद्योग और सोलर असेंबली जैसे क्षेत्रों में महिला-प्रधान उद्योगों की व्यापक संभावनाएँ बताईं। उन्होंने इन क्षेत्रों के लिए कई प्रोत्साहनों का सुझाव दिया, जैसे—SGST की वापसी, स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क में छूट, 50ऽ75 प्रतिशत तक बिजली दर पर सब्सिडी, सोलर सब्सिडी, सस्ती औद्योगिक भूमि, महिला औद्योगिक पार्क, प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स, बिना गारंटी ऋण, ब्याज में छूट, सरकारी खरीद में प्राथमिकता, तथा कार्यरत महिलाओं के लिए हॉस्टल, परिवहन और क्रेच जैसी सुविधाएँ।उन्होंने कहा कि इस नीति के लागू होने से महिला रोजगार में वृद्धि होगी, परिवारों की आय बढ़ेगी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, पलायन में कमी आएगी और सामाजिक स्थिरता मजबूत होगी। इससे उत्तर प्रदेश एक महिला विनिर्माण हब के रूप में स्थापित हो सकेगा। अंत में, डॉ. सिंह ने इसे केवल एक कल्याणकारी योजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार बताया।

# भीषण गर्मी के चलते चिनहट पावर हाउस में लगे ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए कूलर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, चिनहट । राजधानी लखनऊ के चिनहट क्षेत्र स्थित शिवपुरी पावर हाउस में ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए ट्रांसफार्मर के आसपास कूलर लगाए गए हैं, ताकि बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से बनी रहे।जानकारी के अनुसार, ट्रांसफार्मर के चारों ओर कुल चार कूलर लगाए गए हैं, जिससे तापमान नियंत्रित रखने में मदद मिल रही है। इससे ओवरहीटिंग की समस्या को कम करने और बिजली आपूर्ति में व्यवधान रोकने का प्रयास किया जा रहा है।जेई राजेश गुप्ता जिनके द्वारा उक्त सभी उपकरणों को ठंडा रखने का कार्य किया जा रहा है उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर को कूल बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था केवल शिवपुरी पावर हाउस तक सीमित नहीं है, बल्कि सुगामाऊ, अमराई गांव जहां पर भी पावर ट्रांसफ़र है जहां फिल्टर रीडिंग होती है वहां वहा ओवर लोड को कम करने के लिए इस तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं।

# एसजीपीजीआई लखनऊ में किया गया पहला हेमेटोपोएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण

❐ एसजीपीजीआई के मेडिकल जेनेटिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कौशिक मंडल के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने हेमेटोपोएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के चिकित्सकों ने प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक और कीर्तिमान बनाते हुए एएलपीएस नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक रोग में पहला हेमेटोपोएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण किया है।

चार वर्ष की उम्र में बबलू (नाम परिवर्तित) को बार-बार मुंह में दर्दनाक छाले और गंभीर खुजलीदार लाल त्वचा के घाव होने लगे और धीरे-धीरे उसका लीवर व तिल्ली बढ़ गये और उसके पूरे शरीर में लिम्फनोड्स हो गए। उसे एनीमिया था, जिसे नियंत्रित करने के लिए स्टेरॉयड की आवश्यकता थी। आठ साल की उम्र में कई परीक्षणों और बार-बार अस्पताल में भर्ती होने के बाद बच्चे को लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई रेफर किया गया। वहां बबलू को ''ऑटोइम्यून लिम्फोप्रोलिफ़ेरेटिव सिंड्रोम'' नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार होने का पता चला।इस विकार में, शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली स्वयं से ही लड़ने लगती है, जिसके परिणामस्वरूप लाल रक्त कोशिकाओं में कमी आ जाती है, जिससे एनीमिया होता है, न्यूट्रोफिल में कमी, जिससे संक्रमण होता है और प्लेटलेट्स की कमी, जिससे रक्तस्राव होता है।

मरीज़ों को त्वचा पर गंभीर चकत्ते, मुंह में छाले और विभिन्न अंगों में सूजन हो जाती है। समय के साथ, उनमें से अधिकांश को लिम्फोमा जैसे कैंसर हो जाते हैं और गंभीर मामलों में उनकी मृत्यु भी हो जाती है। उपचार में स्टेरॉयड का प्रयोग जारी रहता है, जिसके कई दुष्प्रभाव भी होते हैं।

एसजीपीजीआई के मेडिकल जेनेटिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कौशिक मंडल के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने हेमेटोपोएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण किया। इसके लिए संस्थान के निदेशक प्रो.आर.के.धीमान ने चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी है।प्रत्यारोपण टीम के प्रमुख सदस्य व हेमेटोलॉजी विभाग के डॉ. सायन सिन्हा रॉय ने बताया कि इस प्रक्रिया में पिता ही डोनर थे, इसलिए एचएलए का आधा मिलान हुआ (जिसे हैप्लोआइडेंटिकल कहा जाता है) और यह प्रक्रिया बहुत ही जोखिम भरी थी। टीम में डॉ. राजेश कश्यप, डॉ. चंद्रचूड़ पोटदार, डॉ. मनोज कुमार सिंह और डॉ. खलीकुर रहमान शामिल थे।

# विश्व नृत्य दिवस पर विशेष: नृत्य सिर्फ स्टेप्स नहीं, जीवन की अभिव्यक्ति है: सौम्या वर्मा

❐ प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को मनाया जाता है विश्व नृत्य दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नृत्य केवल कदमों का संयोजन नहीं, बल्कि खुशी, साधना, अभिव्यक्ति और प्रेम का माध्यम है। यह विचार लखनऊ की प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना सौम्या वर्मा ने विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर व्यक्त किए। गौरतलब है कि हर वर्ष 29 अप्रैल को विश्व नृत्य दिवस मनाया जाता है।

इस दिन का उद्देश्य दुनिया भर में नृत्य कला को बढ़ावा देना लोगों को इससे जोड़ना और सरकारों का ध्यान इस ओर आकर्षित करना है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि जब शब्द कम पड़ जाते हैं, तब नृत्य के माध्यम से भावनाएं अभिव्यक्त होती हैं।भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा और वर्तमान में नाट्यसोल अकादमी की डायरेक्टर सौम्या वर्मा ने बताया कि 29 अप्रैल को विश्व नृत्य दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन महान बैले नर्तक जीन जॉर्जेस नोवेरे का जन्म हुआ था, जिन्हें आधुनिक बैले का जनक माना जाता है।उन्होंने आगे कहा कि नृत्य न केवल शरीर को स्वस्थ और सक्रिय रखता है, बल्कि यह तनाव को कम करने के साथ-साथ मानसिक क्षमता को भी बढ़ाता है। नृत्य के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर की भावनाओं को सहजता से व्यक्त कर सकता है।विश्व नृत्य दिवस के इस अवसर पर शहर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और लोगों को नृत्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

## चिनहट में देर रात बिजली संकट, शिकायत पर कुछ देर बहाल फिर पूरी रात कटौती

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । चिनहट क्षेत्र में मंगलवार देर रात बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, कमता पावर हाउस द्वारा की जा रही आपूर्ति रात करीब 11 बजे अचानक ठप हो गई, जिससे पूरे इलाके में अंधेरा छा गया। बिजली कटौती के बाद क्षेत्रवासियों ने 1912 हेल्पलाइन पर कई बार शिकायत दर्ज कराई। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद कई बार सिर्फ महज 5 मिनट के लिए बिजली आपूर्ति बहाल की गई, लेकिन इसके तुरंत बाद फिर से लंबी कटौती पूरी रात चलती रही। इस वजह से स्थानीय निवासी पूरी रात परेशान रहे और उन्हें गर्मी व अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी।स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि जब कमता पावर हाउस का नंबर मिलाने की कोशिश की गई तो वह लगातार व्यस्त (बिजी) आता रहा, जिससे सीधे संपर्क कर समस्या बताना भी संभव नहीं हो सका।

## मौसम ने बदले तेवर, पारा लुढ़का, गर्मी से मिली राहत



**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ट्रांस गोमती क्षेत्र में बुधवार को मौसम ने अचानक करवट लेकर लोगों को बड़ी राहत दी। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोग परेशान थे, लेकिन आज बदले मौसम ने राहत भरी सांस लेने का मौका दिया।दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज धूप के बीच बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। इसके साथ ही हल्की बारिश और ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे गर्मी का असर कुछ कम हो गया और मौसम सुहावना हो गया।बीते दिनों की तपिश ने जनजीवन को काफी प्रभावित कर दिया था। ऐसे में मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को काफी सुकून मिला है और आमजन ने राहत महसूस की है।

## सरकारी भूमि पर बड़ी कार्रवाई, 6.70 करोड़ की जमीन कराई गई मुक्त



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम लखनऊ द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देशन एवं अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर ग्राम–उत्तरधौना, तहसील सदर में नगर निगम की टीम ने अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार ग्राम उत्तरधौना की गाटा संख्या–01, क्षेत्रफल 9.912 हेक्टेयर भूमि चारागाह के रूप में दर्ज है, जो नगर निगम की शासकीय संपत्ति है। इस भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से बाउंड्री वॉल खड़ी कर प्लाटिंग और व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जिससे सरकारी भूमि को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। मौके पर पहुंची नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध बाउंड्री वॉल और अन्य निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार श्री राजेन्द्र कुमार ने किया। उनके साथ राजस्व निरीक्षक श्री प्रदीप गिरि और नगर निगम लेखपाल श्री आलोक कुमार यादव भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान नगर निगम प्रवर्तन दल (ईटीएफ) की टीम भी मौके पर तैनात रही, जिससे कार्रवाई को व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया जा सका। इस अभियान के तहत लगभग 0.640 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार इस जमीन की वर्तमान बाजार कीमत करीब 6 करोड़ 70 लाख रुपये आंकी गई है, जो नगर निगम के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## गृहकर पर 10% छूट का आखिरी मौका 30 अप्रैल तक

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम लखनऊ ने गृहकर जमा करने वाले नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। ऑनलाइन माध्यम से गृहकर जमा करने पर मिलने वाली 10 प्रतिशत छूट का लाभ उठाने के लिए 30 अप्रैल अंतिम दिन है। इसके बाद 1 मई से 31 मई तक यह छूट घटाकर 8 प्रतिशत कर दी जाएगी। ऐसे में करदाताओं के लिए गुरूवार का दिन सबसे अधिक लाभकारी साबित हो सकता है, क्योंकि अधिकतम छूट केवल आज तक ही उपलब्ध है।*ऑफलाइन भुगतान पर भी घटेगी छूट*मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री अशोक सिंह ने बताया कि ऑफलाइन माध्यम से गृहकर जमा करने पर मिलने वाली छूट में भी कटौती की जाएगी। वर्तमान में 8 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जो 1 मई से घटकर 6 प्रतिशत रह जाएगी। इससे साफ है कि ऑनलाइन भुगतान न केवल सुविधाजनक है, बल्कि अधिक छूट का लाभ भी देता है। इसलिए नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे डिजिटल माध्यम अपनाकर समय और धन दोनों की बचत करें।

# निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में गिरी गाय, घंटों बाद रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बे में एक निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में गाय गिरने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि गाय अचानक खुले पड़े बेसमेंट में जा गिरी और काफी देर तक बाहर नहीं निकल पाई, जिससे स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।

घटना की सूचना मिलते ही कस्बा चौकी इंचार्ज अतुल सिंह व एसआई परेवज आलम मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल नगर पंचायत को सूचना देकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।कुछ ही देर में नगर पंचायत मोहनलालगंज की टीम मौके पर पहुंची। सुपरवाइजर राजेश शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू के दौरान सावधानी बरती गई ताकि गाय को किसी प्रकार की चोट न पहुंचे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बेसमेंट खुला होने के कारण यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माणाधीन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।पुलिस व नगर पंचायत की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया और गाय को सुरक्षित बचा लिया गया, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली।

# मिशन नारी शक्ति: निगोहां में भाजपा की रणनीतिक बैठक

❐ ऐतिहासिक सम्मेलन की जोरदार तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। भाजपा निगोहां मंडल की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक बुधवार को आयोजित हुई, जिसमें आगामी नारी शक्ति सम्मेलन को ऐतिहासिक और प्रभावी बनाने के लिए व्यापक रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य और मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष हंसराज रावत ने बताया कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार सम्मेलन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। साथ ही हर शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर गांव-गांव संपर्क अभियान चलाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण को संगठन की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं को पार्टी की नीतियों और योजनाओं से जोड़ने का व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही संगठन विस्तार, बूथ सुदृढ़ीकरण और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि यह सम्मेलन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए हर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटेगा। अंत में सभी ने ल्लनारी शक्ति, देश की शक्तिङ्क का संकल्प दोहराते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा, प्रभाकर सिंह, सज्जन सिंह, अरुण वर्मा, विजय शर्मा, राजिंद्र मौर्य, अनिल दीक्षित, हरिप्रताप सिंह, रामसनेही, दिनेश सैनी, दिनेश कुशवाहा, विशाल बाजपेई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लखनऊ में वीजी पेजेंट्स का शुभारंभ

❐ महिलाओं को मिलेगा पहचान और आत्मविश्वास का मंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । बुधवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वीजी पेजेंट्स लखनऊ का आधिकारिक शुभारंभ किया गया। इस मंच का नेतृत्व मीनाक्षी वत्स और खुशबू चौधरी करेंगी, जिन्हें सिटी डायरेक्टर नियुक्त किया गया है।

कार्यक्रम में बताया गया कि वीजी पेजेंट्स के माध्यम से महिलाओं को एक संगठित मंच उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें आत्मविश्वास, पहचान और आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए संस्थापक एवं नेशनल डायरेक्टर बिनीता श्रीवास्तव ने कहा कि लखनऊ जैसे शहरों में महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए सही दिशा और मंच देना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह पहल महिलाओं को अपनी पहचान बनाने और बड़े स्तर तक पहुंचने का अवसर देगी। वहीं, वीजी के सीईओ डॉ. विश्वास श्रीवास्तव ने कहा कि यह अभियान देश के विभिन्न शहरों में महिलाओं के लिए ऐसे मंच तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सिटी डायरेक्टर मीनाक्षी वत्स ने कहा कि पेजेंट के अनुभव ने उन्हें महिलाओं को आगे बढ़ाने का नया उद्देश्य दिया है और वह लखनऊ की महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कार्य करेंगी। खुशबू चौधरी ने भी इस मंच को महिलाओं के लिए आपसी सहयोग और प्रगति का माध्यम बताया। आयोजकों के अनुसार, इस मंच के तहत मिस, मिसेज और मिस लखनऊ के लिए सिटी लेवल पेजेंट आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही किड्स व टीन फैशन शो, रनवे शो, ग्रूमिंग सेशन और प्रोफ़ेशनल पोर्टफोलियो शूट्स भी कराए जाएंगे।खास बात यह है कि यहां के विजेताओं को वीजी मिस एंड मिसेज इंडिया के राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, जो देश के प्रमुख ब्यूटी पेजेंट्स में शामिल है।

## ओवर टेक के चक्कर में टकराई तीन कारें, चार घायल

लखनऊ। गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में सुल्तानपुर हाइवे पर ओवर टेक करने के चक्कर में तीन कारे आपस में टकरा गई। इस घटना में चार लोग घायल हो गए। चारों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोसाईगंज भेजा गया उसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

गंगागंज में पुलिया के पास मंगलवार रात सुल्तानपुर की ओर से आ रही कार ओवर टेक करने के चक्कर में आगे चल रही कार से टकरा गई। जिससे अनियंत्रित हुई दोनों कारें पलट गई। आर्टिका कार में सवार कुंवर सिंह निवासी सीताकुंड जिला सुल्तानपुर, स्कार्पियो निवासी श्रेठ प्रताप, महेंद्र प्रताप निवासी रकीबाबाद गोसाईगंज घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहाँ से परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है उक्त स्थान पर पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके है जिसमे कुछ स्थानीय लोग और कुछ वहां से गुजरने वाले वाहन सवार राहगीर शालि है।

# आबादी के बीच धधका सेनेटरी गोदाम, प्रशासन की निगरानी पर बड़े सवाल

❐ मुस्लिम नगर में भीषण आग से मचा हड़कंप, चार दमकल गाड़ियों की मशक्कत से टली बड़ी अनहोनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के मुस्लिम नगर में बुधवार शाम सेनेटरी गोदाम में लगी भीषण आग ने पूरे इलाके को दहला दिया। घनी आबादी के बीच भड़की आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के सैकड़ों लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। घटना ने एक बार फिर रिहायशी क्षेत्रों में संचालित गोदामों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नबीकोट नंदना की नई बस्ती स्थित 701 नंबर भवन में 'दुर्गा इंटरप्राइजेज' के नाम से संचालित सेनेटरी गोदाम में शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें आसमान छूने लगीं और काले धुएं का गुबार दूर तक फैल गया। आसपास के घरों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए बाहर निकल आए।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यदि कुछ देर और लग जाती तो आसपास के मकान भी इसकी चपेट में आ सकते थे। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।फायर स्टेशन ऑफिसर प्रशांत साहू ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल टीमें भेजी गईं और समय रहते आग को फैलने से रोक लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### निगरानी तंत्र पर उठे सवाल

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि घनी आबादी के बीच इस तरह के गोदाम लंबे समय से संचालित हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने कभी गंभीरता से जांच नहीं की। लोगों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते निगरानी होती तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था।

### खतरे के साए में रिहायशी इलाके

विशेषज्ञों के अनुसार, आबादी के बीच ज्वलनशील सामग्री का भंडारण हमेशा जोखिम भरा होता है। ऐसे मामलों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन और नियमित जांच आवश्यक होती है। मुस्लिम नगर की घटना ने यह साफ कर दिया है कि लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

# बदायूं के विकास में मील का पत्थर साबित होगा गंगा एक्सप्रेसवे: केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा

❑ केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने कहा कि आजादी के बाद से जितने विकास कार्य 60 सालों में नहीं हुई, उससे ज्यादा विकास कार्य डबल इंजन की सरकार में हुए हैं।

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। प्रधानमंत्री भारत सरकार श्री नरेंद्र मोदी जी ने बुधवार को जनपद हरदोई में आयोजित कार्यक्रम में मेरठ से प्रयागराज तक बनाए गए गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित किया।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्री, अधिकारी व आमजन मौजूद रहे। वहीं जनपद बदायूं के घटपुरी बिनावर इंटरचेंज के समीप आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा व जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि बदायूं के विकास में गंगा एक्सप्रेसवे मील का पत्थर साबित होगा।कार्यक्रम के दौरान जनपद हरदोई में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का संजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों व आमजन ने देखा। उल्लेखनीय है कि गंगा एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2021 में शिलान्यास किया था और एक्सप्रेसवे को तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया गया है और बुधवार को मा0 प्रधानमंत्री ने इसका लोकार्पण कर एक्सप्रेसवे को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रदेश के जनपद मेरठ से प्रारंभ होकर प्रयागराज तक कुल 12 जनपदों से गुजरने वाले 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे की कुल लागत 36230 करोड रुपए है।बदायूं में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने कहा कि आजादी के बाद से जितने विकास कार्य 60 सालों में नहीं हुई, उससे ज्यादा विकास कार्य डबल इंजन की सरकार में हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में विभिन्न एक्सप्रेसवे, फ्लाओवर अन्य विकास कार्य हुए हैं, जिसका सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि पहले मा0 प्रधानमंत्री ने 2 करोड़ दीदीओ को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा था। वर्तमान में दो करोड़ 70 लाख दीदीया लखपति हैं, अब प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की 6 करोड़ दीदीओ को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है, जिस पर कार्य किया जा रहा है।केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बन जाने से लखनऊ व दिल्ली की दूरी कम हुई है, अब कम समय में वहां पहुंचा जा सकेगा। उनका की गंगा एक्सप्रेसवे बन जाने से पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिम उत्तर प्रदेश की बीच की दूरी कम हुई है, इससे व्यापार बढ़ेगा, रोजगार सृजन होगा, किसानों को लाभ होगा व आमजन को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जो कहती है वह पूरा करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों, महिलाओं, पिछड़ों, युवाओं व किसानों को ध्यान में रखकर कार्य करती है तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास को ध्यान में रखकर कार्य करती है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचा रही है साथ ही निशुल्क राशन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के 12 जनपदों से होकर गुजरने वाला गंगा एक्सप्रेसवे बदायूं के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में बदायूं की गिनती पिछडे जनपद के रूप में होती थी लेकिन एक्सप्रेसवे व अन्य विकास कार्य होने से बदायूं प्रदेश के विकास में केंद्र पर होगा। उन्होंने कहा कि जनपद में इस एक्सप्रेसवे के समीप दो औद्योगिक पार्क (गलियारे) भी बनाए जा रहे हैं जिसमें एक घटपुरी बिनावर इंटरचेंज पर व दूसरा डहरपुर दातागंज के समीप बनाया जा रहा है, यहां विभिन्न औद्योगिक गतिविधियां व कारखाने स्थापित होंगे, इससे रोजगार सृजन होगा तथा युवाओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बदायूं विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को अब एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में जाना जाता है तथा गंगा एक्सप्रेसवे बन जाने से करीब 60 प्रतिशत एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में ही होंगे, यह गौरव की बात है।विधान परिषद सदस्य वागिश पाठक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने विभिन्न विकास कार्य किए हैं जिसका सीधा लाभ आमजन तक पहुंचा है। देश व प्रदेश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि देश में बुलेट ट्रेन चलाई जाने पर कार्य चल रहा है जो जल्दी मूर्त रूप लेगा। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री ने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज पर चलेगा, जो की अब सच हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां नाज करेंगी हम पर, की हमने कभी मोदी व योगी का युग देखा था।बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेसवे के बन जाने से समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को भी इसका लाभ होगा, सीधे प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी में स्नान करने का सौभाग्य भी उन्हें प्राप्त होगा। सदर विधायक महेश गुप्ता ने कहा कि अच्छा सोचो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भारत विश्व गुरु बनेगा।दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बदायूं व प्रदेश की तस्वीर व तकदीर बदल देगा। उन्होंने कहा कि जनपद में इस एक्सप्रेसवे पर के समीप दो औद्योगिक गलियारे बनाए जाएंगे।

## ढोल-ढमाकों के साथ सुभासपा के जिला प्रतिनिधि सीए अजय गुप्ता का भव्य स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। सुभासपा (सुहेलदेवभारतीय समाज पार्टी) के नवनियुक्त जिला प्रतिनिधि सीए अजय गुप्ता का जिले में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत में समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। ढोल-नगाड़ों और फूल- मालाओं के साथ कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार अभिनंदन किया।

अजय गुप्ता के आवास से लेकर जिला पंचायत सभागार तक लोगों का तांता लगा रहा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए और फूल बरसाकर उनका स्वागत किया गया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित सम्मान समारोह का मंच संचालन दयाराम वेदपथी ने किया। उन्होंने वेदमन्त्रों के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। तत्पश्चात उन्होंने वक्ताओं को उनके वक्तव्य रखने हेतु मंच पर आमंत्रित किया। इस क्रम सर्वप्रथम उन्होंने सुभासपा के बदायूं जिला अध्यक्ष डॉ राजेश कश्यप को समारोह सभा को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। सुभासपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजेश कश्यप ने अजय गुप्ता को जिला प्रतिनिधि बनाए जाने को पार्टी के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि अजय गुप्ता के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को मजबूती मिलेगी और पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा की का अजय गुप्ता के पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने से सवर्ण समाज में पार्टी की एक स्वच्छ और विशिष्ट छबि बनेगी। इससे पार्टी का जनाधार बढ़ेगा और स्वर्ण समाज के लोग भी अधिकाधिक मात्रा में पार्टी से जुड़कर पार्टी को बदायूं जनपद में मजबूत करने का कार्य करेंगे। वहीं जिला महासचिव विकास वार्ष्णेय ने कहा कि अजय गुप्ता के आने से बदायूँ जिले में सुभासपा की ताकत और प्रभाव में इजाफा होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी समय में पार्टी सफलता एवं लोकप्रियता के नित नए आयाम स्थापित करेगी। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने भी अजय गुप्ता के स्वागत में अपनी बात रखते हुए कहा कि उनके जुड़ने से सवर्ण समाज का पार्टी की ओर रुझान बढ़ेगा, जिससे संगठन और अधिक सशक्त होगा।

## बदायूँ की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी में डॉ. शिशुपाल सिंह अध्यक्ष एवं राजकुमार शर्मा मंत्री निर्वाचित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद, जनपद बदायूँ की जिला कार्यकारिणी का गठन बुधवार को सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। बैठक में डॉ.शिशुपाल सिंह को जिला अध्यक्ष तथा राजकुमार शर्मा को जिला मंत्री निर्वाचित किया गया।नवगठित कार्यकारिणी में संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर अनुभवी प्रधानाचार्यों को दायित्व सौंपा गया।

जिला संयोजक के पद पर रजनीश कुमार राठौर एवं अनीता सिंह को मनोनीत किया गया। जिला उपाध्यक्ष पद पर सूर्यकांत पाठक, डॉ. ज्ञान सिंह यादव, सुजीत कुमार सिंह, श्रीमती अमिता आलोक एवं श्रीमती वीरू सिंह को स्थान मिला।जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सुबोध कुमार मिश्रा को दी गई। संगठन मंत्री पद पर डॉ.राजकमल, डॉ. घनश्याम दास,योगेन्द्र दीक्षित, संजीव कुमार, रामवीर सिंह तथा करतार सिंह को नियुक्त किया गया। संजीव कुमार तोमर को आडिटर बनाया गया। योगेश त्रिपाठी को मीडिया प्रभारी सन्दीप भारती, गणेश गोयल, मंसूर अली,आलोक पाठक,राजेन्द्र प्रसाद एवं कविता रस्तोगी को संरक्षक मनोनीत किया गया। तहसील प्रभारियों में राजीव कुमार शर्मा को बिल्सी, हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव को बिसौली,राम सहाय बिन्दु को सहसवान,राजेश कुमार को दातागंज तथा प्रभात कुमार को बदायूँ तहसील का प्रभार सौंपा गया।रश्मि गुप्ता,शहनाज बानो, सुमन अब्राहम,अतुल कुमार गुप्ता,शेर सिंह,रामप्रकाश एवं रीता साहनी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक गुलनवाज आलम प्रदेश प्रवक्ता सुनील मिश्र तथा वित्त नियंत्रक सुरेश रस्तोगी ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानाचार्य परिषद शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार और प्रधानाचार्यों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी से जनपद में संगठन को नई गति और दिशा मिलेगी। नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉ. शिशुपाल सिंह ने कहा कि परिषद प्रधानाचार्यों की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखेगी और शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करेगी। जिला मंत्री राजकुमार शर्मा ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## डीएम एवं सीडीओ की अध्यक्षता में उर्वरक की समीक्षा बैठक सम्पन्न

❑ बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराय कि जनपद में 17546 मेट्रिक टन यूरिया , 4326 मेट्रिक टन डी ए पी , 18755 मेट्रिक टन एन पी के , 42583 मेट्रिक टन कुल उर्वरक उपलब्ध है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



संभल। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उर्वरक की समीक्षा , जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति और उर्वरक विक्रेताओं के द्वार फार्मर रजिस्ट्री के प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया जिसमें जिला कृषि अधिकारी , उप कृषि निदेशक , मुख्य चिकित्सा अधिकारी , जिला विकास अधिकारी और अर्थ सांख्यिक अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराय कि जनपद में 17546 मेट्रिक टन यूरिया , 4326 मेट्रिक टन डी ए पी , 18755 मेट्रिक टन एन पी के , 42583 मेट्रिक टन कुल उर्वरक उपलब्ध है जनपद में उर्वरक की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है, जनपद में पाँच निजी वर्क विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं एवं 22 विक्रेताओं के विरुद्ध नोटिस जारी की गई है 33 सहकारिता के विरुद्ध नोटिस जारी की गई है अब तक सहकारिता के द्वार कोई जवाब नहीं दिए जाने पर जिला कृषि अधिकारी ने उन्हें दो दिन का अतिरिक्त समय दिया है की साक्ष्य सहित अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करे ।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वार यह भी अवगत कराया गया की अभी फॉस्फ़ेटिक उर्वरक की आवश्यकता कृषकों को न्यूनतम है अतः फास्फ़ेटिक उर्वरक का वितरण नियमानुसार किया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उक्त उर्वरक को कृषकों के बीच वितरित किया जा सके शासन के द्वार दिए गए निर्देशों में 7 बेग यूरिया और 5 बेग फॉस्फ़ेटिक उर्वरक प्रति हैक्टर जोत के अनुसार विक्रय सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्य विकास अधिकारी के द्वार जिला , तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति को यह निर्देशित किया की जनपद में भ्रमण करता हुए यह सुनिश्चित किया जाए की उर्वरक की ओवर रेटिंग , टैगिंग ना हो और कृषकों को सुगमता पूर्वक उर्वरक उपलब्ध होता रहे अगर कोई भी विक्रेता के द्वार अनियमितता की जाती है तो उसके विरुद्ध उचित करवाई की जाए । मुख्य विकास अधिकारी के द्वार फार्मर रजिस्ट्री के संदर्भ में यह निर्देशित किया गया की उर्वरक विक्रेता अपनी पास स्टॉक रजिस्टर के साथ सेल रजिस्टर बनाकर रखेंगे जिसमें उनके द्वार फार्मर रजिस्ट्री का भी उल्लेख किया जाए जिसका समय समय पर समीक्षा होती रहेगी । जिला कृषि अधिकारी एवं उप कृषि निदेशक की उपस्थिति में उर्वरक विक्रेताओं की फार्मर रजिस्ट्री के संदर्भ में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया की अगर उनके दुकान पर कोई क्रेता आ रहा है तो उनका रजिस्ट्रेशन किस प्रकार किया जाए और उनको उर्वरक दिया जा सके ।

### डीएम ने किया भूसा गाड़ियों को गौशाला रवाना, दानदाताओं से मिला था 6 हजार कुंतल भूसा

**फिरोजाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गोवंशों के बेहतर भरण-पोषण और गौशालाओं में चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में 6000 कुंतल भूसे से भरी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि प्रशासन द्वारा प्रगतिशील किसानों और प्रबुद्ध जनों से भूसादान करने हेतु विशेष अनुरोध किया गया था, उन्होंने खुशी जाहिर की कि प्रगतिशील किसानों ने इस अपील को सहज स्वीकार किया। उनके अंशदान का परिणाम है कि आज इतनी बड़ी मात्रा में भूसा एकत्रित हो सका है, यह दान गौवंशों के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है।अभियान के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए जिलाधिकारी ने जोर दिया कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य सुनिश्चित करना है कि जनपद की किसी गौशाला में गौवंशों को चारे की कमी न होने पाए। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और प्रशासनिक सहयोग की अपेक्षा की, ताकि निराश्रित गोवंशों की उचित देखभाल की जा सके।इस अवसर पर प्रमुख दानदाता किसान राजेश कुमार, सतेन्द्र पाल सिंह, अवधेश पाल सिंह, रामसनेही, डूमर सिंह,, चतुरी सिंह, जगतसेठ आदि मौजूद रहे।

### ग्रीष्म ऋतु को लेकर गौ आश्रय स्थलों पर पेयजल, छाया एवं चारा की रहे पर्याप्त व्यवस्था : डीएम

**महोबा,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय गोवंश संरक्षण, अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी गौ आश्रय स्थलों में पेयजल, छाया एवं चारे की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और मानक के अनुरूप व्यवस्थाएं बेहतर करने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए।जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने संबंधित विभागों को बैठक में निर्देशित किया कि सभी गो-आश्रय स्थलों पर मानक के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल, छाया एवं चारे की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। साथ ही, भरण-पोषण से संबंधित भुगतान समयबद्ध रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि छोटे गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को आवश्यकतानुसार बड़े गो-संरक्षण केंद्रों में स्थानांतरित कर बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए गोवंश संरक्षण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। और सभी गौशालाओं को कैमरे से कनेक्ट करने के निर्देश दिए गए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ रंजन सिंह, जिला पंचायज राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी मौजूद रहे हैं।

### बदायूं में भीषण सड़क हादसा: ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से टेंपो चकनाचूर, दो की मौत, तीन गंभीर

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। मूसाझाग थाना क्षेत्र के गुलड़िया गांव के पास, डीएस डिग्री कॉलेज के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली और टेंपो के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो पूरी तरह चकनाचूर हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में टेंपो सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज रफ्तार में थी और अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे टेंपो से टकरा गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया और घायलों को वाहन से बाहर निकाला। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।स्थानीय लोगों की मांग:क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

### अब्दुल्लागंज में 4 मई से शुरु होगी श्रीमद्भागवत कथा

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अब्दुल्लागंज बड़े हनुमान मन्दिर में श्रीम?द्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 4 से 11 मई तक श्री जगन्नाथ धाम नैमिषारण्य सीतापुर पीठाधीश्वर पूज्यपाद् श्रीमज्जजगद्?गुरु रामानुजाचार्य स्वामी रामचन्द्राचार्य महाराज के श्री मुख से होगी। मुख्य यजमान ओमप्रकाश शर्मा रहेंगे। बड़ा हनुमान मन्दिर महंत कमला कान्त महाराज और राजीव लोचन महाराज ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रीम?द्भागवत कथा दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक होगी। 4 मई को सुबह 8 बजे से पीतवस्त्र धारी मातृशक्तियों औरश्र्वेव कन्याओं द्वारा सुसज्जित झांकियों के साथ भव्य कलश यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों से निकाली जाएगी। मुख्य चौराहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। कलश यात्रा के बाद कथा शुरु होगी। इस कथा में दूर दराज के साधु-संत और भक्तजन पहुंचेंगे। कथा की तैयारियों में धर्मेंद्र कुमार शर्मा, ममता शर्मा, विपिन कुमार शर्मा, आरती शर्मा, अजब सिंह यादव व ग्रामीणजन लगे हुए हैं।

### खैराबाद में नजूल भूमि पर कब्जों का खेल! कुछ सभासदों पर गंभीर आरोप

**सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** के खैराबाद नगर पालिक क्षेत्र में नजूल भूमि, तालाब, खलियान और सार्वजनिक रास्तों पर अवैध कब्जों को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। अलग-अलग वार्डों के सभासदों और उनके करीबियों पर सरकारी जमीनों पर कब्जा कर आलीशान मकान, गोदाम और प्लाटिंग करने के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया जा रहा है।वार्ड माखुपुर निवासी लोगों का आरोप है कि सभासद विष्णु ने ग्राम उसौली में खलियान की जमीन पर कब्जा कर रखा है। वहीं ग्राम पाठकपुर में नवीन परती और बाग की जमीन पर भी अवैध कब्जा कर लोगों के आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया गया। नगर वासियों का कहना है कि वर्षों से इस्तेमाल हो रहे रास्ते पर जेसीबी चलवाकर मेड चढ़ा दी गई, जिससे खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं, तालाब की जमीन पर भी आलीशान मकान खड़ा होने का आरोप लगाया गया है। स्थानीय निवासी आदर्श कुमार ने आरोप लगाया कि सभासद विष्णु के विरोध में बोलने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। वहीं कीर्ति सागर ने भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ल्पावर और राजनीतिक दबदबे के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो रही। सार्वजनिक रास्ते बंद कर दिए गए हैं और कई जगह सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया है।इधर हटोरा वार्ड में भी सभासद प्रतिनिधि रिजवान पर बाल्मीकि मंदिर की जमीन और रास्ते पर कब्जा कर ल्एस एस इंटर प्राइजेजङ्ख के नाम से बड़ा गोदाम बनाने का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रास्ते तक पर टीन शेड डालकर कब्जा कर लिया गया है। नगरवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि करीब 20 बीघा नजूल भूमि पर कब्जा किया गया, जबकि पूर्व सभासद रहे रिश्तेदारों के संरक्षण में लगभग 50 बीघा सरकारी जमीन की प्लाटिंग कर बेच दी गई।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चन्दौसी। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन एवं जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी आदेशानुसार तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी के नेतत्व में आज दिनांक-29.04. 2026 को एफ. आर. इण्टर कॉलिज चन्दौसी जनपद सम्मल में एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के माध्यम से छात्रों को उनके विधिक अधिकारों 15100 टोल फ्री नम्बर, ड्रग्स और अल्कोहल की लत के दुष्परिणामों, बाल विवाह के दुष्प्रभावों, पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों, पीडित क्षतिपूर्ति योजना, राष्ट्रीय लोक अदालत, पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर्स द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्ता, घरेलू हिंसा, श्रमिक कानून आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी।उक्त शिविर में उपस्थित छात्रों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल चन्द्रपाल सिंह, कॉलिज के प्रधानाचार्य वसीम उद्दीन अध्यापकगण वाहिद हुसैन, रफीक मिया, अब्दुल जहीद, मौहम्मद नाजिर, मौहम्मद हनीफ, पराविधिक स्वंयसेवक पूजा तिवारी, अतुल चौहान लोकेश कुमार रमांकत शर्मा अंशु राघव तथा कॉलिज के समस्त छात्र उपस्थित रहें।

## डीएम की दो टूक, सीएम कृषक दुर्घटना बीमा योजना में लापरवाही पर कार्रवाई तय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में ''मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना'' में प्राप्त दावे की विस्तृत समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक बृजपाल सिंह, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह मौजूद रहे।

वही अन्य एसडीएम वर्चुअल शामिल हुए।डीएम अंजनी कुमार सिंह ने तहसीलवार दावों की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों से सीधे सवाल-जवाब किए और स्पष्ट निर्देश दिए कि लेखपालों को अपने-अपने क्षेत्रों में बैठक कर यह सुनिश्चित करना होगा कि जिन परिवारों की आजीविका कृषि या खेतिहर मजदूरी पर आधारित है और जिनकी दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है, उनके आश्रितों को इस योजना का लाभ हर हाल में मिले।उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि दुर्घटना मृत्यु के मामलों में दावा समय से प्रस्तुत न होना गंभीर लापरवाही मानी जाएगी और संबंधित लेखपाल की जिम्मेदारी तय की जाएगी। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि लेखपालों का नैतिक दायित्व है कि अपने सर्किल में ऐसी किसी भी घटना की स्थिति में प्रभावित परिवार को तत्काल दावा प्रक्रिया से जोड़ें।डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि यह शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील योजना है, जिसका उद्देश्य किसानों और खेतिहर मजदूरों के परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। इसलिए एक भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।उन्होंने तहसील से प्राप्त रिपोर्टों की भी विस्तार से समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी एसडीएम नियमित मॉनिटरिंग करें तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

## राहत शिविरों, बाढ़ नियंत्रण कक्षों को अभी से रखें सक्रिय : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




देवरिया । जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारियों के एक-एक बिंदुओं की गहन समीक्षा की गयी तथा तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्व में ही सुनिश्चित किये जाने के कड़े निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने इस कार्य में किसी भी लापरवाही के लिए चेताते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर कोई कमी पायी जायेगी तो जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ तटबंधों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के साथ ही रेनकट व बंधों में शाही होल आदि को चिन्हित कर प्राथमिकता के साथ उसे ठीक कर लिये जायें। बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी नई कार्य परियोजनाओं को प्रत्येक दशा में निर्धारित समय के पूर्व ही उसे पूर्ण कर लिया जाये। आवश्यकता अनुरूप बोल्डर, जियोबैग एवं अन्य आवश्यक जरूरी सामानों की उपलब्धता भी रखे जाने का निर्देश अधिशासी अभियंता बाढ़ को उन्होंने दिए। नाव व नाविकों, गोताखोरों का भी चिन्हांकन कर उन्हें प्रत्येक दशा के लिए मुस्तैद रखने के भी निर्देश दिए। उनका भुगतान लंबित न रहे, इस पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाये।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्र के तटबंधों व संवेदनशील स्थलों का भी निरीक्षण कर लें। आपदा राहत से जुड़े आवश्यक सामानों की टेंडर प्रक्रिया भी समयपूर्व ही पूर्ण कर लिये जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राहत शिविरों को भी चिन्हित कर लिये जाये तथा बाढ़ नियंत्रण कक्षों को अभी से ही सक्रिय रखा जाये तथा कर्मियों की ड्यूटी लगा दी जाये।जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि हैंडपंपों का निरीक्षण कर लें, जो भी खराब हो उसे रिबोर करा लें तथा उथले हैंडपंपों पर लाल निशान लगवायें कि इसका पानी लोग पीने के लिए प्रयोग न करें। दूषित जलों से बीमारियां फैलती हैं। पशुओं के चारे की व्यवस्था के तहत भूसा व साइलेज की उपलब्धता भी रखे जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नगर निकाय व पशुपालन विभाग टेंडर की प्रक्रिया में यह विशेष रूप से ध्यान देंगे कि इसमें एकरूपता बनी रहे। किसी प्रकार की कोई विसंगति न उत्पन्न हो। विद्युत विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लटके एवं ढीले तारों को चेक कर उसे ठीक कराये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं एवं टीकाकरण हेतु बच्चों को सूचीबद्ध किये जाने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मेडिकल टीम को सक्रिय रखने का भी निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया। उन्होंने लाइफ जैकेट, एंटी स्नेक वेनम, राहत सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने का भी निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ पूर्व की की गयी तैयारियां ही बाढ़ आने पर कार्य आती हैं, इसलिए सभी विभाग अपने से संबंधित कार्य आवश्यकताओं की योजना बना कर उस पर अभी से कार्य करें, ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति में किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने बाढ़ के समय तटबंधों की सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक पहलुओं पर पुलिस विभाग से संबंधित तैयारियों से अवगत कराया। अधिशासी अभियंता बाढ़ राधे श्याम प्रसाद ने बताया कि जनपद में 12 नई बाढ़ निरोधी कार्य परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिसे 15 जून 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जनपद में कुल 40 तटबंध हैं, जिनकी लंबाई 241.048 किलोमीटर है। इसके अलावा 56 ड्रेन लंबाई 734.78 किलोमीटर, 27 रेगुलेटर हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप से जुड़े अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

देवरिया । जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का बाह्य मासिक निरीक्षण बुधवार को किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में रखी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने फायर सेफ्टी, गार्ड की तैनाती, डबल लॉक व्यवस्था और सीलन जैसी व्यवस्थाओं को विशेष रूप से जांचा और निर्देश दिया कि सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। गार्डों को हमेशा सतर्क रहने और अग्निशमन यंत्रों को पूरी तरह क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही वेयरहाउस में नमी या सीलन न हो, इस पर विशेष ध्यान देने को कहा।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, निर्वाचन विभाग के अधिकारी विजय पाण्डेय, निर्मल सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोंडा में बीच सड़क पर खड़े होते है वाहन फुटपाथ पर सजती दुकाने, जाम से जूझते राहगीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । शहर में जाम की समस्या आम होती जा रही है।शहर में यातायात की अव्यवस्था से पूरे दिन लो ग जूझते रहते हैं। गुरुनानक चौक से सरकारी बस स्टॉप के दो सौ मीटर दूरी में भले ही दो पुलिस चौ की हो लेकिन इसका असर सड़कों पर नहीं दिख ता है। सड़कों पर ही टैक्सी के वाहन जमे रहते हैं और फिर जाम की स्थिति से लोगों की मुश्किलें ब नी रहती हैं। इसी तरह एलबीएस चौराहे का भी हा ल है यहां यातायात व्यवस्था सुधारने में होमगार्ड पूरे दिन हांफते नजर आते हैं। उनके संकेतों को स मझने की फुर्सत वाहन चालकों को नहीं होती और जाम से दो-चार होना पड़ता है।शहर की यातायात व्यवस्था टैक्सी वाहन चालकों की दबंगई की भेंट चढ़ गई है और यातायात पुलिस सिर्फ चंद दुकान दारों को फटकारकर कोरम पूरा कर रही है।गुरुना नक चौराहे से बस स्टॉप,चौक बाजार, गुरु नानक चौराहे से लेकर जिला महिला अस्पताल तक,लख नऊ रोड व स्टेशन रोड की तरफ वाहन जाते और आते हैं। यहीं पर सबसे अधिक वाहनों का दबाव रहता है।गुरुनानक चौराहे से बस स्टॉप तक हर रो ज एक से सैकड़ो वाहन जमे रहते हैं।दो पुलिस चौ की होने के बाद भी सड़कों पर जमे वाहनों को को ई फर्क नहीं पड़ता है।खुलेआम प्राइवेट टैक्सी वा ले वाहनों की बुकिंग कर सवारियां ढोते रहते हैं। इसी से यहां पर जाम की स्थिति रहती हैं।यहां पर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के गेट पर ही बड़ी सं ख्या में वाहनों को मेला रहता है और स्कूल के गेट से अंदर घुसने में सांसत बन जाती है।स्थिति यह है कि स्कूली बच्चों को इस समस्या का रोज सामना करना पड़ता है।पुलिस चौकी के लोग और याता यात पुलिस सिर्फ खानापूर्ति करती रहती है।गुरुना नक चौराहे से बहराइच रोड जाने से कतराते हैं लो ग गुरुनानक चौराहे के पास से बस स्टॉप तक वाह नों के कारण लगने वाले जाम से लोग खासे परेशा न हैं।बस स्टॉप के पास तो सरकारी वाहनों का द बाव तो रहता ही है,प्राइवेट वाहनों की भीड़ भी रह ती है। इससे जाम की स्थिति यह रहती है कि लोग बहराइच रोड पर जाने तक से लोग कतराते हैं जा म की स्थिति यह रहती है कि सड़क पर ही वाहन खड़े कर लोग सवारियां भरते हैं और बाइक तक निकलने में जद्दोजहद करनी पड़ती है।

### एलबीएस चौराहे पर जाम से जूझते हैं लोग,हांफ ते हैं होमगार्ड

जिले का सबसे अहम चद्चौराहा एलबीएस डिग्री कॉ लेज चौराहा है,यहां पर पूरे दिन जाम की स्थिति र हती है।चौराहे पर यातायात व्यवस्था के लिए होम गार्ड लगे तो हैं लेकिन वह कारगर नही हो पाते हैं। काफी कोशिश के बाद भी वाहन चालक संकेतों को नही मानते हैं और फिर राहगीरों को जाम का सामना करना पड़ता है।इससे डिग्री कॉलेज तक जाम की स्थिति हो जाती है।

### नगर कोतवाली के सामने बैंक पर पार्किंग न होने से जाम का रहता है झाम

कोतवाली नगर के सामने बैंक ऑफ़ बडौदा और भारतीय स्टेट बैंक है, यह मुख्य शाखा होने से यहां काफी भीड़ रहती है।पार्किंग की सुविधा न होने से यहां सड़क पर ही वाहन खड़े किए जाते हैं और इ सके कारण जाम की स्थिति दोनो तरफ बन जाती है,अक्सर यह स्थिति सुबह 11 बजे से चार बजे के बीच होता है।छुट्टियों के दिन को छोड़ दें तो यहां से निकलना आसान नहीं है। सड़क तक बैंक का गेट हैं और फिर सड़क पर उपभोक्ताओं के वाहन खड़े होते हैं।

### दुखहरणनाथ मंदिर से जिलाअस्पताल तक सड़क

निजी वाहनों का कब्जा,राहगीर परेशान... आम स्थानों पर छोड़ दीजिए,यहां तो बीच सड़क पर चलना आसान नही है।शहर के बीचों-बीच जि लाअस्पताल को ले लीजिए,यहां पर सुबह सात ब जे से ही बीच सड़क पर निजी वाहनों कि पार्किंग से आधी सड़क कब्जा हो जाता है।वही निजी वाह न चालकों का कहना है कि वह दुकान के सामने ख़डी कर रहे है,जिलाअस्पताल के मुख्य गेट पर मरीज और तीमारदारों का निकलना मुश्किल हो जाता है वहाँ पूरे दिन ई-रिक्शा चालक अस्पताल के मुख्य गेट पर खड़े होकर सवारियां भरते रहते है डॉक्टर, मरीज और तीमारदार हों या फिर आम लोग हों जिलाअस्पताल में जाना आसान नही है। वही राहगीरों का कहना है कि यातायात व्यवस्था सुधारने की पहल होनी चाहिए।शहर के लोगों की मांग है कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए वि शेष पहल की जरूरत है।अनूप सिंह कहते हैं कि सड़कों पर वाहनों के खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। इसे दूर करना चाहिए और यातायात व्यवस्था नये सिरे से बनाई जाए।अमन कुमार का कहना है कि दुकानदारों को पार्किंग बनवाना चा हिए या फिर गोंडा नगर पालिका परिषद को भी वाहन अड्डा के लिए एक स्थान तय किया जाना चा हिए।इसके अलावा पुलिस को सड़कों पर खड़े हो ने वाले वाहनों को हटवाया जाना चाहिए।पवन कु मार कहते हैं कि चौराहों पर पुलिस की पर्याप्त व्य वस्था नहीं है और जो पुलिसकर्मी लगे भी वह सि र्फ दो पहिया वाहनों की ही जांच करते हैं।राजेश कहते हैं कि यातायात पुलिस हर चौराहे पर हो औ र यातायात के लिए बड़े शहरों की तर्ज पर व्यव स्था बनाई जाए।रमेश कुमार का कहना है कि अ धिकारियों को एक ऐसी व्यवस्था तय करनी चाहि ए कि आम लोगों को राहत मिले।जाम से लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

# अमृत सरोवरों एवं तालाबों को भरने के लिए संचालित किया जा रहा है अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । विभिन्न माध्यमों से जनपद के अमृत सरोवर/तालाबों में जल की उपलब्धता की समस्या संज्ञानित होने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जल विहीन सरोवरों/तालाबों को तत्काल चिन्हित कराकर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था संचालित करके तालाबों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए जिससे आमजनमानस के साथ-साथ मवेशियों एवं पशु पक्षियों को पानी की समस्या न होने पाये। उपायुक्त श्रम रोजगार रवि शंकर पाण्डेय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में समस्त खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जल विहीन सरोवरों/तालाबों का चिन्हांकन कर जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के कार्य का अनुश्रवण किया गया। खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा सरोवरों का चिन्हांकन करके कन्वर्जेन्स एवं स्थानीय लोगों के प्रयास से पम्पसेट आदि के द्वारा अमृत सरोवर/तालाब में जल भराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराई गयी। श्री पाण्डेय ने बताया कि जनपद के सभी विकास खण्डों विशेष रूप से बलहा, कैसरगंज, पयागपुर, फखरपुर, रिसिया, शिवपुर, तेजवापुर एवं विशेश्वरगंज में पशु/पंक्षियों के लिए पीने के पानी की उपलब्धता हेतु अभियान चलाते हुए लगभग 59 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरो में जल भरा दिया गया है।

# अमरनाथ यात्रा हेल्थ सर्टिफिकेट बनवाना अग्नि परीक्षा से कम नहीं, लंबी कतारों से श्रद्धालु परेशान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । बाबा बर्फानी के दर्शन की चाह पूरी करने के लिए हेल्थ सर्टिफिकेट का होना अनिवार्य है।मगर श्रद्धालुओं के लिए यह सर्टिफिकेट बनवाना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।कारण बाबू ईश्वर शर ण जिला चिकित्सालय में किसी भी डॉक्टर की ड्यूटी नहीं लगाई गई है।इसलिए सभी डॉक्टरों को अपने नियमित मरीजों को देखने के साथ ही अमर नाथ यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का भी चे कअप करना पड़ रहा है।स्थिति यह है कि मेडिसि न डॉक्टरों के कमरे के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं।

### हर कमरे के बाहर लंबी कतार

श्रद्धालुओं को पहले पर्चे बनवाने की लाइन फिर डॉक्टर तक पहुंच कर चेकअप कराने के लिए ला इन लगानी पड़ रही है।डॉक्टर तक पहुंचने में ही एक से दो घंटे का समय लग रहा है।मरीज छपिया निवासी रानी,करनैलगंज निवासी रोहित,महेश, रे खा ने बताया कि हमें अपना चेकअप कराने के लि ए हर कमरे में आना-जाना पड़ रहा है। एक कमरे में डॉक्टर को दिखाने के बाद दूसरे कमरे के बाहर लाइन में लगना पड़ रहा है।

### यात्रा वालों की अलग व्यवस्था की मांग

आलम यह है कि जब तक ईसीजी कराने के लिए आता है तब तक ओपीडी का समय खत्म हो जा ता है।लिहाजा उन्हें ईसीजी के लिए दूसरे दिन दो बारा आकर जांच करानी पड़ रही है।लोगों का कह ना था कि सोमवार,मंगलवार को भी आए थे।आज सभी काम पूरा हो गया है।लोगों ने मांग की है कि अमरनाथ यात्रियों के लिए अलग से व्यवस्था कर नी चाहिए,ताकि उन्हें मरीजों के साथ लाइन में न लगना पड़े।

### डॉक्टर भी हो रहे परेशान

अमरनाथ यात्रियों के लिए से डॉक्टर नियुक्त न होने के कारण डॉक्टर को मरीजों के साथ-साथ यात्रा करने वाले लोगों के भी हेल्थ सर्टिफिकेट ब नाना पड़ रहा है।जिसके चलते कमरों के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लग रही है।डॉक्टर का कह ना था कि हम लोग मरीज देखे या फिर हेल्थ सर्टि फिकेट बनाएं।

# 21 करोड़ रूपए के बैंक घोटाले के आरोपियों को पकड़ने में गोंडा पुलिस के छूट रहे पसीने

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### बैंक घोटाले के आरोपियों के मोबाइल लोकेशन प र गोंडा पुलिस निर्भर,आरोपी खुलेआम घूम रहथे

### बैंक घोटाले के आरोपियों का जलवा किसी बड़े नेताओं से कम नहीं

गोंडा । जिले के यूपी कोऑपरेटिव बैंक की बड़गांव शाखा में हुए 21.47 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले में नामजद सोलह में से दस आरोपी साढ़े तीन म हीने से फरार चल रहे हैं। गोंडा की नगर कोतवाली पुलिस आरोपियों को ढूंढने में पसीने छूट रहे हैं चौं काने वाली बात यह है कि कुछ बैंक घोटाले के फ रार आरोपी खुलेआम पूर्व सांसद और मौजूदा वि धायक के साथ खुले आम मंच साझा करते देखे जा रहे हैं।वही अब सवाल यह उठता है कि क्या इसी के डर से गोंडा पुलिस बैंक घोटाले के आरोपी को गिरफ्तार करने से पीछे हट रही है,वही यह मा मला फर्जी दस्तावेजों के सहारे गलत तरीके से 21 . 47 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े और घोटाले से जु ड़ा है।लेकिन गोंडा पुलिस कहना है बैंक घोटाले के आरोपियों की मोबाइल की लोकेशन नहीं मिल र ही है अपना मोबाइल सिम बंद कर लिए हैं।लेकिन पुलिस के सामने ही बैंक घोटाले के आरोपी मंच

पर बैठकर पूर्व सांसद और मौजूदा विधायक का स्वागत कर रहे हैं और यह सब कार्य पुलिस के सा मने हो रहा है और पुलिस कहती है बैंक के घोटाले के आरोपी ढूंढे नहीं मिल रहे हैं।गोंडा नगर कोतवा ली में इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था।बी ते 12 जनवरी से ही नगर कोतवाली पुलिस इस पू रे फ्रॉड की जांच कर रही है।फरार चल रहे आरोपि यों में तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय तत्कालीन प्रबंधक सुशील कुमार,तत्कालीन सहायक कैशिय र पवन कुमार शामिल हैं।इनके अलावा खाताधा रक सुमित्रा पाल,संजना सिंह,राज प्रताप सिंह, ज य प्रताप सिंह,फूल मोहम्मद,रितेंद्र पाल सिंह,गीता देवी वर्मा,दुष्यंत प्रताप सिंह,मोहम्मद असलम और प्रतीक कुमार सिंह भी शामिल हैं। इस पूरे घोटाले और फ्राड ही नहीं बल्कि कई और भी मामले हैं मा मलों की भी जांच नगर कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने जां च में इस फ्रॉड और घोटाले की पुष्टि की है,आरोपि यों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमों को ल गाया गया है,सवाल या उठना लाजिमी है कि क्या गोंडा पुलिस बैंक घोटाले के आरोपियों को आंख बंद करके ढूंढ रही है इसलिए पुलिस को अभी त क सफलता नहीं मिल रही है।अपराध निरीक्षक स भाजीत सिंह का सिर्फ एक ही रटा - रटया बयान आता है कि फरार बैंक घोटाले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार टीमें लगी हुई हैं।उन्होंने कहा कि आरोपी अपने मोबाइल फोन बंद करके फरार चल रहे हैं,जिससे उनकी गिरफ्तारी में दिक्कत आ रही है।सभाजीत सिंह ने यह भी कहा कि यदि कोई आरोपी किसी नेता के साथ घूम रहा है,तो उसकी गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किया जा रहा है,हालांकि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है।लेकिन पुलिस पर सवाल या उठना है 12 जनवरी 2026 को मुकदमा पंजीकृत होता है और बैंक घोटाले का आरोपी 26 जनवरी को खुले आ म पुलिस कर्मियों के सामने नेता ओं के साथ मंच साझा कर उनका स्वागत करते हैं,तब क्या पुलिस को बैंक घोटाले का आरोपी नहीं दिखाई दे रहे है।

# प्राइवेट स्कूलों पर जिलाधिकारी सख्त,किताब,ड्रेस खरीद पर दबाव नहीं बना सकेंगे स्कूल प्रबंधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### राष्ट्रीय छात्र पंचायत के पदाधिकारिओ के विरोध का दिखा असर,प्राइवेट स्कूलो पर जिलाधिकारी हुई सख्त

गोंडा । जनपद में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को ले कर को बुधवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में बड़ा एक्शन लिया गया है।इस एक्शन के बाद अब जनपद के प्राइवेट स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कॉपी कि ताब और यूनिफॉर्म की खरीदारी को लेकर मिल र ही शिकायतों का संज्ञान लिया।बैठक में जिलाधि कारी ने सख्त निर्देश दिए कि विद्यालय प्रबंधन छा त्रों और अभिभावकों पर किसी निश्चित दुकान से पुस्तकें, कॉपियां या यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव न हीं बनाएगा।शिकायत मिलने पर संबंधित विद्याल य और दुकान संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवा ई की जाएगी।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वि द्यालय प्रबंधन द्वारा वर्ष भर विभिन्न कार्य क्रमों उत्सवों या अन्य गतिविधियों के नाम पर अभिभाव कों से किसी भी प्रकार की अवैध शुल्क वसूली न हीं की जाएगी।उल्लंघन पाए जाने पर जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई होगी।इसके अतिरिक्त, जि लाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विद्यालय प्रबंधन को छात्रों और अभिभावकों से वर्षभर में लिए जाने वा ले सभी शुल्कों की रसीद देनी होगी। रसीद न देने वाले विद्यालयों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि ''यह सभी चीजें अवैध हैं जो आप लोग नियम ल गा देते हैं कि इस दुकान से लेना है,इस दुकान से लेना है। इस तरीके से अब गोंडा जनपद में नहीं चलेगा।'' उन्होंने प्रत्येक वर्ष अनावश्यक रूप से यूनिफॉर्म,पुस्तक और कॉपियां बदलने की प्रवृत्ति पर भी रोक लगाने का निर्देश दिया।ऐसा करना अ भिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालता है, जो स्वीकार्य नहीं है।इन सभी निर्देशों का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी,जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिया कि सभी,वि कासखंडो के विद्यालयों के लिए नोडल अधिकारी नामित कर जांच कराई जाएगी।दरअसल,गोंडा में राष्ट्रीय छात्र पंचायत के द्वारा लगातार इसका विरो ध किया जा रहा था,जिसका अब असर दिखा है। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे य ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया है उन्होंने क हा कि जो एक्शन बैठक में लिया गया है उसका अ सर धरातल पर दिखाई देना चाहिए तभी माना जा एगा ऐ नहीं कि सिर्फ कागजों में ही आदेश दिखे धरातल पर भी दिखना चाहिए।

# मंगलम गैस प्रतिष्ठान पर उपभोक्ताओं के लिए धूप में गुड और पानी की बेहतर व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । आवास विकास कच्चे बाबा मार्ग पटेल नगर में स्थित मंगलम गैस प्रतिष्ठान अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं लागू की हैं। एजेंसी व गोदाम पर आने वाले उपभोक्ताओं के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है ताकि उन्हें तेज धूप में इंतजार न करना पड़े। सके साथ ही ग्राहकों के लिए गुड़ और पीने के पानी की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।गैस वितरण प्रक्रिया को एजेंसी प्रबंधन ने सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है,और सभी ग्राहकों को बारी-बारी से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे है जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़भाड़ की स्थि ति न बने। इस कुशल प्रबंधन से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली और उन्होंने एजेंसी संचालक के प्रयासों की सराहना की। मंगलम गैस प्रतिष्ठा के संचालक देवेंद्र प्रताप सिंह (डीपी सिंह ) ने बताया कि उपभोक्ताओं को सुविधाजनक वातावरण प्रदा न करना उनकी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि ग र्मी के मौसम को देखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है ताकि किसी को भयंकर गर्मी और लू में परेशानी का सामना न करना पड़े।एजेंसी के स्टाफ ने भी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपू र्ण भूमिका निभाई।इन कर्मचारियों ने ग्राहकों को सहज और सम्मानजनक सेवा प्रदान की।मौके पर मौजूद उपभोक्ता ओम प्रकाश वर्मा,शिव कुमार, रा म कुमार,रमेश तिवारी,सहित सैकड़ो उपभोक्ताओं ने एजेंसी प्रबंधन की इस पहल की सराहना की है ग्राहकों ने बताया कि इस व्यवस्था से उन्हें काफी राहत मिली है और वितरण प्रक्रिया भी पारदर्शी व सुव्यवस्थित बनी रही।स्थानीय लोगों का मानना है कि मंगलम गैस प्रतिष्ठान द्वारा की गई यह पहल अन्य गैस एजेंसियों के लिए भी प्रेरणादायक है औ र इसे एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

# सचल क्रय केन्द्रों को सक्रिय कर गेहूॅ खरीद की प्रगति को बढ़ाया जाय: नोडल अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### गेहूॅ क्रय केन्द्रों व एस.डब्ल्यू.सी. रिसिया डिपो का किया औचक निरीक्षण

बहराइच । मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत गेहू खरीद वर्ष 2026-27 हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव, आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश शासन हरिकेश चौरसिया आई.ए.एस. ने जनपद का भ्रमण कर खाद्य तथा रसद विभाग के पयागपुर एवं रिसिया मण्डी स्थित गेहूॅ कय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, देवीपाटन सम्भाग, गोण्डा चन्द्रभान यादव एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी रूपेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

गेहूॅ क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी श्री चौरसिया ने क्रय केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौजूद कृषकों से क्रय केन्द्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने क्रय केन्द्र पर मौजूद कृषकों से वार्ता कर गेहूॅ खरीद कार्य के सम्बन्ध में फीड बैक प्राप्त करते हुए किसानों को प्रेरित किया कि वे अपनी उपज को गेहूॅ क्रय केन्द्रों पर बेच कर सरकार द्वारा निर्धारित रू. 2,585=00 प्रति कुण्टल का समर्थन मूल्य प्राप्त करें। श्री चौरसिया ने गेहूॅ क्रय केन्द्र पर मौजूद किसानों को प्रेरित किया कि शीघ्र शीघ्र किसान आई.डी. बनवा लें ताकि भविष्य में उन्हें सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ से वंचित न होना पड़े।

नोडल अधिकारी ने सम्भागीय खाद्य नियंत्रक एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त क्रय केन्द्रों शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबन्द रखी जाये। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। गेहूॅ क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों के साथ सम्मानजनक ढंग से मित्रवत व्यवहार किया जायेगा। यदि कहीं पर कोई तकनीकी समस्या आती है तो विभागीय अधिकारी उसका निराकरण कराते हुए गेहूॅ की खरीद सुनिश्चित करें। ग्रीष्म ऋतु को मद्देनजर रखते हुए नोडल अधिकारी ने सभी क्रय केन्द्रों पर छाया व पेयजल की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। गेहूॅ क्रय केन्द्र के निरीक्षण के पश्चात नोडल अधिकारी श्री चौरसिया ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति रिसिया स्थित एस.डब्ल्यू.सी. रिसिया डिपो का भी निरीक्षण कर गेहूॅ उतार की समीक्षा की गयी। नोडल अधिकारी को जानकारी दी गई जनपद में अब तक 2312 कृषकों से 15665.45 मी. टन गेहूं खरीद हो चुकी है। खरीद के सापेक्ष कृषकों को धनराशि रू. 4080.84 लाख का भुगतान किया जा चुका है। जनपद की कुल खरीद के सापेक्ष 5624.21 मी.टन गेहॅू भारतीय खाद्य निगम डिपो में सम्प्रदान हो चुका है।

नोडल अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्यके कय केन्द्र पर किसान सम्पर्क रजिस्टर रखा जाय तथा व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जाय तथा किसानों को प्रेरित किया जाय कि वे अपने उपज क्रय केन्द्र पर बिक्री करें। जनपद में गेहूॅ क्रय प्रगति को बढ़ाने के लिए नोडल अधिकारी द्वारा सचल क्रय केन्द्रों को सक्रिय करने का निर्देश दिया गया ताकि जिससे मौके पर जाकर भी उपज की तौल की जा सके। श्री चौरसिया ने गेहूॅ क्रय कार्य में लघु एवं सीमान्त कृषकों को प्राथमिकता प्रदान करने का निर्देश दिया। नोडल अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत किया कि किसी भी क्रय केन्द्र पर घटतौली जैसी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

# शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं दिव्यांग

बहराइच । दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अन्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर रू. 15,000=00 एवं महिला के दिव्यांग होने पर रू. 20,000=00 तथा यदि दम्पति (पति-पत्नी) दिव्यांग हैं तो रू. 35,000=00 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। योजना हेतु ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ हो। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र धारक ऐसे युवक जिनकी शादी के समय आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई भी सदस्य आयकर दाता न हो। आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, संयुक्त खाता, शादी कार्ड एवं विवाह के समय का संयुक्त फोटो आदि अभिलेख के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डॉ. कुमार ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय में यथाशीघ्र उपलब्ध करा दें।

# पूरनपुर में अवैध खनन का बड़ा खेल उजागर, प्रशासन की सख्ती बेअसर

## मुझा इलाके में दिन-रात मिट्टी खनन, कलीनगर तहसील में माफिया बेखौफ—स्थानीयों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।पूरनपुर क्षेत्र में अवैध खनन का बड़ा खेल सामने आ रहा है मुझा क्षेत्र में खुलेआम मिट्टी खनन का कारोबार दिन-रात जारी है। जिला प्रशासन और डीएम की सख्ती के बावजूद खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बिना किसी डर के प्रशासनिक आदेशों को चुनौती दे रहे हैं सूत्रों के अनुसार, मुझा रोड से बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन कर ट्रैक्टर-ट्रालियों के जरिए माधोटांडा रोड तक ढुलाई की जा रही है। शाम ढलते ही इलाके में ट्रैक्टर-ट्रालियों की गड़गड़ाहट शुरू हो जाती है, जो देर रात तक जारी रहती है हैरानी की बात यह है कि यह अवैध खनन रिहायशी इलाकों के बेहद करीब किया जा रहा है कलीनगर तहसील क्षेत्र के डागा पुल के सामने प्लेटो पर मिट्टी डाली जा रही है, जिससे पूरे इलाके में अवैध खनन का नेटवर्क सक्रिय नजर आ रहा है स्थानीय लोगों का आरोप है कि दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियां बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रही हैं इनसे उड़ती धूल स्कूली छात्र-छात्राओं और राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है खनन माफियाओं द्वारा उपजाऊ कृषि भूमि का तेजी से दोहन किया जा रहा है खेतों का सीना चीरकर मिट्टी निकाली जा रही है, जिससे जमीन बंजर होती जा रही है। किसानों के भविष्य पर भी इसका गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है अवैध खनन से जहां एक ओर पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं सरकारी राजस्व को भी बड़ा चूना लग रहा है सड़कों की हालत खराब हो रही है और प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है इलाके के लोगों में इस पूरे मामले को लेकर जबरदस्त रोष है ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है और खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की है सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर प्रशासन कब जागेगा? जब डीएम की सख्ती के बावजूद यह खेल जारी है, तो जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं क्या प्रशासन इस अवैध खनन पर लगाम कस पाएगा या फिर माफियाओं का यह खेल यूं ही चलता रहेगा? फिलहाल, पूरनपुर और कलीनगर क्षेत्र में अवैध खनन का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है।

## छात्राओं को प्रिंसिपल ने किया सम्मानित बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को कॉलेज की प्रधानाचार्य जाहिदा खातून ने शील्ड देकर सम्मानित किया।इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में छात्रा नीरी नारायनी ने 85.5% अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। वहीं हाईस्कूल में अंशिका जायसवाल ने 80% अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस वर्ष कॉलेज का इंटरमीडिएट का कुल परीक्षा परिणाम 85.32% रहा, जबकि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 91% रहा है।

प्रधानाचार्य जाहिदा खातून ने सम्मान समारोह में कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इन छात्राओं ने कठिन परिश्रम और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। सम्मान पाकर छात्राएं बेहद खुश नजर आईं। नीरी नारायण ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। अंशिका जायसवाल ने कहा कि वह आगे भी मेहनत जारी रखेगी। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। शिक्षकों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी शिरकत कर बच्चों का हौसला बढ़ाया है।

## आंधी-पानी का कहर, बल्दीराय में मासूम समेत दो की मौत, पेड़ गिरने से महिला गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिले में आई तेज आंधी और बारिश जानलेवा साबित हुई। बल्दीराय थाना क्षेत्र में अलग-अलग हादसों में आठ वर्षीय मासूम बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसों के बाद गांवों में मातम पसरा है। कस्बा माफियात निवासी सुरेश कुमार सोनकर की पुत्री महिमा (8) छप्पर के मकान पर ईंट गिरने से दब गई। परिजन उसे निकालकर अस्पताल ले जाने की तैयारी करते, इससे पहले ही उसकी सांसें थम गईं। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।वहीं सिंघनी गांव निवासी रामबरन (58) पुत्र शिवदास के घर पर तेज आंधी के दौरान पेड़ गिर पड़ा। मलबे में दबने से रामबरन की मौके पर मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी श्यामलली गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तेज आंधी-पानी से हुए इन हादसों ने ग्रामीण इलाकों में तबाही का मंजर छोड़ दिया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल निकासी एवं बाढ़ प्रबन्धन हेतु रिवर सिटीज एलायंस की टीम के साथ बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### रिवर सिटीज एलायंस की टीम द्वारा बाढ़ प्रबन्धन हेतु नगर का किया गया सर्वेक्षण

पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में नगर क्षेत्र में जल निकासी एवं बाढ़ प्रबन्धन के लिए नगर का सर्वेक्षण एवं अध्ययन करने हेतु, राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान से आई, रिवर सिटीज एलायंस (आर.सी.ए.) की टीम के साथ बैठक गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड, सिंचाईध्बाढ़ खण्ड/सहायक वास्तुविद नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजक विभाग बरेली, नगर पालिका परिषद पीलीभीत के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में टीम को नगर पालिका क्षेत्र के नालों की संख्या एवं क्षमता के बारे में अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में नालों से सम्बन्धित मानचित्र एवं ड्रोन वीडियो के माध्यम से बाढ़ के दौरान शहर की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया गया। टीम द्वारा एसटीपी एवं सीवर लाइन सहित अन्य बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की गई। नालों एवं नदियों की वर्तमान स्थिति को मानचित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिससे जलप्रवाह की दिशा अवरोधित स्थानों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान हो सके। लवलेश शर्मा ने आश्वासन दिया कि आर सी ए सचिवालय इस अवलोकन दौरे के बाद एक 'परसेप्शन' रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, जिसके आधार पर पीलीभीत के ड्रेनेज प्रबंधन के लिए भविष्य में किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स और योजनाओं की जानकारी मिलेगी।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), नगर मजिस्टेट, उप जिलाधिकारी सदर, सर्वेक्षण टीम में लवलेश शर्मा नेशनल प्रोग्राम लीड आर.सी.ए., डॉ0 मौमिता कर्माकर सीनियर प्रोग्राम एसोसिएट, विभूषित सक्सेना अर्बन डेवलमेंट स्पेशलिस्ट सहित अन्य उपस्थित रहे है।

## पंचायत चुनाव टलने की आहट के बीच प्रधानों का बड़ा कदम: कार्यकाल बढ़ाने की मांग तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### प्रशासक व्यवस्था पर उठे सवाल, जनहित और विकास की निरंतरता का दिया हवाला

पूरनपुर।जनपद पीलीभीत में पंचायत चुनावों के संभावित विलंब को लेकर ग्राम प्रधानों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है इसी बीच अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले जिलाध्यक्ष नरेश पाल सिंह चौहान के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने अपने कार्यकाल को बढ़ाए जाने की मांग को लेकर एक व्यापक पहल शुरू कर दी है इस संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया है, जिसमें ग्राम स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की गई हैं ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल आगामी 26 मई को समाप्त हो रहा है, जबकि पंचायत चुनाव समय पर होने की संभावना कम नजर आ रही है ऐसी स्थिति में शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त किए जाने की चर्चा है, जिसे लेकर प्रधानों में असंतोष व्याप्त है ग्राम प्रधानों का तर्क है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सीधे जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं और अपने गांव की मूलभूत समस्याओं, विकास योजनाओं एवं जनभावनाओं से भली-भांति परिचित हैं उनके अनुसार, पिछले कार्यकाल में उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद गांवों में सड़क, नाली, पेयजल, आवास एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को गति दी है प्रधान संगठन ने अपने ज्ञापन में पूर्व के अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि जब-जब ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त किए गए, तब विकास कार्यों की गति धीमी पड़ी और पारदर्शिता पर भी सवाल उठे कई मामलों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की शिकायतें सामने आईं, जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ा प्रधानों का मानना है कि प्रशासक स्थानीय परिस्थितियों से उतने परिचित नहीं होते, जितने कि निर्वाचित प्रतिनिधि होते हैं ऐसे में योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से नहीं हो पाता और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि ग्राम प्रधान सीधे जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं, जिससे वे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने का प्रयास करते हैं वहीं प्रशासकीय व्यवस्था में इस प्रकार की सीधी जवाबदेही का अभाव रहता है प्रधान संगठन ने यह भी चेताया कि यदि कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासक नियुक्त किए जाते हैं, तो इससे न केवल विकास कार्य प्रभावित होंगे, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक शिथिलता भी बढ़ सकती है जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से जुड़े ग्राम प्रधान इस मांग को लेकर एकजुट नजर आ रहे हैं कई प्रधानों ने इसे केवल पद का मुद्दा न बताते हुए गांवों के समग्र विकास और जनहित से जुड़ा विषय बताया है उनका कहना है कि कार्यकाल विस्तार से चल रहे विकास कार्य बाधित नहीं होंगे और योजनाओं की निरंतरता बनी रहेगी अब सभी की नजरें प्रदेश सरकार के आगामी निर्णय पर टिकी हैं यदि सरकार पंचायत चुनावों में देरी करती है, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वह प्रशासक व्यवस्था लागू करती है या ग्राम प्रधानों की मांग को स्वीकार करते हुए कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लेती है फिलहाल, प्रधान संगठन की यह पहल जनपद में चर्चा का विषय बनी हुई है और आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर और अधिक राजनीतिक व प्रशासनिक हलचल देखने को मिल सकती है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को गांधी सभागार में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एआरटीओ वीरेन्द्र सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि विगत बैठकों के निर्देशों के अनुपालन में दुर्घटना बाहुल्य 10 स्थलों पर दोनों ओर ब्लिंकर लाइट लगाए जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही बेसहारा पशुओं के गले में लगाने हेतु रिफ्लेक्टर युक्त बेल्ट पशु चिकित्सा विभाग द्वारा क्रय कर ली गई हैं, जिन्हें ब्लॉकवार वितरित कराकर पशुओं को पहनाने का कार्य कराया जा रहा है।एआरटीओ द्वारा यह भी बताया गया कि बरेलीऽपीलीभीतऽसितारगंज मार्ग पर कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। साथ ही जहानाबाद फ्लाईओवर के प्रवेश स्थल पर पर्याप्त स्लोप न होने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा ग्राम बिसेन के लिंक मार्ग पर भी स्लोप कम होने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। इन स्थानों पर स्लोप बढ़ाने एवं स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की आवश्यकता है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित कार्यदायी संस्था के साइट इंजीनियर को शीघ्र गड्ढों का समतलीकरण एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्कूल वाहनों के निरीक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत जनपद के 110 विद्यालयों में वाहनों की भौतिक एवं प्रपत्रीय जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गईं, उन्हें पूर्व में नोटिस दिया गया था। दिनांक 27 अप्रैल से पुनः विशेष अभियान चलाकर वाहनों की दोबारा जांच की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी स्कूली चालकों का चरित्र सत्यापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए तथा वाहन संचालन के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्णतः रोक सुनिश्चित की जाए।

## ग्राम प्रधानों की आवाज को सदन में उठाऊंगा : एमएलसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । प्रधान संघ अमेठी के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में बुधवार को जनपद के सैकड़ों ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित पत्र विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह को सौंपा है और पंचायत चुनाव समय पर कराने अन्यथा कार्यकाल बढ़ाये जाने की मांग की है। एमएलसी ने ग्राम प्रधानों की आवाज को सदन में उठाने की बात कही है।प्रधान संघ अमेठी के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित पत्र में लिखा है कि प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में विलम्ब, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन लम्बित होना तथा सर्वोच्च न्यायालय ?द्वारा निर्धारित ''ट्रिपल टेस्ट'' की प्रक्रिया का अपूर्ण रहना आद सभी तथ्य स्पष्ट करते हैं कि बिना विधिक औपचारिकताओं की पूर्ति के चुनाव कराना न तो न्यायसंगत होगा और न ही टिकाऊ। वर्तमान परिस्थितियों का गहन विश्लेषण यह संकेत करता है कि निर्धारित समयावधि में पंचायत चुनाव सम्पन्न होना सम्भव नहीं है। ऐसी स्थिति में यदि निर्वाचित पंचायतों में यदि प्रशासकों की नियुक्ति की जाती है तो यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत होगा बल्कि पूर्व के अनुभव भी इस व्यवस्था की सीमाओं को स्पष्ट करते हैं। उन्होंने लिखा है कि ग्राम प्रधान एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि सीधे जनता द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधि होते हैं। वे अपने क्षेत्र की जनता के प्रति उत्तरदायी होते हैं तथा स्थानीय आवश्यकताओं और समस्याओं की गहरी समझ रखते हैं।इस कारण वे अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक सतर्कता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ करते हैं। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने लिखा है कि वर्तमान परिस्थितियों में सबसे अधिक तर्कसंगत, जनहितकारी एवं व्यावहारिक समाधान यही है कि त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल एक वर्ष के लिये बढ़ा दिया जाय जिससे प्रशासनिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो।लोकतांत्रिक व्यवस्था की निरंतरता बनी रहे और ग्रामीण स्तर पर विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने इस पूरे मामले को मैं सदन में उठाऊंगा।इस मौके पर गोकुल यादव, प्रवीण कुमार, अमरावती, आशुतोष सिंह, त्रिभुवन नाथ, बबलू सिंह, राजेंद्र सैनी, वीर बहादुर सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## पीलीभीत में 2 मई से श्रीराम कथा का भव्य आयोजन, यशवंतरी मंदिर में 5 दिन गूंजेगी भक्ति की धारा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर के प्रतिष्ठित श्री माता यशवंतरी मंदिर प्रांगण में 2 मई से 5 दिवसीय ्श्रीराम कथा एवं सुखद सत्संगङ्क का आयोजन किया जाएगा यह धार्मिक कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा, जबकि 6 मई को हवन, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन किया जाएगा इस भव्य आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता महंत सुरेश दास अवस्थी अपने श्रीमुख से भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मर्यादाओं का वर्णन करेंगे। उनके प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी आयोजन को सफल बनाने में आयोजक धर्मपाल श्रीवास्तव एवं अखिलेश शुक्ला सहित समिति के सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कथा श्रवण करने और पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है

## तेजी से बढ़ रही लगातार गर्मी को लेकर जिला प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । गर्मी तेजी के साथ बढ़ रही है अधिक गर्मी होने पर पशु व पक्षी का तापमान अधिक तेजी के साथ बढ़ता है। समय से पीने का पानी की व्यवस्था न होने के कारण पशु पक्षियों की मृत्यु होने की सम्भावना हो जाती है। लू लगने से पशुओं के मुंह से झाग आने लगता है तथा पशु मुंह खोलकर सांस लेने लगता है। पशु बेहोश भी हो जाता है, अधिक गर्मी से पशुओं से स्टेझस हो जाता है तथा पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है।मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि सभी पशुपालकों/गौ आश्रय स्थल संचालकों को निम्न सावधानियॉ बरतते हुये अपने पालतू पशुओ/गौवंशो एवं पक्षियों को लू के प्रकोप से बचाने की सलाह दी गई है। काम करने वाले पशुओं को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक छायादार स्थान पर आराम करने दें। सभी पशु पक्षियों के लिए समुचित पीने के पानी की व्यवस्था की जाये, जिससे आवश्यकतानुसार पानी पीने के लिए सके। ज्वार/चरी के खेतों में सिंचाई तीन से चार दिन के अन्तराल पर की जाये। सूखे खेतों की ज्वार चरी पशुओं को खिलने से साईनाईट विषाक्त हो जाती है। पशुओं को दिन में बाडे ही रखा जाये। पशुओं के लिए ऐसी व्यवस्था की जाये कि सीधे हवा पशुओं के सम्पर्क में न आये। पशुओं को नहलाने के लिए समुचित व्यवस्था की जाये। टीन शेड वाले पशु आवास के ऊपर घास, फूस, पराली आदि डाल दे जिससे शेड गर्म न हो, शेड के ऊपर चूने की पुताई कर शैड को गर्म होने से बचाये। बिना किसी वजह से निराश्रित पशु पक्षियों को छायादार स्थानों से न भगाया जाये। उनके प्रति दया का भाव रखे। बन्द वाहनों/कारो में शीशे बन्द कर के पालतू कुत्ता, बिल्ली अथवा अन्य किसी पशु पक्षी को न रखे। ग्रामीण क्षेत्रों के पोखरो तालाबो आदि को स्थानीय निकाय/ग्राम पंचायतों द्वारा पानी से भरवाया जाये। जिससे सभी पशु पक्षियों को पीने का पानी एवं नहाने का पानी मिल सके। नगरीय क्षेत्र के स्थानीय निकायों द्वारा निराश्रित पशु पक्षी के लिए यथा सम्भव छायादार स्थानों पर पीने के पानी की व्यवस्था की जाये। गौ आश्रय स्थलों पर संरक्षित सभी गौवंशो को प्रातः 10 बजे से पूर्व भोजन/चारा उपलब्ध कराया जाये तथा शाम को 04 बजे के बाद भोजन/चारे की व्यवस्थ अवश्य की जाये। किसी भी गौवंश को दिन के समय शेड से बाहर न रखा जाये। गौ आश्रय स्थलो पर पंखे, कूलरो को ठीक करा लिया जाये।

## पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये के इनामी अपराधी को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना जगदीशपुर पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना जगदीशपुर में वांछित व पच्चीस हजार रुपये के इनामी रफीक अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम कोछित थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब इकतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार रफीक एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद अमेठी के जगदीशपुर, अमेठी व गौरीगंज में चोरी, जालसाजी व धोखाधड़ी आदि विभिन्न धाराओं में कुल चार अभियोग पंजीकृत हैं जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पच्चीस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये बदमाश को जेल भेज दिया गया है।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत स्कूली बच्चों को किया जागरुक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों द्वारा छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरुक किया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बुधवार को थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा बीएसएस इण्टर कालेज सरूवावां मुंशीगंज में,थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा एएच इण्टर कालेज जगदीशपुर में, थाना बाजार शुकुल पुलिस द्वारा माताफ़ेर इंटर कॉलेज में व थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज में छात्र छात्राओं को यातायात नियमों जैसे- यातायात संकेतों के माध्यम से दिये गये निर्देशों व चेतावनी का अनिवार्य रूप से पालन करना, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना, निर्धारित गतिसीमा से अधिक गति से वाहन न चलाना तथा निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाना, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाना आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

## यातायात निरीक्षक और पीआरडी व होमगार्ड जवानों के बीच टकराव की अस्ल वजह, करना पड़ेगा काम वर्ना घर जाइए?

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । यातायात निरीक्षक राम निरंजन से सिर्फ पीआरडी और होमगार्ड ही त्रस्त नही है, सूत्र बताते है कि यातायात पुलिस में कार्यरत सिपाही, दीवान व उपनिरीक्षक भी परेशान रहते है, वजह ट्राफिक इंस्पेक्टर ड्यूटी के मामले मे किसी की नही सुनता है, क्योंकि प्रभारी यातायात खुद 12 से 18 घंटे तपतपाती दुपहरिया हो या कड़ाके की ठंड हो वह यातायात व्यवस्थित करते दिखाई देते है, ऐसे में जब इंचार्ज नगर की बेतरतीब यातायात व्यवस्था को ग्राउंड जीरो पर उतरकर पसीना बहाए गा, तो अधिनस्थ कर्मी कैसे आराम फरमाएंगें। सूत्रों की माने तो मौजूदा यातायात निरीक्षक में ड्यूटी को लेकर जिस तरह का जुनून है, वह शायद ही किसी में देखने को मिले, बस इसी बात को लेकर अपने ही खुन्नस खाए बैठे है, हांलाकि यह आग अधिनस्थों में लंबे समय से धधक रही थी, लेकिन बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे बस इसलिए मामला ठंडे बस्ते में रहा, परंतु ज्यों-ज्यों सूर्य महाराज अपने उफान पर चढ़ते गए,आग सी तपिश धरती को गर्म करने लगी तो पीआरडी, होमगार्ड और यातायात के कुछ कर्मी सड़क पर खड़े होने से पहरेज करने लगे, और फिर शुरू हुआ अय्यारी का खेल, कुछ आराम तलब कर्मियों ने यातायात निरीक्षक पर तमाम इल्जाम लगाते हुए पहुंच गए आलाकमान के दरबार तक,और प्रभारी यातायात के खिलाफ कार्रवाई का दबाव बनाना शुरू कर दिया, मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर पहुंचकर मामले को संभाला और जांच के बाद कार्यवाही की बात कही, तब जाकर मामला शांत हुआ। वैसे विभागीय सूत्रों की माने तो मौजूदा यातायात निरीक्षक का कोई विकल्प नही है, ड्यूटी को लेकर बहुत सख्त और लापरवाही पर चोट करने वाला प्रभारी यातायात राम निरंजन किसी भी कर्मी को बख्शता नही, बस यही अस्ल खुन्नस की वजह है जो पिछले दिनों फूटा था, हांलाकि यातायात विभाग की पड़ताल में कुछ तत्व और निकल कर आए है, जो चौंकाने वाले है,सूत्र बताते है कि पीआरडी और गार्ड के पीछे जो षडयंत्र दिखाई दे रहा है, वह अवैध टैक्सी संचालकों का है, कारण प्रभारी यातायात की सख्ती के चलते सुल्तानपुर से लखनऊ चलने वाली टैक्सियों का चलना मुश्किल हो गया है, जिसकी वजह टैक्सी संचालक राम निरंजन को मानते है, और उनका मानना है कि किसी तरह प्रभारी यातायात को हटवा दिया जाए उसके बाद धंधा चल निकले गा, इसलिए पीआरडी और गार्ड के आक्रोश के पीछे कौन है, उसकी भी जांच जरूरी है।

## बेखौफ चोरों ने निमंत्रण से बाइक किया पार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत फूला के गांव फतेहगंज में आयोजित निमंत्रण से बेखौफ चोरों द्वारा एक मोटर साइकिल पार कर दी गई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर बाइक की छानबीन में जुट गई है।थाना क्षेत्र के गांव पूरे रजई मजरे फूला निवासी मान सिंह पुत्र जगन्नाथ मोटर साइकिल हीरो स्पलेंडर संख्या यूपी 33 बीई 3364 से गांव फतेहगंज में तेज बहादुर के यहां आयोजित निमंत्रण में गये थे वह वहां पर भोजन करने के बाद जब घर के लिये निकले तो उनकी मोटर साइकिल नदारद रही तो उसकी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नही लग सका। बताते चलें कि उक्त मोटर साइकिल मान सिंह के पिता जगन्नाथ के नाम थी। पीड़ित ने पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराते हुये लिखित तहरीर सौंपी। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये अभियोग दर्जकर लिया है और बाइक की तलाश के लिये पुलिस टीम जुट गई है।

## सम्पादकीय

# सीमाओं से परे बढ़ता सेवाओं का व्यापार

वैश्विक व्यापार में आ रहे बदलावों को समझने का एक तरीका है गुरुत्व मॉडल जो कहता है कि दो देशों के बीच होने वाला द्विपक्षीय व्यापार उनके आर्थिक आकार के समानुपाती और उनके बीच की दूरी के व्युत्क्रमानुपाती होता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम विश्व आर्थिक परिदृश्य में प्रकाशित एक अध्ययन दिखाता है कि सेवाओं के मामले में यह तर्क कमजोर हो रहा है, और हाल के दशकों में सेवाओं का निर्यात वस्तुओं की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ा है। 2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में, दूरी में 1 फीसदी की वृद्धि से सेवाओं के व्यापार में 0.63 फीसदी की कमी आती थी, ठीक वैसे ही जैसे वस्तुओं के व्यापार में। लेकिन 2022ऽ23 तक यह प्रभाव घटकर 0.52 फीसदी रह गया। सरल शब्दों में कहें तो सेवाओं के लिए भौगोलिक दूरी का महत्त्व कम हो गया है। वर्ष2008 के वित्तीय संकट और 'स्लोबलाइजेशन' (वैश्वीकरण की धीमी होती प्रक्रिया) के बाद भी, सेवाओं का व्यापार वैश्विक वृद्धि का एक मजबूत वाहक बनता जा रहा है। इस बदलाव को दो शक्तियां आगे बढ़ा रही हैं। पहली, सेवाओं की प्रकृति खुद बदल गई है। पहले सेवाओं के व्यापार में परिवहन और यात्रा का वर्चस्व था, जो लोगों और वस्तुओं की आवाजाही पर निर्भर करते थे और 2000 में सेवाओं के व्यापार का लगभग 70 फीसदी हिस्सा थे। लेकिन 2023 तक ऐसी सेवाओं का हिस्सा घटकर 40 फीसदी से भी कम हो गया। उनकी जगह आधुनिक सेवाएं मसलन सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और व्यापार सेवाएं आदि आ गई हैं, जिन्हें बिना भौतिक निकटता के सीमाओं के पार पहुंचाना आसान है। दूसरा, तकनीक ने व्यापार के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म, क्लाउड कंप्यूटिंग और रिमोट वर्क ने कई सेवाओं को व्यापार योग्य बना दिया है। फिर भी, अनेक अवसर अब भी दोहन करने के लिए हैं। वैश्विक स्तर पर सेवाओं का व्यापार मुख्य रूप से विकसित अर्थव्यवस्थाओं में केंद्रित है। साथ ही, बाधाओं की प्रकृति भी बदल रही है। वस्तुओं के व्यापार में जहां शुल्क प्रमुख हैं, वहीं सेवाओं को नियामक और संरचनात्मक बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जैसे डेटा स्थानीयकरण नियम, लाइसेंसिंग आवश्यकताएं, विदेशी स्वामित्व पर प्रतिबंध और अनुपालन मानक। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव इन बाधाओं को और मजबूत कर रहे हैं, जिससे बाजार तक पहुंच अधिक जटिल हो रही है। भारत का सेवाओं का निर्यात कुछ ही बाजारों, विशेषकर अमेरिका और यूरोप पर निर्भर है, जिससे यह नियामक जोखिमों के प्रति संवेदनशील हो जाता है। यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि भारत का सेवाओं का व्यापार समग्र व्यापार प्रदर्शन का केंद्र बन गया है। वैश्विक सेवाओं के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2005 में 1.9 फीसदी से बढ़कर 2023 में 4.3 फीसदी हो गई। वित्त वर्ष 25 में सेवाओं का निर्यात रिकॉर्ड 387.5 अरब डॉलर तक जा पहुंचा जो 13.6 फीसदी की वृद्धि है, जबकि सेवाओं का व्यापार अधिशेष 188.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह भी रिकॉर्ड है और वस्तु व्यापार घाटे के लगभग दो-तिहाई हिस्से को कवर करता है। स्टैनफर्ड आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) इंडेक्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, एआई कौशल की पहुंच में भारत, अमेरिका के ठीक पीछे दुनिया में दूसरे स्थान पर है। इसका एक प्रमुख कारण वैश्विक क्षमता केंद्रों का उदय रहा है, जो वित्त वर्ष 20 से वित्त वर्ष 25 के बीच लगभग 7 फीसदी वार्षिक दर से बढ़े, और जिन्हें प्रतिभा उपलब्धता तथा लागत लाभ ने सहारा दिया। जैसे-जैसे दूरी का महत्त्व कम होता जा रहा है और डिजिटल व्यापार बढ़ रहा है, भारत के पास एक स्पष्ट अवसर दिख रहा है। ध्यान सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर होना चाहिए। एआई जैसे उच्च-स्तरीय क्षेत्रों में निवेश, मजबूत डिजिटल अधोसंरचना, और नियामक बाधाओं को बहुपक्षीय प्रयासों या गहरे द्विपक्षीय और क्षेत्रीय एकीकरण ढांचों के माध्यम से आसान बनाना होगा जो सीमाओं के पार प्रवाह को सक्षम करें। सेवाओं का निर्माण क्षेत्र के साथ गहरा एकीकरण भी महत्त्वपूर्ण होगा।

# मोदी की त्रिस्तरीय रणनीति से 2027 में यूपी फतह की तैयारी

**उत्तर प्रदेश में जहां हिंदू वोटरों की संख्या भारी है, वहां मंदिर का मुद्दा हमेशा प्रभावी रहा है। विपक्षी दल जैसे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस इसे सांप्रदायिक बताकर खारिज करने की कोशिश करते हैं, लेकिन जनता की भावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस दौरे से बीजेपी ने फिर साबित कर दिया कि वह सनातन संस्कृति की प्रहरी है। खासकर पूर्वांचल के जिलों में जहां राम भक्त और शिव भक्तों की संख्या लाखों में है, यह दौरा 2027 चुनावों का बिगुल बजा चुका है। योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी ने इसे और मजबूत किया। योगी स्वयं एक सनातन संत के रूप में स्थापित हैं, उनकी गोरखपुर से वाराणसी तक की यात्रा हमेशा धार्मिक मुद्दों पर केंद्रित रहती है। इस बार मोदी के साथ बीजेपी अध्यक्ष का होना पार्टी की एकजुटता दिखाने का प्रयास था, जो संगठन स्तर पर संदेश देता है कि केंद्र और राज्य की भाजपा एक ही धुन पर नाच रही है। प्रधानमंत्री के दौरे का दूसरा बड़ा आकर्षण पचास हजार महिलाओं के बीच नारी शक्ति वंदना अधिनियम की चर्चा रही।**



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा आलाकमान का फोकस उत्तर प्रदेश में शिफ्ट हो गया है। एक तरफ 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में अंतिम चरण की वोटिंग चल रही थी तो दूसरी ओर उसी समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से राज्य विधान सभा चुनाव के लिये मुद्दे तय कर रहे थे। बीजेपी अबकी बार हिन्दुत्व, महिला आरक्षण और विकास के सहारे यूपी फतह करना चाहेगी, वहीं प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था और भयमुक्त समाज की स्थापना को भी हाईलाइट किया जायेगा। इसकी बानगी वाराणसी में तब देखने को मिली जब 28 अप्रैल को पीएम मोदी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ के दर्शन, उससे एक दिन पहले 50000 महिलाओं के साथ नारी शक्ति वंदना अधिनियम यानी महिला आरक्षण पर चर्चा और महिला आरक्षण न लागू हो पाने के लिए कांग्रेस और सपा को जिम्मेदार ठहराना बताता है कि प्रदेश की आधी आबादी पर बीजेपी को काफी भरोसा है। इसी के साथ 28 अप्रैल को ही पीएम ने प्रयागराज से मेरठ तक करीब 600 किलोमीटर लम्बे एक्सप्रेस-वे का हरदोई से उद्घाटन करके इसे जनता को सौंप दिया, जो बताता है कि बीजेपी मंदिर के रास्ते सनातन प्रेमियों, एक्सप्रेस-वे के नाम पर युवाओं और पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता को लुभाना चाहती है, वहीं महिला आरक्षण की बात करके आधी आबादी को अपने पक्ष में करने की कोशिश में लगी है।

प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान खास बात यह रही कि इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो स्वाभाविक रूप से मोदी जी के साथ मौजूद थे, लेकिन वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का मोदी के साथ मौजूद रहना काफी कुछ कहा गया। इस पूरे घटनाक्रम का गहन विश्लेषण करने से साफ होता है कि बीजेपी उत्तर प्रदेश की जटिल राजनीति में धार्मिक आस्था, विकास के प्रतीक और महिला सशक्तिकरण को हथियार बनाकर मैदान में उतरेगी। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी का काशी विश्वनाथ मंदिर दौरा महज एक धार्मिक यात्रा नहीं था, बल्कि यह बीजेपी की कोर रणनीति का प्रतीक था। काशी को बीजेपी हमेशा से अपना गढ़ मानती रही है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में वाराणसी से मोदी की भारी जीत इसका प्रमाण है। मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद से यह स्थान हिंदू राष्ट्रवाद का केंद्र बन गया है। दो दिवसीय दौरे में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के साथ प्रधानमंत्री ने सनातन धर्म के प्रेमियों को संदेश दिया कि भाजपा ही उनकी आस्था की रक्षा करेगी। याद कीजिए, अयोध्या राम मंदिर का उद्घाटन भी इसी रणनीति का हिस्सा था, जिसने 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को अपार लाभ पहुंचाया।

उत्तर प्रदेश में जहां हिंदू वोटरों की संख्या भारी है, वहां मंदिर का मुद्दा हमेशा प्रभावी रहा है। विपक्षी दल जैसे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस इसे सांप्रदायिक बताकर खारिज करने की कोशिश करते हैं, लेकिन जनता की भावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस दौरे से बीजेपी ने फिर साबित कर दिया कि वह सनातन संस्कृति की प्रहरी है। खासकर पूर्वांचल के जिलों में जहां राम भक्त और शिव भक्तों की संख्या लाखों में है, यह दौरा 2027 चुनावों का बिगुल बजा चुका है। योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी ने इसे और मजबूत किया। योगी स्वयं एक सनातन संत के रूप में स्थापित हैं, उनकी गोरखपुर से वाराणसी तक की यात्रा हमेशा धार्मिक मुद्दों पर केंद्रित रहती है। इस बार मोदी के साथ बीजेपी अध्यक्ष का होना पार्टी की एकजुटता दिखाने का प्रयास था, जो संगठन स्तर पर संदेश देता है कि केंद्र और राज्य की भाजपा एक ही धुन पर नाच रही है।

प्रधानमंत्री के दौरे का दूसरा बड़ा आकर्षण पचास हजार महिलाओं के बीच नारी शक्ति वंदना अधिनियम की चर्चा रही। प्रधानमंत्री ने संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक को महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। लेकिन उन्होंने साफ कहा कि यह विधेयक लागू क्यों नहीं हो पा रहा, इसके लिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जिम्मेदार हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिलाओं को एक तिहाई सीटें देने का वादा अब कानून बन चुका है, मगर जातिगत जनगणना और परिसीमन के बिना इसे लागू नहीं किया जा सकता। मोदी ने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि ये दल जानबूझकर इसे लटका रहे हैं ताकि महिलाओं को उनका हक न मिले। यह रणनीति चतुराई भरी है, लेकिन मोदी भी लगातार दम भरते हुए कह रहे हैं कि वह महिला आरक्षण लागू करा कर रहेंगे।

उत्तर प्रदेश में महिलाएं वोटरों की लगभग आधी हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में भी महिलाओं ने भाजपा को भारी समर्थन दिया था, खासकर लखनऊ, कानपुर और सहारनपुर जैसे शहरों में। अब 2027 में पार्टी आधी आबादी को सीधे लक्षित कर रही है। नारी शक्ति वंदना कार्यक्रम में पचास हजार महिलाओं की मौजूदगी इसका प्रमाण है। मोदी ने महिलाओं से अपील की कि वे विपक्ष को सबक सिखाएं। यह मुद्दा इसलिए प्रभावी है क्योंकि समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद का आरोप लगता रहा है, जबकि कांग्रेस को भी महिलाओं के प्रति उदासीन माना जाता है। भाजपा ने उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और ट्रिपल तलाक बंदी जैसे कदमों से पहले ही महिलाओं का विश्वास जीत लिया है। अब महिला आरक्षण को हथियार बनाकर वह इसे मजबूत करेगी। योगी सरकार की महिला हेल्पलाइन और सखी केंद्र जैसी योजनाएं भी इसी दिशा में हैं। मोदी ने बीजेपी अध्यक्ष की मौजूदगी में संगठन को महिला मोर्चा के माध्यम से सक्रिय करने का संकेत दिया। कुल मिलाकर, यह बीजेपी की महिला केंद्रित रणनीति का प्रारंभिक बिंदु है।

उधर, प्रयागराज से मेरठ तक एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करके मोदी इसे यूपी में विकास के मुद्दे से जोड़कर जोरदार तरीके से उठा रहे हैं। यह एक्सप्रेसवे लगभग छह सौ किलोमीटर लंबा है, जो हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर होते हुए मेरठ तक जाता है। प्रधानमंत्री ने इसका लोकार्पण करते हुए कहा कि यह युवाओं के लिए रोजगार और किसानों के लिए बाजार लाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश बीजेपी के लिए हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। यहां जाट, मुस्लिम और दलित वोटर निर्णायक हैं। 2022 चुनावों में भाजपा को यहां झटका लगा था, लेकिन 2024 लोकसभा में रिकवरी हुई। एक्सप्रेसवे इसी क्षेत्र को जोड़ने का माध्यम बनेगा। इससे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जिससे ट्रक और कार्गो का आवागमन तेज होगा। युवा वर्ग जो नौकरी और व्यापार की तलाश में है, उसके लिए यह स्वर्णिम अवसर है। भाजपा जानती है कि विकास के ठोस प्रतीक ही वोट दिलाते हैं। पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, गंगा एक्सप्रेस-वे और अब यह एक्सप्रेसवे, ये सभी उत्तर प्रदेश को विकास का हब बनाने की दिशा में कदम हैं। विपक्ष इसे जुमला कह सकता है, लेकिन जमीन पर काम दिख रहा है। हरदोई से उद्घाटन इसलिए महत्वपूर्ण क्योंकि यह क्षेत्र अखिलेश यादव का गढ़ रहा है। यहां से मैसेज देकर बीजेपी समाजवादी पार्टी को चुनौती दे रही है। योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन के दौरान कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर मोदी के साथ माननीय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक आदि नेता मौजूद थे। यह एक्सप्रेस वे न केवल पश्चिमी यूपी को लुभाएगा, बल्कि पूरे राज्य में विकास का मॉडल बनेगा।

**अजय कुमार**

# आधुनिकता की आत्मघाती मादकता

**डॉ. रमेश ठाकुर**

जैसे किसी मादक पदार्थ या मदिरा में डूबे हुए व्यक्ति को उसके शुभचिंतकों द्वारा मादकता त्याग के लिए लाख समझाए जाने के बाद भी, व्यक्ति हठ नहीं छोड़ता तथा मादकता में अधिक डूबता जाता है, और अंततः अति मादकता से ग्रस्त हो या तो असमय मृत्यु का ग्रास बनता है अथवा जीवनभर निष्क्रिय विकलांग की भांति पड़ा रहता है, ठीक वैसे ही आधुनिकता की आत्मघाती मादकता में गहरे डूबे हुए सामान्य व विशिष्ट लोगों को ऋतु विकृतियों, जलवायु असंतुलन के कारण उत्पन्न अति शीत, अति ग्रीष्म एवं असामान्य तीव्र वायु संचार की प्राकृतिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने हेतु बारंबार बताए जाने के बाद भी, वे आधुनिकता की आत्मघाती मादकताओं में अधिक से अधिक डूब रहे हैं। मानव बनना भूल रहे हैं। स्वयं की सामाजिक सहभागिता से पृथक हैं। वृक्ष-वनस्पतियों के प्रति ध्यानहीन हैं। ऋतुओं की प्रतिकूलता से अनभिज्ञ हैं। प्रकृति की दैनिक सामान्य गतिविधियों में उत्पन्न असहनीय जीवन-मारक परिवर्तनों से अपरिचित हैं। जब ऐसे अधिसंख्य लोग वृक्षों व वनों के प्रति दयालु बनेंगे, तब ही तो प्रकृति के कल्याण कर्म हो सकते हैं। जब मनुष्यों में प्राकृतिक संवेदना एवं स्पंदन होगा, तब ही तो पंचतत्त्वों की मौलिकता पुनस्र्थापित हो सकेगी। गहन दुःख है कि ऐसा नहीं हो रहा है। मनुष्य स्वयं की काया व मन के प्रथम प्रतिनिधि धरती, जल, आकाश, वायु तथा अग्नि के प्रति ही सर्वाधिक उदासीन बने हुए हैं। इनकी तुलना में उसे मशीनें अधिक प्रिय हैं। वह प्रत्येक चल-अचल मशीन को अपने पास रखना चाहता है। इस संग्रह-लालच के कारण वह संतोष प्राप्त करना चाहता है। किंतु वह असफल है। संतोष के लिए उसने अपने चहुंओर भौतिक विलासिताओं, वस्तुओं एवं सुविधाओं का ढेर लगा दिया है, किंतु तब भी वह असंतुष्ट है। इस किंकत्र्तव्यविमूढ़ता में वह कभी विज्ञान की कथनी-करनी के वेग में बह रहा है तो कभी धर्म के पाखंड कर रहा है। ईश्वर की भक्ति की आड़ में कालांतर से निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु पनपे अनावश्यक कर्मकांडों में लिप्त है। दोनों प्रकार के उपाय कर लेने के बाद भी वह व्यथित-दुःखित है। उसे आत्मशांति नहीं है। वास्तव में मनुष्य का ध्यान अपनी काया-मन के पंच आधारों की प्राणघाती विकृतियों के निदान की ओर होना चाहिए। उसकी दृष्टि उन कारकों की पहचान करने में अक्षम है, जो असंतुलित प्रकृति के कारण उसकी सभी कठिनाइयों के वास्तविक दोषी हैं। यहां-वहां, जहां-जिधर देखो पैदल मार्गों पर कठोर, शुष्क सीमेंट बिछा हुआ है, जो जलवायु के विषैले परिवर्तनों द्वारा निरंतर कठोर व शुष्क हो रहा है। पैरों के नीचे गीली मिट्टी, हरी घास व दूब नहीं है। आंखों के लिए हरियाली कम हो रही है। जीवन के स्वरूप में विद्यमान मनुष्य काया निरंतर प्रकार-प्रकार के असाध्य रोगों से घिर रही है। काया ही नहीं, मन भी रोगी है। वृक्षों, वनस्पतियों, वनों, हरियाली द्वारा अनुकूल बना रहने वाला पर्यावरण अब शुष्कता, कठोरता व ऋतुगत दरिद्रता की परिधि में है। ऋतुओं की अव्यवस्था का प्रदर्शन यह है कि आधुनिक दिन, घटी, घड़ी, करण, वार, नक्षत्र, तिथि गणना के अनुसार यदि वैशाख का उत्तराद्र्ध विद्यमान है, तो ऋतु का वास्तविक अनुभव ज्येष्ठ माह की तापयुक्त ग्रीष्म जैसा हो रहा है। यह असंतुलनगामी परिवर्तन भी अपनी विकृति के साथ स्थायी नहीं है। क्योंकि इस वैशाख के अंतिम सप्ताह से पूर्व का सप्ताह जहां ग्रीष्म ताप की कठोरता, लू तथा ग्रीष्मयुक्त तीव्र वायु प्रसारण से ग्रस्त रहा, वहीं अंतिम सप्ताह के आरंभिक दिवसों में ताप, लू व वायु प्रसार में कमी हुई है। त्वरित असंतुलन, अस्थायित्व एवं विकृतियों की स्थिति में मनुष्य काया में निहित पंचतत्त्व प्रकृति के अनुसार अपनी स्थिति परिवर्तित करने में असमर्थ हैं। इससे अज्ञात रोगों की उत्पत्ति हो रही है। आधुनिक जीवन में साधारण से भी अति साधारण जीवन व्यतीत कर रहे व्यक्ति ऐसे प्राकृतिक परिवर्तन तथा परिवर्तन के कारण उत्पन्न रोगों का निदान करने में पूर्णतः असमर्थ हैं। ऐसे अरबों लोगों में प्राकृतिक विकृतिजन्य परिवर्तन सहने की शक्ति अकस्मात कहां से आएगी। धरती तथा व्योम के मध्य परिव्याप्त प्राकृतिक पारिस्थितिकी क्षण-क्षण परिवर्तनगामी है। यह पर्यावरणचक्र कृषि पर तो वज्राघात कर ही रहा है, साथ ही मनुष्य की जीवनशक्ति भी समाप्त कर रहा है। जब से ऐसा हो रहा है तब से धरती, आकाश, जल, वायु पर एक विकृत आवरण चढ़ा रहता है। कोई भी तत्त्व अपने नैसर्गिक, प्राकृतिक एवं मौलिक स्वरूप में नहीं है।

## सेहत मंत्र

# खतरनाक रोग है काला अजार

काला अजार एक घातक संक्रमण है जो एक परजीवी के कारण होता है। कीट के काटने से यह एक व्यक्ति से दूसरे में फैल जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठनों की माने तो भारत में काला अजार के मरीजों की संख?या काफी ज?यादा है। भारत समेत यह हमारे पडोसी देशों जैसे- बांग्लादेश और नेपाल के कई हिस्सों में पाया जाता है। यह बीमारी ऐसे तबके पर ज?यादा आक्रमण करती है जो गरीब होते हैं और अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले होते हैं। काला अजार (वी एल) के लक्षणः इसके विशिष्ट नैदानिक लक्षण लंबे समय तक रहते हैं जिनमें अनियमित रूप से बुखार आता जाता रहता हैं। लेकिन ऐसा जरुरी नहीं कि किसी प्रकार की कठोरता या ठंड लगने जैसे लक्षण दिखे। इसके अन्य लक्षणों में एस्प्लेनोमेगले, लीम्फाडिनोपेथी, हेपाटोमेगले और प्रगतिशील एनीमिया हैं। ऐसे में कुछ रोगियों का वजन कम हो सकता है तथा हाइपरगामाग्लोब्युलिनेमिया के साथ हाइपोअल्ब्युनेमिया हो सकता है। इस बीमारी में भूख, पीलापन और वजन घटाने के कारण कमजोरी आती हैं। सूखी त्वचा, पतला होना, बालों का गिरना। इस बीमारी में पैर, पेट, चेहरे और हाथ की त्वचा का रंग हल्का हो जाता हैं। इसलिए इसे काला अजार यानी ''ब्लैक बुखार'' कहते है। इस बीमारी में रक्ताल्पता की भी समस्या आती है। कुछ रोगियों को अन्य दूसरी बीमारियों के साथ काला अजार भी हो जाता है। ऐसी स्थिति में काला अजार को पहचान पाना और भी मुश्किल हो जाता है। बच्चों को काला अजार अधिक प्रभावित करता हैं क्योंकि उनमें संक्रमण से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा क्षमता कम होती है रोग हर कोई है। अगर सही समय पर इसका इलाज नहीं किया गया तो इस बीमारी से मरीज की जान भी जा सकती है। काला अजार को अक्सर लोग मलेरिया, टाइफाइड या तपेदिक समझने की भूल कर बैठते हैं क्योंकि इनके लक्षण और बाकी रोगों के लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं। काला आजार के कारणः काला अजार या आंत लीशमनियासिस एक घातक संक्रमण होता है जो परजीवी प्रोटोजोआ लीशमनिया डोनोवनी के कारण होता है। यह एक संक्रमित व्यक्ति से, संक्रमित स्त्री जाति की सेंड मक्खी के काटने से, दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में फ़ैल सकता है जिसका नाम फ्लेबोटोमस अर्जेन्तिप्स है।

## धर्म मंत्र

# कैसे होती है मां महालक्ष्मी की उपासना

महालक्ष्मी माता लक्ष्मी का ही एक रूप हैं। वैसे तो प्रत्येक शुक्रवार को देवी की पूजा की जाती है, परंतु माता के महालक्ष्मी स्वरूप की पूजा के लिए हिंदू धर्म में कुछ विशेष अवधि होती है। कहते हैं कि देवशयनी एकादशी के बाद जब भगवान विष्णु चार माह के लिये विश्राम पर चले जाते हैं, तो इस दौरान माता लक्ष्मी ही पूरा संसार चलाती है। इसी अवधि में भाद्रपद शुक्ल अष्टमी से लेकर आश्विन कृष्ण अष्टमी तक वे धरती पर निवास करती हैं। इन 16 दिनों में माता महालक्ष्मी की पूजा होती है। पूजा का आरंभ में हल्दी से रंगे 16 गांठ का रक्षासूत्र को हाथ में बांधना होता है, और आखिरी दिन की पूजा के बाद इसे किसी नदी या सरोवर में विसर्जित कर दिया जाता है। 16वें दिन इस पूजा का उद्यापन किया जाता है। मां महालक्ष्मी की पूजा के लिए पहले पवित्र त्मिट्टी की मूर्ति चौक पर स्थापति करें। इसके बाद उनको लाल, गुलाबी या फिर पीले रंग का रेशमी वस्त्र पहनाएं। इस पूजा में देवी को कमल और गुलाब के फूल जरूरी चढ़ाएं, क्योंकि ये माता को अत्यंत प्रिय हैं। महालक्ष्मी की पूजा में पान, सुपारी, लौंग, इलायची, रोली, कुमकुम, धूप, कपूर और अगरबत्तियों का प्रयोग अनिवार्य है। साथ ही दुर्वा, चंदन और सिंदूर रखना भी न भूलें। सामर्थ्य के अनुसार पूजा में सोने या चांदी का कोई एक आभूषण भी शामिल कर सकते हैं। महालक्ष्मी की पूजा में माता के इन आठ नामों का जप करना अति उत्तम माना जाता है। ऊं आद्यलक्ष्म्यै नमः, ऊं विद्यालक्ष्म्यै नमः, ऊं सौभाग्यलक्ष्म्यै नमः, ऊं अमृतलक्ष्म्यै नमः, ऊं कामलक्ष्म्यै नमः, ऊं सत्यलक्ष्म्यै नमः, ऊं भोगलक्ष्म्यै नमः, ऊं योगलक्ष्म्यै नमः।

## पर्यटन



# ट्रैकिंग और पैराग्लाइडिंग के शौकीनों के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है साउथ इंडिया का वैल्लोर

भारत में ऐसी कई जगह हैं, जो घूमने-फिरने के मामले में विदेश की किसी जगह से कम नहीं हैं। आप यहां घूमकर विदेश जैसा अनुभव ले सकते हैं बल्कि भारत में ऐसी कई डेस्टिनेशन्स हैं, जिनकी तुलना विदेश से की जाती है। उन जगहों को मिनी स्विटजरलैंड, मिनी फ्रांस आदि जगहों से नवाजा जाता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं, भारत की एक खास जगह वैल्लोर के बारे में। जिसकी सुंदरता की वजह से उसे मिनी इंग्लैंड के नाम से जाना जाता है- आइए, जानते हैं वैल्लोर की खास बातें- मिनी इंग्लैंड भारत में: वैल्लोर को दक्षिण भारत के प्राचीनतम शहरों में से एक माना जाता है। यह शहर वैल्लोर किले के पास स्थित पलार नदी के किनारे बसा है। यह शहर चेन्नई और बैंगलोर तथा मंदिरों के शहर थिरुवन्नमलाई एवं तिरुपति के बीच स्थित है। तमिलनाडु के वेल्लोर जिले में 29 स्वोन्नयर किमी के क्षेत्र में फैला येलागिरि एक छोटा सा हिल स्ट्रेशन है। बैंगलोर से 40 किमी दूर स्थित है औद्योगिक शहर होसूर। आजादी से पूर्व ब्रिटिया काल में होसूर को छोटा इंग्लैंड कहा जाता था। सालभर सुहावना मौसम होने के कारण इसका वातावरण इंग्लैंड से मिलता था। होसूर के दो प्रमुख पर्यटन स्थरल हैं राजाजी स्माइरक और प्रत्यानगिरि मंदिर। हरियाली के लिए मशहूर: छुट्टियों के लिए येलागिरी पहाड़ियां एक सुखद स्थान हैं। यहां हरी-भरी पहाड़ियां आपका स्वागत करती हैं। यह एक विलक्षण पहाड़ी स्थल है और तमिलनाडु के पहाड़ी स्थलों में से सबसे प्राचीन एवं प्रदूषणरहित है। येलागिरी पहाड़ियों का इलाका पिछड़ा हुआ है, जिसमें कॉटेज एवं फार्म हॉउस जैसी दिखने योग्य कुछ गिनेचुने विकास ही हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद इसने अपने ऊपर 'दूरस्थ' का ठप्पा लगा रखा है। पैराग्लाइडिंग प्वाइंट देशभर में मशहूर: यहां पर कई क्लब पैराग्लाइडिंग करवाते हैं। ये क्लब तीन प्वा इंट पर 450 मीटर, 560 मीटर और 600 मीटर की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करवाते हैं। येलागिरि को पैराग्लाइडिंग के लिए लोकप्रिय बनाने के लिए यहां इंटरनेशनल पैराग्लाइडिंग फ़ेस्टिवल का आयोजन किया जाता है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मेहनत, लगन व निरंतर अध्ययन से ही मुकाम किया जा सकता है हासिल : डीएम**

**बुक रीडिंग का कोई विकल्प नहीं, समाचार पत्रों का नियमित अध्ययन करें : डीएम**

बाराबंकी । माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट वर्ग के प्रदेश स्तरीय रैंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन को नई दिशा देती है और निरंतर परिश्रम से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि बुक रीडिंग का कोई विकल्प नहीं है, नियमित रूप से समाचार पत्रों का वाचन करें, जिस क्षेत्र में रुचि हो उसी को अपनी मंजिल बनाएं तथा स्वयं पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि असफलता से निराश होने की आवश्यकता नहीं, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए जिलाधिकारी ने कैरियर चयन, अध्ययन पद्धति एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया। सम्मानित हाईस्कूल विद्यार्थियों में अंशिका वर्मा 97.83%(प्रदेश में प्रथम स्थान), अदिति 97.50, परी वर्मा 97.33, दिव्या 96.67, संध्या शिखा 96.67, निधि 96.50, मोनिका यादव 96.00, शिक्षा मिश्रा 96.33, आराध्या राज 96.17 सम्मिलित रहीं। इंटरमीडिएट वर्ग में श्रेया वर्मा 97.20, पूजा पाल 97.00, अर्पिता जायसवाल 96.00, आदित्य वर्मा 96 प्रतिशत को सम्मानित किया संहै

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी0 त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लक्ष्य निर्धारण, नियमित अध्ययन एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अभिभावकों एवं शिक्षकों की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आँचल के नेतृत्व में रेतवा में नि:शुल्क मोस्ट पाठशाला का हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**समाज की उन्नति के लिए सर्वाधिक जोर बुनियादी शिक्षा पर दिया जाना चाहिए : श्यामलाल**

सुलतानपुर। बीते मंगलवार को देर सायं विकास खण्ड पी.पी. कमैचा के साढ़ापुर (रेतवा) में निःशुल्क मोस्ट पाठशाला का उद्घाटन किया गया, जिसका संचालक आँचल निषाद व संरक्षण विवेक निषाद ष्विक्कीष के द्वारा किया जाएगा। उक्त अवसर पर मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद गुरुजी ने कहा कि जिस जाति व क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार जितना कम है वह जाति व क्षेत्र सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक दृष्टि से उतना ज्यादा पिछड़ा है, समाज को शिक्षा के माध्यम से ही सामाजिक समानता और आर्थिक संपन्नता व शोषण से मुक्ति मिल सकती है। मोस्ट निदेशक ने समाजसेवियों से अपील की कि गाँव और समाज का वास्तव में स्वाभिमान और सम्मान बढ़ाना चाहते हैं तो आपसी मतभेद भुलाकर गाँव-गाँव, पठन-पाठन का माहौल बनाने के लिए हर सम्भव सहयोग करना होगा। मोस्ट प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद ने कहा कि जिस दिन मोस्ट समाज समझ जायेगा कि शिक्षा से ही सामाजिक स्तर में सुधार हो सकता है उसी दिन से सामाजिक कार्यों का मूल्यांकन शिक्षा के क्षेत्र में किये गए कार्यों और प्रयासों से किया जाएगा। मोस्ट प्रदेश कमेटी सदस्य बाबू रज्जन प्रसाद बौद्ध ने कहा कि मोस्ट कल्याण संस्थान समाज के पिछड़ेपन को समाप्त करने के लिए गाँव-गाँव बच्चों के पठन-पाठन का माहौल बनाना चाहता है। इस मौके पर प्रधान दिनेश कुमार निषाद, अनिल कुमार निषाद, मनीष, अमित, कपिल निषाद, करीना निषाद, गरिमा, आदर्श निषाद, अवनीश निषाद, राय साहब निषाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जनगणना का प्रथम चरण सात मई से शुरू होगा : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उददेश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना के प्रथम चरण, व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकानों की गणना की जायेगी जो दिनांक सात मई से इक्कीस मई 2026 तक संचालित होगी। इसके पश्चात बाइस मई से बीस जून तक हाउस लिस्टिंग आपरेशन का विस्तृत कार्य सम्पन्न किया जायेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने स्व-गणना प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि इस बार जनगणना में डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा दिया गया है। नागरिक स्वयं पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे जिससे डेटा संग्रहण अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी होगा। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के लिये पोर्टल बहुभाषीय, सुरक्षित एवं उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया गया है, जिसमें मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन, ओटीपी सत्यापन, पता दर्ज करना, मानचित्र पर लोकेशन चिन्हित करना तथा प्रश्नावली भरकर एसई आईडी प्राप्त करना शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि स्व-गणना से फील्ड कर्मचारियों का कार्यभार कम होगा तथा डेटा की गुणवत्ता बेहतर होगी, क्योंकि जानकारी सीधे नागरिकों द्वारा भरी जायेगी। इसके अतिरिक्त यह प्रक्रिया सातों दिन चौबीस घण्टे उपलब्ध रहेगी जिससे व्यस्त एवं प्रवासी परिवारों को भी सुविधा मिलेगी। जनगणना की तैयारी के अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें मास्टर ट्रेनर, सुपरवाइजर, प्रगणक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को शामिल किया गया है। साथ ही जनजागरूकता हेतु मीडिया, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों एवं विभिन्न विभागों के माध्यम से अभियान चलाया जाएगा।

# डीएम की सख्ती से मिड-डे मील व्यवस्था में हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लापरवाहों पर गिरेगी जवाबदेही की गाज**

**बच्चों के निवाले पर खेल नहीं औचक निरीक्षण से डीएम ईशान प्रताप सिंह ने दिया कड़ा संदेश**



बाराबंकी। जनपद में मिड डे मील व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की सक्रियता एक बार फिर सुर्खियों में है। बच्चों के पोषण से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे पर डीएम के निर्देश पर सिरौलीगौसपुर, रामनगर, हैदरगढ़ और फतेहपुर तहसीलों के परिषदीय विद्यालयों में कराया गया औचक निरीक्षण केवल खानापूर्ति नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने की गंभीर पहल के रूप में देखा जा रहा है।

निरीक्षण में जहां उपजिलाधिकारी रामनगर श्री आनंद तिवारी तहसील के विद्यालयों में व्यवस्थाएं सामान्य रूप से संतोषजनक मिलीं, वहीं कुछ विद्यालयों में सामने आई अनियमितताओं ने व्यवस्था पर गंभीर सवाल भी खड़े किए। इसी क्रहोगा हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय भटखेरा में दूध वितरण न होना, फतेहपुर के मदनपुर में समय से दूध उपलब्ध न होना, सिरौलीगौसपुर के श्यामनगर व मथनापुर में दूध न मिलना, खलसापुर में साफ-सफाई बदहाल मिलना तथा ठाकुरपुर विद्यालय का बंद पाया जाना ये केवल कमियां नहीं, बल्कि उस लापरवाही की तस्वीर हैं जिस पर प्रशासन ने अब सीधा प्रहार किया है।

डीएम ईशान प्रताप सिंह ने स्पष्ट कर दिया बच्चों के हक़ पर किसी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी।

जहां कमियां मिली हैं वहां संबंधित ग्राम प्रधानों व प्रधानाध्यापकों की जवाबदेही तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

यह कार्रवाई केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि उस सोच पर चोट है जिसमें योजनाएं कागजों पर चमकती हैं और जमीन पर दम तोड़ देती हैं।

वही सवाल है ़्क्या कुछ लोगों ने मिड डे मील को सरकारी फाइलों का भोजन समझ लिया था, जहां कागजों में दूध रोज बंटता रहे और बच्चों की थाली खाली रह जाए?ङ्क

लेकिन अब तस्वीर बदल रही है।

अब रजिस्टर की एंट्री नहीं, बच्चों की थाली देखी जा रही है।

अब औपचारिक बैठकें नहीं, औचक निरीक्षण हो रहे हैं।

अब लापरवाही छुप नहीं रही, पकड़ी जा रही है।

डीएम की कार्यशैली की सराहना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, संवेदनशील नेतृत्व का उदाहरण है। जब जिलाधिकारी स्वयं मिड डे मील जैसी योजना पर इतनी गंभीरता दिखाते हैं तो यह संकेत देता है कि शासन की मंशा बच्चों के अधिकारों को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है।

बाराबंकी में यह संदेश अब गांव-गांव पहुंच चु का है

़्बच्चों की थाली में कटौती करने वालों की अब खैर नहीं।ङ्क

एक ओर जहां निरीक्षण में संतोषजनक व्यवस्थाएं पाए जाने वाले विद्यालयों ने उदाहरण प्रस्तुत किया, वहीं कमियां पाए जाने वाले विद्यालयों के लिए यह चेतावनी भी है और अवसर भी व्यवस्था सुधारें, नहीं तो कार्रवाई तय है।

ईशान प्रताप सिंह की सख्ती ने साफ कर दिया

सुशासन केवल दफ्तरों से नहीं चलता, स्कूलों की रसोई तक पहुंचना भी जरूरी है।

यह वही प्रशासनिक मॉडल है जिसमें फाइलें नहीं, फील्ड बोलती है।

जहां आदेश नहीं, असर दिखता है।

जहां निरीक्षण नहीं, जवाबदेही पैदा होती है।

बाराबंकी में अब संदेश स्पष्ट है

मिड डे मील में गड़बड़ी नहीं चलेगी,

बच्चों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा,

और लापरवाहों पर कार्रवाई तय है।

जिलाधिकारी की यह पहल न केवल सराहनीय है, बल्कि उन तमाम व्यवस्थाओं के लिए आईना भी है जो अब तक ढर्रे पर चल रही थीं। कहना गलत न होगा जब डीएम खुद बच्चों की थाली पर नजर रखें, तब व्यवस्था सुधरना तय है।

# बहन की तिलक से कुछ घंटे पहले उठी भाई की अर्थी, शौच से लौटे युवक की आंधी के दौरान खंभे की चपेट में आकर हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**कुड़वार व बंधुआकला थाना क्षेत्र मे हुई एक एक मौत**

**घर पर पहुंचकर एसडीएम विपिन द्विवेदी ने दी सांत्वना**

कुड़वार सुल्तानपुर।बहन की तिलक लेकर जाने से चंद घंटे पहले शौच से वापस लौट रहा युवक बिजली के तार पर डाल गिरने से टूटे खंभे की चपेट में आकर घायल हो गया।गंभीर हालत में लेकर परिजन सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे शिव बंश दूबे कुड़वार गांव से जुड़ा है।जहां बुधवार को दोपहर बाद गांव निवासी महेंद्र कुमार तिवारी(22)पुत्र शिव शंकर तिवारी घर से खेत में शौच के लिए गया था। शौच से लौटते समय अचानक आंधी आ गई।इतने में युवक घर की तरफ भागा।घर पहुंचते दरवाजे पर लगे विद्युत पोल पर अचानक नीम की डाल गिर गई।डाल के लोड से दरवाजे पर लगा खंभा टूट गया।और युवक खंभे की चपेट में आ गया।गम्भीर हालत में घायल युवक को लेकर परिजन सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया।मृतक की बड़ी बहन कौशिकी की शादी अलीगंज के पास से तय थी।जिसकी बुधवार शाम को तिलक जानी थी।बहन की तिलक के दिन ही भाई की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।मृतक 06 भाइयों सतेंद्र,नागेन्द्र,वीरेंद्र,आयुष, राघवेंद्र में तीसरे नंबर का था।बहन कौशिकी,निधि व मां ऊषा देवी का रो रो कर बुरा हाल है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।सूचना पर उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी ने मृतक युवक के घर पहुंचकर सांत्वना दी।उन्होंने राजस्व निरीक्षक शिव प्रसाद व लेखपाल राजेश श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि आपदा की रिपोर्ट तत्काल बनाकर भेजे जिससे मृतक के परिवार को आपदा राहत के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक मदद की जा सके।खबर लिखे जाने तक विद्युत विभाग का कोई कर्मचारी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

दूसरी घटना बंधुआ कला थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा मजरे दाउदपुर गांव की है। जहां अरविंद गुप्ता की पत्नी सुषमा देवी(35) घर के सामने बंधी बकरी को खोलने गई तभी अचानक जामुन के पेड़ की डाल सुषमा के ऊपर गिर गई।जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।गम्भीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी मुसाफिरखाना पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।थानाध्यक्ष प्रमोद पटेल ने बताया कि सूचना मिली है मौके पर पहुंच रहे है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक ,गंभीर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिद्धौर कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सादुल्लापुर कमालापुर मार्ग पर कुतबापुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार गंभीर अवस्था में पड़ा था जिसे देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से 26 वर्षीय घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचाया जहां हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है स्थानीय लोगों के अनुसार यह युवक अपनी बाइक से जा रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई और घायल होकर गिर गया घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है कोठी थाना प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेजा है लेकिन घायल युवक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है फिलहाल युवक की अभी पहचान नहीं हो सकी है

## प्रधानी चुनाव की रंजिश में पीट-पीटकर हत्या, मुकदमा दर्ज

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिवगढ़ कोतवाली क्षेत्र के भीटौरा गांव में ग्राम प्रधान के खिलाफ चल रही शिकायत की जांच की रंजिश में 28 वर्षीय युवक जसवंत सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मंगलवार शाम बाजार से घर लौटते समय दबंगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाए गए जसवंत को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया,लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद गांव में तनाव व्याप्त है।मृतक के भाई बलवंत सिंह के मुताबिक जसवंत सिंह शिवगढ़ बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। भटौरा इंटर कॉलेज के पास शंकर यादव के घर के सामने पहले से घात लगाए हमलावरों ने उनकी बाइक रुकवा ली। आरोप है कि नीचे गिराकर लाठी,डंडों और कुल्हाड़ी से बेरहमी से हमला किया गया। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। परिजनों का आरोप है कि गांव में ग्राम प्रधान के कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच चल रही थी। इसी शिकायत के कारण प्रधान पक्ष के लोग जसवंत से रंजिश रखते थे। जांच से नाराज आरोपियों ने सुनियोजित ढंग से वारदात को अंजाम दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर ग्राम प्रधान मान सिंह, रामशरण, रामजस, रामसुरेश, नीरज, सूरज, धनंजय समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह ने बताया कि शाम करीब सात बजे मारपीट की सूचना मिली थी। घायल को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। थाना अध्यक्ष चंद्रभान ने बताया कि कुछ लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

## बेखौफ चोरों ने निमंत्रण से बाइक किया पार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत फूला के गांव फतेहगंज में आयोजित निमंत्रण से बेखौफ चोरों द्वारा एक मोटर साइकिल पार कर दी गई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर बाइक की छानबीन में जुट गई है।थाना क्षेत्र के गांव पूरे रजई मजरे फूला निवासी मान सिंह पुत्र जगन्नाथ मोटर साइकिल हीरो स्पलेंडर संख्या यूपी 33 बीई 3364 से गांव फतेहगंज में तेज बहादुर के यहां आयोजित निमंत्रण में गये थे वह वहां पर भोजन करने के बाद जब घर के लिये निकले तो उनकी मोटर साइकिल नदारद रही तो उसकी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नही लग सका। बताते चलें कि उक्त मोटर साइकिल मान सिंह के पिता जगन्नाथ के नाम थी। पीड़ित ने पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराते हुये लिखित तहरीर सौंपी। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये अभियोग दर्जकर लिया है और बाइक की तलाश के लिये पुलिस टीम जुट गई है।

## आंधी और बारिश ने दिलाई भीषण गर्मी से राहत

सारण । पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और लू का सामना कर रहे जिले वासियों के लिए आज की शाम बड़ी राहत लेकर आई। लगातार चढ़ते पारे और तेज धूप से बेहाल लोगों को शाम होते ही बदले मौसम ने सुकून दिया। अचानक आसमान में बादल छा गए और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई।

अचानक हुए मौसम परिवर्तन से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। धूल भरी आंधी के बाद हुई वर्षा ने वातावरण को सुहाना बना दिया, जिससे शहर और ग्रामीण इलाकों के लोगों ने चैन की सांस ली। हालांकि तेज हवाओं के कारण शहर के कुछ हिस्सों में पेड़ों की टहनियां गिरने और शहर समेत कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित होने की खबरें भी सामने आई हैं।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता अभियान महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थानों द्वारा इस अभियान को सक्रिय रूप से संचालित किया गया।

अभियान के तहत पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों और अन्य जगहों पर पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं और आम लोगों को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम, आत्मरक्षा के तरीके और कानूनी सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम में विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, बाल सहायता नंबर 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। साथ ही लोगों को पोर्टल के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया गया। पुलिस का यह अभियान महिलाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। स्कूल वाहनों पर सख्ती 174 फिटनेस समाप्त, 442 वाहन ब्लैकलिस्ट सुलतानपुर। जिले में स्कूली वाहनों की सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर परिवहन विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने जानकारी दी कि अपर मुख्य सचिव, परिवहन विभाग एवं परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर उ0प्र0 मोटरयान नियमावली 1998 के तहत स्कूल वाहनों के लिए विशेष प्रावधानों का सख्ती से अनुपालन कराया जा रहा है। इसी क्रम में परिवहन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से जनपद के सभी 3639 विद्यालयों को ऑनबोर्ड कर लिया गया है। साथ ही उनके अंतर्गत संचालित सभी वाहनों का निरीक्षण भी पूरा कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। कुल 174 वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र समाप्त पाए गए, जबकि 215 वाहनों के परमिट खत्म हो चुके हैं। इसके अलावा 227 वाहनों ने अब तक परमिट ही प्राप्त नहीं किया है। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 174 फिटनेस समाप्त वाहनों का पंजीयन प्रमाण पत्र निलंबित कर दिया है। वहीं 215 परमिट समाप्त और 227 बिना परमिट वाले वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। परिवहन विभाग ने संबंधित स्कूलों को नोटिस जारी कर जल्द से जल्द फिटनेस और परमिट प्रमाण पत्र वैध कराने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि ऐसे वाहन सड़कों पर चलते पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।





# भारतीय गोल्फ के दिग्गज विजय कुमार का निधन

एजेंसी



नई दिल्ली । भारतीय गोल्फ के दिग्गज और पूर्व इंडियन ओपन चैंपियन विजय कुमार का 57 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार को उनके निधन की पुष्टि प्रोफ़ेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने की। पीजीटीआई ने एक बयान में कहा कि डीपी वर्ल्ड प्रोफ़ेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई) दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करता है। उनका निधन 28 अप्रैल को उनके गृह नगर लखनऊ में 57 वर्ष की आयु में हृदयाघात के कारण हुआ।

वर्ष 2002 इंडियन ओपन के विजेता और चार बार के ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन विजय कुमार भारतीय पेशेवर गोल्फ के सबसे सफल और सम्मानित नामों में से एक थे। उनका जन्म 29 सितंबर 1968 को लखनऊ में हुआ था। उन्होंने 1990 के दशक के मध्य से लेकर अगले दशक की शुरुआत तक भारतीय घरेलू गोल्फ में अपना दबदबा बनाए रखा और कई खिताब जीते।

वर्ष 2002 के इंडियन ओपन में विजय की शानदार जीत भारतीय गोल्फ में एक यादगार पल है। वह इंडियन ओपन का खिताब जीतने वाले सिर्फ नौ भारतीय गोल्फरों में से एक हैं। विजय ने स्कॉटलैंड के सेंट एंड्रयूज में खेले गए अल्फ्रेड डनहिल कप 1999 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

अपनी कुशलता, निरंतरता, प्रतिस्पर्धी भावना और अनुकरणीय आचरण के लिए व्यापक रूप से प्रशंसित विजय ने गोल्फरों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और देश में इस खेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डीपी वर्ल्ड प्रोफ़ेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कपिल देव ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि विजय कुमार भारतीय गोल्फ के सच्चे दिग्गजों में से एक थे। उनकी उपलब्धियों, विनम्रता और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें गोल्फरों की कई पीढ़ियों के लिए आदर्श बना दिया। उनका निधन भारतीय गोल्फ के लिए एक बड़ी क्षति है। हम उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। डीपी वर्ल्ड प्रोफ़ेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के सीईओ अमनदीप जोहल ने कहा कि विजय कुमार भारतीय गोल्फ के सर्वश्रेष्ठ पेशेवर खिलाड़ियों में से एक थे। वर्ष 2002 इंडियन ओपन में उनकी जीत और उनके चार ऑर्डर ऑफ मेरिट खिताब हमारे खेल के गौरवशाली इतिहास का हिस्सा बनकर हमेशा याद रखे जाएंगे। उन्होंने भारत में पेशेवर गोल्फ के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया और आने वाले वर्षों तक खिलाड़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

# रवि राज और देवांश बिष्ट के शानदार खेल से श्याम लाल कॉलेज सेमीफाइनल में

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के श्याम लाल कॉलेज ने दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन की ओर से आयोजित खेलो डीयू क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमिफाइनल में जगह बना ली है। टीम के लिए रवि राज और देवांश बिष्ट ने क्रमशः बल्लेबाजी और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्याम लाल कॉलेज की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए। जवाब में शिवाजी कॉलेज की टीम 10 ओवरों में 76 रन पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम के लिए रवि राज ने 36 गेंदों में 78 रन, आयुष पंचाल 30 गेंदों में 53 रन, पारस 9 गेंद में 34 रन और आर्यन शर्मा 14 गेंदों में 23 रन बनाए। देवांश बिष्ट (2-0-3-5) और संदीप (3-0-26-2) ने बेहतरीन गेंदबाजी की।



इससे पहले के मैच में श्याम लाल कॉलेज ने श्री अरबिंदो कॉलेज को 4 विकेट से हराया था। इस मैच में अस्मित (31), रवि राज (2/8) और संदीप (2/21) ने विजेता टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया था। पहले दौर के मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज (मॉर्निंग) ने एसएलसी (ईवनिंग) को 7 विकेट से हराया था। विजेता टीम के लिए आयुष पांचाल (24), विनय नेगी (18) और अनिर्बान घोष (17) ने बल्लेबाजी में तथा संदीप (2/18) ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो में प्रयागराज के खिलाड़ियों ने जीते 29 पदक

प्रयागराज। हरिद्वार में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित हुई तीसरी संकल्प कप राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में मौसम विहार व मंगल विहार अकादमी कांलिंदीपुरम और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल प्रयागराज के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 29 पदक जीते,जिसमें 14 स्वर्ण, 10 रजत एवं पांच कांस्य पदक शामिल हैं। विष्णु भगवान ताइक्वांडो अकादमी के प्रशिक्षक अनुराग सिंह ने बुधवार को बताया कि प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग में प्रयागराज के 31 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें अनुपम कुमार चक्रवर्ती, कात्यायिनी सिंह, आस्था यादव, सक्षम दुबे, अविरल अर्पण, सरगम कुमारी, अनन्या गुर्टू, पंखुड़ी राव, सिद्धी पाण्डेय, अभिजीत पाल, तेजस्विनी चतुर्वेदी, आस्था सेन, श्रेया भारती, शालिनी सिंह ने स्वर्ण पदक जीते जबकि सक्षम पाण्डेय, अयान यादव, गौरव सिंह, समृद्धि मिश्रा, सिया यादव, आयूष पाल, अर्णव राव चांदनी पाल, प्रनवी शर्मा, श्रुति चौरसिया ने रजत पदक एवं अक्षत कुमार चक्रवर्ती, मान्या, यश्वनी कुमार, शक्ति यादव व वंतिका यादव ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने बताया कि नकुल तिवारी टीम के कोच एवं आकाश कुशवाहा व विराट यादव मैनेजर रहे। टीम को वीबीपीएस के प्रबंध निदेशक अभिषेक तिवारी, प्रधानाचार्य दिनेश श्रीवास्तव, अतुल सिद्धार्थ, मनोज कुमार आदि ने बधाई दी है।

### आईपीएल की पसंदीदा टीम को लेकर गांगुली बोले, कई टीमों का प्रदर्शन शानदार

कोलकाता। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में किसी एक टीम को स्पष्ट रूप से पसंदीदा बताना मुश्किल है। उनके अनुसार इस सीजन कई टीमें शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। गांगुली और उनकी पत्नी डोना गांगुली ने बुधवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दूसरे चरण में अपना वोट डाला। उन्होंने दक्षिण 24 परगना के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। मतदान के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गांगुली ने आईपीएल 2026 सीजन में पसंदीदा टीम पर अपनी राय व्यक्त की। गांगुली ने कहा कि आईपीएल में इस बार कई टीमें हैं, किसी एक टीम को पसंदीदा बताना मुश्किल है। पंजाब किंग्स अच्छा खेल रही है, राजस्थान रॉयल्स अच्छा कर रही है और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भी अच्छा खेल रही है। उन्होंने कहा कि सबके सात-आठ मैच हुए हैं। अभी आधा टूर्नामेंट बाकी है। आईपीएल 2026 की अभी तक की अंक तालिका में नजर डालें तो पंजाब किंग्स टॉप पर है। टीम के आठ मैचों में 13 अंक हैं। दूसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है, जिसके आठ मैचों में 12 अंक हैं। राजस्थान रॉयल्स नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटन्स आठ मैचों में 8 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर हैं। दोनों के 6-6 अंक हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के 8 मैचों में 5 अंक हैं, जबकि मुंबई इंडियंस के सात मैचों में 4 अंक हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स 8 मैचों में चार अंक के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

### कुमार संगकारा ने इम्पैक्ट सब के रूप में शुभम दुबे के प्रदर्शन को बताया शानदार

न्यू चंडीगढ़ । राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने 31 वर्षीय बल्लेबाज शुभम दुबे की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि 'इम्पैक्ट सब' के तौर पर आकर उन्होंने जो किया वह शानदार है। शुभम दुबे ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की टेबल टॉपर पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत में अहम रोल निभाया था। उन्होंने मैच में इम्पैक्ट सब के रूप में उतरते हुए बेहतरीन 12 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाए थे। इस मुकाबले में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 222 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव सूर्यवंशी (43) और यशस्वी जायसवाल (51) ने शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन मध्य ओवरों में लगातार विकेट गिरने से राजस्थान पर दबाव बढ़ने लगा था। 14 ओवरों के बाद राजस्थान का स्कोर 4 विकेट पर 151 रन था। यहां इम्पैक्ट सब के रूप में शुभम दुबे को बल्लेबाजी के लिए उतारा गया। शुभम दुबे ने डोनोवन फरेरा के साथ मिलकर शानदार बल्लेबाजी की और टीम को 4 गेंद शेष रहते जीत दिला दी। दुबे ने 12 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्के लगाते हुए नाबाद 31 रन बनाए। फरेरा ने नाबाद 52 रन की पारी खेली।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुमार संगकारा ने कहा कि मुझे पता है कि वैभव पर बहुत ध्यान केंद्रित है क्योंकि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन जब मैं अपनी टीम को देखता हूं- वैभव, ध्रुव, यश, रियान, फरेरा, दुबे, जडेजा और शनाका तो ये सभी शीर्ष क्रिकेटर हैं। संगकारा ने दुबे की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए कहा कि मैच में दुबे ने एक 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर आकर जो किया, वह सबसे मुश्किल कामों में से एक है। क्योंकि, आपको पता ही नहीं होता कि आप खेल रहे हैं या नहीं। इसलिए, मानसिक तौर पर वह बेहद मजबूत हैं। वह अपना ध्यान बनाए रख पाए और मैदान पर जाकर मैच को हमारी तरफ मोड़ दिया। वह एक बहुत ही मुश्किल स्थिति में खेलने उतरे थे। उन्होंने फरेरा के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि वह जबरदस्त थे।

### आईपीएल 2026: वैभव सूर्यवंशी ऑरेंज कैप की रेस में पहुंचे नंबर-1 पर

न्यू चंडीगढ़ । राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर काबिज हो गए हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ मंगलवार रात खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मुकाबले में 16 गेंदों में ताबड़तोड़ 43 रन की पारी खेली। इस मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हार का समाना करना पड़ा। वैभव ने विस्फोटक पारी में 3 चौके और 5 छक्के लगाए। इसी के साथ वह इस सीजन में 400 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस सीजन में अबतक खेले 9 मैचों में 44.44 की औसत और 238.09 की बेहतरीन स्ट्राइक रेट के साथ 400 रन बनाए। इस दौरन उनके बल्ले से एक शतक और दो अर्धशतक निकले हैं। ऑरेंज कैप की दौड़ में उनके बाद अभिषेक शर्मा (380 रन), केएल राहुल (358 रन), विराट कोहली (351 रन) और हेनरिक क्लासेन (349 रन) शामिल हैं। वहीं प्रभसिमरन सिंह 346 रन के साथ छठे स्थान पर हैं।

पर्पल कैप की रेस में कड़ी टक्कर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने इस मैच में एक विकेट लेकर अपने कुल विकेटों की संख्या 14 कर ली और पर्पल कैप की दौड़ में दूसरे स्थान पहुंच गए। उनके साथ भुवनेश्वर कुमार (टॉप पर), अंशुल कंबोज (तीसरे नंबर) और ईशान मलिंगा (चौथे नंबर) के भी 14-14 विकेट हैं। इसके बाद प्रिंस यादव और कागीसो रबाडा 13 विकेट के साथ बने हुए हैं।

# नौशीन नाज: सब्जियां बेचने से टॉप स्कोरर बनने तक का प्रेरक सफर

एजेंसी

भोपाल। हाल ही में सपन्न हुई 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 में कई उभरती प्रतिभाओं ने अपनी छाप छोड़ी है जिसमें एक नाम नौशीन नाज का भी है। मध्य प्रदेश के सिवनी की इस 15 वर्षीय स्ट्राइकर ने अपने शानदार खेल से सभी का ध्यान खींचते हुए पूरे टूर्नामेंट में 9 गोल दागे और टॉप स्कोरर बनकर खुद को नई स्टार के रूप में स्थापित किया।

वर्तमान में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) भोपाल में अंडर-18 राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही नौशीन का राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना उनकी दृढ़ता का प्रमाण है। उनकी यह यात्रा आर्थिक कठिनाइयों और गहरी सामाजिक रूढ़ियों को दूर करने के उनके अटूट संकल्प से



प्रेरित है। अपनी बड़ी बहन ताहूर नाज से प्रेरित होकर नौशीन हॉकी खेलने के लिए बेताब थी लेकिन उसके पास हॉकी स्टिक नहीं थी। नौशीन ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा कि त्रमैंने अपनी बहन से कहा कि मैं खेलना चाहती हूं लेकिन हमारे पास स्टिक खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। मुझे मैदान में एक टूटी हुई स्टिक मिली और मैं उसे घर ले आई। मैं उसे एक स्थानीय लोहार के पास ले गई और उसने कील लगाकर उसके टुकड़ों को जोड़ दिया। मैंने उसी स्टिक से पूरे एक साल अभ्यास किया। आखिरकार मुझे एक डे-बोर्डिंग प्रोग्राम से एक सही स्टिक मिली। साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली नौशीन को आर्थिक तंगी के अलावा अपने गृहनगर में सामाजिक संघर्षों का भी सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि त्रमैं एक बेहद गरीब परिवार से आती हूं और मेरे समुदाय में बहुत कम लोग लड़कियों को खेलने के लिए प्रोत्साहित करते थे। लोग कहते थे कि लड़कियों को खेलने के लिए बाहर नहीं निकलना चाहिए। हालात इतने बिगड़ गए कि मैंने दो साल तक खेलना ही छोड़ दिया और अपने पिता को सब्जियां बेचने में मदद की। उनकी मां के अटूट समर्थन ने उन्हें मैदान में वापस लाया। उन्होंने कहा कि त्रमेरी मां हमेशा मेरे साथ खड़ी रहीं। मां ने पिता से कहा कि उन्हें अपनी बेटी के जुनून का समर्थन करना चाहिए और दूसरों की बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्हीं की वजह से मैं ग्वालियर महिला हॉकी अकादमी में शामिल हो सकी और आखिरकार इस शिविर तक पहुंच पाई। इस टूर्नामेंट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नौशीन ने कहा कि त्रयह प्रतियोगिता हम जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण मंच है। यह हमें अपनी प्रतिभा दिखाने और खेल में आगे बढ़ने का अवसर देती है। इस मंच पर खेलने से मुझे यह विश्वास मिला है कि अगर मैं कड़ी मेहनत करती रहूं तो अपने सपनों को हासिल कर सकती हूं। अब भोपाल शिविर में पूर्व भारतीय कप्तान रानी रामपाल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही नौशीन बुनियादी बातों को निखारने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

## श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने अपने पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बोर्ड ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान में बताया कि एसएलसी के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने आज अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ एसएलसी की एग्जीक्यूटिव कमिटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है।एसएलसी के अनुसार इस फैसले के बारे में औपचारिक रूप से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और युवा मामले एवं खेल मंत्री सुनील कुमारा गमागे को बता दिया गया है। हालांकि बोर्ड इस्तीफों का तत्काल कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है।ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार सिल्वा ने फरवरी 2019 में अध्यक्ष का पद संभाला था। उन्होंने थिलंगा सुमाथिपाला का स्थान लिया, जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे।

# बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने आईसीसी वनडे रैंकिंग में लगाई छलांग

एजेंसी

नई दिल्ली। बांग्लादेश गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान और नाहिद राणा को आईसीसी पुरुष वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। बांग्लादेश ने हाल ही में अपने घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 2-1 से वनडे सीरीज जीत हासिल की और तीन मैचों की सीरीज में इन तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

शोरिफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान और नाहिद राणा ने सीरीज जीत में अहम योगदान देते हुए बांग्लादेश के लिए कुल 18 विकेट लिए, जिसका फायदा इन्हें वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में हुआ। वनडे गेंदबाजों की अपडेटेड रैंकिंग में शोरिफुल 11 पायदान ऊपर चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि रहमान 14 पायदान ऊपर चढ़कर 41वें स्थान पर पहुंच गए।



सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे राणा ने अपने शानदार प्रदर्शन के बाद 16 पायदान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान हासिल किया।

न्यूजीलैंड के लिए इस सीरीज में पांच विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के 21 पायदान ऊपर चढ़ते हुए 51वें स्थान पर पहुंच गए।

वनडे बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में भी कुछ ऐसी ही कहानी देखने को मिली, जिसमें नजमुल हुसैन शांतो (11 स्थान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और लिटन दास (15 स्थान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर) को फायदा हुआ। इस अनुभवी जोड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अहम योगदान दिया। सीरीज में नजमुल ने कुल 155 रन और लिटन ने 129 रन बनाए।

वनडे ऑलराउंडरों की रैंकिंग में मेहदी हसन मिराज को फायदा हुआ है। सीरीज के निर्णायक मैच में 22 रनों की नाबाद पारी और दो विकेट लेने के बाद 28 वर्षीय खिलाड़ी एक स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

न्यूजीलैंड के साथ टी20 सीरीज के पहले मैच में अर्धशतक लगाने वाले बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद हृदोय टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर 39वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि उनके साथी खिलाड़ी परवेज हुसैन एमोन तीन पायदान ऊपर चढ़कर 40वें स्थान पर पहुंचे।

## पाकिस्तान दौरे के लिए जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने बुधवार को पाकिस्तान के आगामी सफ़ेद गेंद दौरे के लिए अपनी महिला टीम की घोषणा की। इसके लिए जिम्बाब्वे ने कई युवा खिलाड़ियों को टीम में मौका दिया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट के अनुसार 15 खिलाड़ियों की इस टीम में 10 नए चेहरे हैं, जो युवा विकास और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मकता की दिशा में साहसिक बदलाव का संकेत देते हैं। दौरे के लिए जिम्बाब्वे महिला टीम की टेक्निकल डायरेक्टर स्टीव मैंगोंगो ने कहा कि ये बदलाव सोच-समझकर किए गए और जरूरी भी थे क्योंकि टीम फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से बदल रही है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि अपने खिलाड़ी आधार को व्यापक बनाते हुए युवा प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाएं। उन्होंने कहा कि टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन से चूकने के बाद हमने ईमानदारी से देखा कि हम कहां हैं। उन्होंने कहा कि नई प्रतिभाओं को सामने लाने का यह सही समय है। अब हमारे पास काम करने के लिए एक बड़ा पूल है क्योंकि हम एफटीपी और आने



वाले क्वालिफायर को देख रहे हैं। मैंगोंगो ने इस बात पर जोर दिया कि चयन प्रक्रिया सिर्फ प्रतिभा की पहचान तक ही सीमित नहीं रहती, इसमें शारीरिक फिटनेस और दीर्घकालिक खिलाड़ी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हाई परफॉर्मेंस प्रोग्राम के अंतर्गत हमारे मुख्य उद्देश्यों में से एक सर्वांगीण एथलीटों का विकास करना है। हम सबने देखा है कि महिलाओं का खेल कैसे बदला है, खासकर बैटिंग और फील्डिंग में। हमें विश्वास है कि ये युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने कदम रखते हुए जल्दी सीखेंगी और महिला क्रिकेट में गहराई और विविधता लाएंगी। जिम्बाब्वे महिला टीम का यह पाकिस्तान का पहला दौरा होगा। इस दौरे पर टीम कुल छह मैच (तीन वनडे और तीन टी20) खेलेगी।

# भारत में पहली बार स्वर्ण आभूषणों से ज्यादा रही निवेश की मांग: डब्लूजीसी

एजेंसी

नई दिल्ली । भारत में हमेशा से आभूषणों के रूप में सोना खरीदने की परंपरा रही है लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। सोने की निवेश मांग ने आभूषण बनाने के लिए सोने की खरीद को पीछे छोड़ दिया है। देश में पहली बार निवेश में 86 मीट्रिक टन सोना इस्तेमाल हुआ, तो गहनों में सिर्फ 66 मीट्रिक टन सोने की खपत हुई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्लूजीसी) ने बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया कि 31 को समाप्त मार्च तिमाही के दौरान भारत में निवेश की मांग पिछले साल के मुकाबले 52 फीसदी बढ़कर 82 मीट्रिक टन हो गई, जबकि आभूषणों की मांग 19.5 फीसदी गिरकर 66 मीट्रिक टन रह गई। रिपोर्ट में बताया कि मार्च तिमाही में भारत में सोने की निवेश मांग पहली बार आभूषणों की खपत से ज्यादा हो गई क्योंकि इक्विटी बाजार में कम रिटर्न मिलने के कारण निवेशकों ने इस कीमती धातु की ओर रुख किया।

डब्लूजीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता देश में निवेश की मज़बूत मांग ने कीमतों में तेज़ी के कारण गहनों की खरीद में आई गिरावट की कुछ हद तक भरपाई कर दी, जिससे कुल मांग स्थिर बनी रही। डब्लूजीसी के भारतीय संचालन के मुख्य कार्यकारी सचिन जैन ने बताया, ''पहली बार निवेश की मांग गहनों की मांग से ज़्यादा हो गई है।'' ''आने वाली तिमाहियों में निवेश की मांग और भी ज़्यादा अहम हो जाएगी क्योंकि फ़ाइनेंशियल और रिटेल दोनों तरह के निवेशक सोने में ज़्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक मार्च तिमाही के दौरान देश में कुल सोने की खपत 10.2 फीसदी बढ़कर 151 मीट्रिक टन पहुंच गई। पहली बार निवेश मांग ने कुल खपत में आभूषणों से ज्यादा हिस्सा लिया ।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक लिवालों और बिकवालों के बीच मामूली खींचतान भी हुई, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में मामूली उतार-चढ़ाव भी होता रहा। हालांकि पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इन दोनों सूचकांकों की मजबूती लगातार बढ़ने लगी। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.76 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। आज प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से मारुति सुजुकी,



आईटीसी, आयशर मोटर्स, मैक्स हेल्थकेयर और टेक महिंद्रा के शेयर 4.14 प्रतिशत से लेकर 1.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1.89 प्रतिशत से लेकर 0.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,617 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,942 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 675 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने संबंधी आदेश फर्जी : सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढोतरी से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा आदेश फर्जी है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया है।

सोशल मीडिया पर वायरल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के इस कथित आदेश में दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल की कीमत में दस रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में साढे बारह रुपये प्रति लीटर की बढोतरी की गयी है। कथित आदेश में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में अप्रत्याशित बढोतरी के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने इस बढोतरी का निर्णय लिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र




सूचना कार्यालय पीआईबी की फैक्ट चैक टीम ने बुधवार को इस कथित आदेश की जांच के बाद कहा है कि यह फर्जी है और सरकार ने पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में बढोतरी का कोई आदेश जारी नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि सरकार की ओर से मंगलवार को भी कहा गया था कि पेट्रोल और डीजल कीमत बढाये जाने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है।

# ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दिये जाने के पक्षधर हैं सम्राट चार्ल्स-3 : ट्रंप

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स-3 भी इस बात से सहमत हैं कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

श्री ट्रंप ने पश्चिम एशिया नीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा और इस मुद्दे पर सम्राट चार्ल्स भी उनकी सोच से सहमत हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ब्रिटेन की संवैधानिक परंपराओं के संदर्भ में असहज मानी जा रही है, क्योंकि ब्रिटिश सम्राट परंपरागत रूप से राजनीतिक रूप से तटस्थ रहते हैं और सरकारी नीति या अंतरराष्ट्रीय संघर्षों पर सार्वजनिक रूप से पक्ष नहीं लेते।ब्रिटेन में संवैधानिक व्यवस्था के तहत सम्राट किसी भी दलगत या प्रत्यक्ष राजनीतिक रुख से दूरी बनाए रखते हैं। ऐसे में श्री ट्रंप का यह दावा राजनीतिक और कूटनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि ईरान से जुड़ा युद्ध ब्रिटेन का युद्ध नहीं है और वह इस संघर्ष में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने के पक्ष में नहीं हैं।



उन्होंने यह भी दोहराया है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए, जो लंबे समय से ब्रिटिश सरकारों की नीति रही है। हाल के अमेरिकी दौरे के दौरान सम्राट चार्ल्स ने अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए अमेरिका-ब्रिटेन संबंधों, साझा मूल्यों और वैश्विक सहयोग पर जोर दिया था। उनकी यात्रा को दोनों सहयोगी देशों के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव को कम करने के एक प्रयास के रूप में व्यापक रूप से देखा गया। ईरान संघर्ष से निपटने के तरीके को लेकर कुछ सहयोगी देशों के साथ मतभेदों के बाद श्री ट्रंप ने अमेरिका को नाटो से अलग करने की संभावना जतायी है। इस कदम के लिए कांग्रेस की मंज़ूरी ज़रूरी होगी और इसका कड़ा विरोध होने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस में आयोजित राजकीय भोज के दौरान सम्राट चार्ल्स और श्री ट्रंप के बीच हल्के-फुल्के अंदाज में ऐतिहासिक संदर्भों पर आधारित हास्यपूर्ण टिप्पणियां भी हुईं। सम्राट चार्ल्स ने श्री ट्रंप के एक हालिया बयान का जवाब देते हुए मजाकिया लहजे में कहा कि यदि ब्रिटिश प्रभाव न होता तो शायद अमेरिकी फ्रेंच भाषा बोल रहे होते, जिस पर उपस्थित लोगों ने ठहाके लगाए। उल्लेखनीय है कि श्री ट्रंप ने दावोस शिखर सम्मेलन में कहा था कि विश्व युद्ध-2 में अगर अमेरिका हस्तक्षेप न करता तो ब्रिटेन के लोग जर्मन और जापानी भाषाएं बोल रहे होते। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सम्राट चार्ल्स ने कुछ समकालीन विषयों पर भी बात की और व्हाइट हाउस के 'ईस्ट विंग' में हुए ''पुनर्समायोजनों'' का ज़िक्र किया। बताया जाता है कि श्री ट्रंप ने एक नयी बॉलरूम परियोजना के हिस्से के तौर पर इस विंग को फिर से विकसित करवाया है। इसके बाद उन्होंने 1812 के युद्ध का एक ऐतिहासिक संदर्भ दिया, जब ब्रिटिश सेनाओं ने व्हाइट हाउस को जला दिया था। सम्राट चार्ल्स ने कहा, ''मुझे यह कहते हुए अफ़सोस है कि हम ब्रिटिश लोगों ने 1814 में व्हाइट हाउस के रियल एस्टेट पुनर्विकास का प्रयास किया था।'' उन्होंने 'बॉस्टन टी पार्टी' का भी ज़िक्र किया और मज़ाकिया लहजे में कहा कि यह 'स्टेट डिनर' 1773 के उस विरोध प्रदर्शन से 'काफ़ी बेहतर' है, जिसमें अमेरिकी उपनिवेशवादियों ने ब्रिटिश चाय को बंदरगाह में फेंक दिया था।

## राजनाथ ने पाकिस्तान को दी 'क्लीन चिट' : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान को 'क्लीन चिट' दे दी है और दावा किया कि ऐसा अमेरिका को खुश करने के लिए किया गया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि निश्चित रूप से रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वीकृति और निर्देश पर ही किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में 'क्लीन चिट' दी है। उन्होंने इसे शर्मनाक बताया और सवाल किया कि सरकार को ये बताना चाहिए कि क्या पाकिस्तान आतंकवाद का केन्द्र नहीं है। उन्होंने सवाल किया'' क्या वहां भारत के खिलाफ आतंकी शिविर नहीं चल रहे हैं और क्या मुंबई तथा पहलगाम जैसे हमलों की साजिश पाकिस्तान से जुड़े आतंकियों ने नहीं रची थी। श्री रमेश ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के प्रति सरकार का यह रुख अमेरिका को खुश करने और चीन के सामने संतुलन साधने की नीति का हिस्सा है। उन्होंने 19 जून 2020 को चीन को लेकर दिए गए श्री मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि श्री सिंह का यह भी उसी तरह का चौंकाने वाला रुख है।

# भवानीपुर में शुभेंदु-तृणमूल समर्थकों में झड़प, पुलिस का हल्का लाठीचार्ज

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान भवानीपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एवं नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के दौरे के समय बुधवार को भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तनाव बढ़ गया, जिसके बाद सुरक्षा बलों और पुलिस को हल्का लाठीचार्ज कर स्थिति नियंत्रित करनी पड़ी।

कालीघाट इलाके में मतदान के बीच श्री अधिकारी के पहुंचने पर तृणमूल कार्यकर्ताओं ने ''जय बंगला'' के नारे लगाए, जिसके बाद दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच नारेबाजी और धक्का-मुक्की शुरू हो गयी। स्थिति बिगड़ने पर केंद्रीय बलों और कोलकाता पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए



दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर किया। पुलिस के अनुसार अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मुख्यमंत्री और तृणमूल उम्मीदवार ममता बनर्जी का निवास भवानीपुर के कालीघाट में है। यह इस चुनाव में राज्य की सबसे हाई-प्रोफाइल सीटों में शामिल है। श्री अधिकारी ने घटना के दौरान आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री मतदाताओं को प्रभावित और भयभीत करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मतदान की रफ्तार धीमी है और केंद्रीय बलों की मौजूदगी से तृणमूल घबराई हुई है। श्री अधिकारी ने कहा, ''ममता उम्मीदवार हैं, बूथ जा सकती हैं, लेकिन इतने लोगों के साथ आकर क्या मतदाताओं को डराने की कोशिश हो रही है? तृणमूल समर्थकों के 'जय बंगला' नारों पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री अधिकारी ने विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा कि मुसलमान जय बंगला के नारे लगा रहे हैं, जबकि हिन्दू भाजपा के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर श्री अधिकारी ने ममता बनर्जी को करीबी अंतर से हराया था, हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में प्रचंड बहुमत हासिल कर सरकार बनाई थी। बाद में ममता बनर्जी भवानीपुर उपचुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचीं। भवानीपुर में यह सीधा मुकाबला राज्य की राजनीति के सबसे प्रतीकात्मक चुनावी संघर्षों में गिना जा रहा है जिस पर पूरे देश की निगाहें लगी हैं।

## आईपीएस अजय पाल शर्मा को बंगाल चुनाव पर्यवेक्षक पद से हटाने की मांग, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में चुनाव पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा को हटाने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि श्री शर्मा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में निष्पक्षता नहीं बरत रहे हैं।

याचिकाकर्ता आदित्य दास ने अपनी अर्जी में चल रही चुनाव प्रक्रिया के दौरान शर्मा के आचरण पर चिंता जताई गई है। उन्होंने तर्क दिया है कि श्री शर्मा के कार्य एक चुनाव पर्यवेक्षक से अपेक्षित निष्पक्षता की आवश्यकता को कमजोर करते हैं। याचिका में हाल ही में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का हवाला दिया गया है, जिसमें श्री शर्मा कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार जहांगीर खान को चेतावनी देते नजर आ रहे हैं।

# 'राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता और समयबद्ध कार्य से समझौता नहीं'

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और रखरखाव में गुणवत्ता मानकों के कड़ाई से पालन, समयबद्ध निष्पादन तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर देते हुए अधिकारियों को मानसून से पूर्व पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

श्री गडकरी ने बुधवार को यहां महाराष्ट्र में 18,462 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता और रखरखाव और प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान कही। इस दौरान मंत्रालय में राज्य मंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा के साथ मंत्रालय तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) वरिष्ठ अधिकारी और परियोजनाओं से जुड़े ठेकेदारों उपस्थित थे। बैठक के दौरान श्री गडकरी ने कहा कि राजमार्ग अवसंरचना को टिकाऊ, सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाना आवश्यक बताया और कहा कि संपर्क सुविधा बेहतर होनी चाहिए, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले और यात्रियों को सुविधा प्राप्त हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानसून से पहले सड़कों की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए निवारक उपाय अपनाए जाएं तथा त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र विकसित किया जाए, ताकि सड़क सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित किया जा सके।

## डीडब्ल्यूआर नेटवर्क के विस्तार से मौसम पूर्वानुमान में आई सटीकता: डॉ. जितेंद्र सिंह

नयी दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि वर्ष 2014 के बाद भारत के डॉप्लर मौसम राडार (डीडब्ल्यूआर) नेटवर्क में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने यहां भारतीय मौसम विभाग में एक 'मौसम राडार' थीम वाले सेल्फी प्वाइंट के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से कहा कि पिछले एक दशक में भारत की मौसम सेवाओं में बड़ा बदलाव आया है। पहले जहां पूर्वानुमानों पर संदेह किया जाता था, वहीं अब वे अधिक सटीक और विश्वसनीय हो गए हैं। उन्होंने बताया कि 'नाउकास्ट' जैसी सेवाओं के माध्यम से अगले तीन घंटों के लिए अत्यंत स्थानीय और सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, जो आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन और दैनिक जीवन के फैसलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# पेज एक का शेष

## एग्जिट पोल्स ने...

को 49-62 सीटों पर सीमित दिखाया है। अन्य सर्वे भी लगभग इसी तरह के रुझान दिखा रहे हैं। हालांकि 'पीपल्स पल्स' ने एलडीएफ की वापसी का अनुमान जताया है, लेकिन यह अकेला सर्वे है। बाकी अधिकांश एजेंसियां बदलाव की ओर इशारा कर रही हैं। यदि ये रुझान सही साबित होते हैं, तो केरल में मतदाता एक बार फिर सत्ता परिवर्तन की परंपरा को आगे बढ़ा सकते हैं।

तमिलनाडु में इस बार चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है। ज्यादातर एग्जिट पोल द्रमुक गठबंधन की वापसी का संकेत दे रहे हैं। कई सर्वे में उसे 120 से 160 सीटों के बीच दिखाया गया है, जो बहुमत के आंकड़े से काफी ऊपर है। लेकिन इस बार सबसे बड़ा फैक्टर अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके बनकर उभरी है। 'एक्सिस माय इंडिया' ने टीवीके को 98 से 120 सीटों तक मिलने का अनुमान जताया है, जिससे वह सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। 'कामाख्या एनालिटिक्स' ने भी टीवीके को 67-81 सीटों के साथ 'किंगमेकर' की भूमिका में दिखाया है। इससे यह साफ है कि तमिलनाडु में मुकाबला पारंपरिक दो दलों के बीच सीमित नहीं रह गया है। एनडीए गठबंधन को ज्यादातर सर्वे में तीसरे स्थान पर रखा गया है, हालांकि कुछ सर्वे में उसे भी मजबूत प्रदर्शन करते दिखाया गया है। पुदुचेरी में एग्जिट पोल्स ने एकतरफा रुझान दिखाया है। सभी प्रमुख सर्वे में एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है। 'प्रजा पोल' और 'कामाख्या एनालिटिक्स' ने एनडीए को 20 से अधिक सीटें दी हैं, जबकि 'एक्सिस माय इंडिया' और 'पीपल्स पल्स' ने भी उसे बहुमत के पार रखा है। कांग्रेस गठबंधन यहां काफी पीछे नजर आ रहा है और अन्य दलों का प्रभाव सीमित बताया गया है। इससे संकेत मिलता है कि पुदुचेरी में सत्ता परिवर्तन की संभावना कम है और एनडीए अपनी पकड़ बनाए रख सकता है। एग्जिट पोल्स चुनाव के बाद मतदाताओं से बातचीत के आधार पर तैयार किए जाते हैं, लेकिन ये अंतिम नतीजे नहीं होते। कई बार एग्जिट पोल्स गलत भी साबित हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मतदाताओं का वास्तविक रुझान कई बार सर्वे में पूरी तरह सामने नहीं आ पाता। खासकर ऐसे राज्यों में जहां मुकाबला करीबी हो, वहां एग्जिट पोल्स में अंतर ज्यादा देखने को मिलता है। बंगाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां अलग-अलग एजेंसियों के आंकड़ों में भारी अंतर देखने को मिल रहा है। कुल मिलाकर, विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल्स ने देश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। जहां कुछ राज्यों में स्पष्ट बहुमत के संकेत हैं, वहीं कुछ जगहों पर मुकाबला बेहद कंटे का है। सबसे बड़ा सवाल अब भी वही है–क्या बंगाल में बदलाव होगा या तृणमूल कांग्रेस एक बार फिर वापसी करेगी? इसका जवाब कुछ ही दिनों में सामने होगा, लेकिन फिलहाल एग्जिट पोल्स ने सियासी माहौल को पूरी तरह गरमा दिया है।

## हेट स्पीच पर अतिरिक्त...

जमीनी स्तर पर उनके क्रियान्वयन से पैदा होती है। आपराधिक अपराधों का निर्धारण करना विधायिका का काम है और अदालतें संसद या राज्य विधानसभाओं को नए कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं। वे ज्यादा से ज्यादा सुधार की आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित कर सकती हैं, लेकिन कानून बनाने का फैसला निर्वाचित निकायों का ही होता है। साथ ही, न्यायालय ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए टिप्पणी की, ''हम यह कहना उचित समझते हैं कि हेट स्पीच और अफवाह फैलाने से संबंधित मुद्दे सीधे तौर पर बंधुत्व, गरिमा और संवैधानिक व्यवस्था के संरक्षण को प्रभावित करते हैं। यह फैसला याचिकाओं के एक समूह पर आया है। इसमें 2022 में न्यायालय से जारी पिछले निर्देशों के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली अवमानना याचिकाएं भी शामिल थीं। उस समय, न्यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे औपचारिक शिकायतों का इंतजार किये बिना, स्वतः संज्ञान लेते हुए हेट स्पीच के खिलाफ मामले दर्ज करें।

## 'सुधार के नाम पर...

दावा करने वाला व्यक्ति भक्त है या नहीं। अदालत ने संकेत दिया कि धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में आस्था का पहलू भी अहम भूमिका निभाता है। यह टिप्पणी उन याचिकाओं की सुनवाई के दौरान आई, जिनमें सबरीमाला समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव का मुद्दा उठाया गया है। अदालत इस मामले में धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के अधिकार के बीच संतुलन पर विचार कर रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दलील दी कि सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट का पूर्व फैसला अब भी प्रभावी है और उस पर कोई रोक नहीं लगी है। इसके बावजूद महिलाओं को मंदिर में प्रवेश नहीं मिल पा रहा, जिसका कारण राज्य सरकार का पर्याप्त सहयोग न होना बताया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत धर्म की परिभाषा तय नहीं करती, बल्कि यह तय करना धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं का विषय है। सुनवाई के दौरान यह भी चर्चा हुई कि क्या संविधान को पूरी तरह नए दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए या फिर ऐतिहासिक संदर्भों को ध्यान में रखते हुए इसकी व्याख्या की जानी चाहिए। इस पर दोनों पक्षों के बीच गहन बहस हुई। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 10 से 50 वर्ष की आयु के बीच मंदिर में प्रवेश से रोकना उनके जीवन के महत्वपूर्ण दौर में अधिकारों से वंचित करना है। जयसिंह ने सुप्रीम कोर्ट के 2018 के फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि उस निर्णय में महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक को असंवैधानिक करार दिया गया था। बावजूद इसके, आज भी महिलाओं को मंदिर में प्रवेश में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। अदालत ने इस पर स्पष्ट किया कि महिला को उसके सामाजिक वर्ग के कारण नहीं, बल्कि आयु समूह के आधार पर रोका गया था। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि विविधता ही भारत की ताकत है और संविधान के अनुच्छेद 26 के तहत धार्मिक संप्रदायों को अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार भी दिया गया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि किसी धार्मिक प्रथा को आवश्यक या गैर-आवश्यक घोषित करना न्यायालय के लिए बेहद जटिल कार्य है।

## डंपर की...

खून ही खून पसरा था। चीखें सुनकर मौके पर दौड़े ग्रामीणों की भी रूह कांप गई। जिस नन्हे शुभ के मुंडन की खुशियां मनाई जा रही थीं, वह अपनी घायल मां मालती की गोद में लहूलुहान हालत में मिला। पठई गांव में जहां बुधवार को मुंडन की दावत होनी थी, वहां अब एक साथ छह अर्थियां उठने की तैयारी हो रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर की टक्कर के बाद बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और वह डंपर के नीचे ही खंती में दब गई। जब ग्रामीणों ने राहत कार्य शुरू किया, तो नजारा देख उनकी रूह कांप गई। गंभीर रूप से घायल मां मालती अपने जिगर के टुकड़े शुभ को सीने से लगाए मलबे में फंसी थीं। मां की गोद में शुभ बिल्कुल सहमा हुआ था, जैसे वह समझ ही नहीं पा रहा हो कि अभी कुछ देर पहले मंदिर में जो खुशियां थीं, वो अचानक लहूलुहान चीखों में कैसे बदल गईं। हादसे में मालती को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## गुजरात में स्मार्ट ...

उपभोक्ताओं की सहमति के ही प्रीपेड कर दिया जा रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार की एक ही योजना के लिए दो राज्यों में दो अलग-अलग नियमों पर सवाल उठने लगे हैं। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने भी इस व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब गुजरात के नियामक आयोग ने 25 मार्च को आरडीएसएस योजना के तहत लग रहे मीटरों के प्रीपेड में करने का विकल्प दिया है तो यूपी के नियामक आयोग को भी यही प्रावधान करने चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपी के नियामक आयोग में भी उपभोक्ताओं को उनका विकल्प दिए जाने के लिए याचिकाएं लंबित हैं। आयोग को उन पर फैसला देना चाहिए। अवधेश ने नियमों के विपरीत पावर कॉरपोरेशन के काम करने के प्रकरण की जांच करवाने की मांग की है। आरडीएसएस योजना के तहत यूपी में 78 लाख से ज्यादा पुराने मीटरों को बदल कर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इनमें से 75 लाख से ज्यादा प्रीपेड मोड में काम कर रहे।

## पश्चिम बंगाल चुनाव...

दो लाख से अधिक जवानों की तैनाती की गई थी। सबसे अधिक 274 कंपनियां केंद्रीय बल की तैनाती राजधानी कोलकाता में की गई। जबकि पूर्व बर्दवान जिले में 263, हुगली (ग्रामीण)क्षेत्र में 236 कंपनी तैनात रही। इसके साथ ही करीब 40 हजार पुलिसकर्मियों को चुनावी ड्यूटी पर लगाया गया था।

## महिला आरक्षण...

लिए रणनीति बना रही है। इधर, भारतीय जनता पार्टी विपक्ष को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 पारित न होने देने के मुद्दे पर घेरने की तैयारी में है। इस संशोधन का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण को तेजी से लागू करना और लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' का नेतृत्व किया था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में महिला रैली कर इस मुद्दे को प्रमुखता दी है। इस बीच, विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आज होगी, जिसमें विशेष सत्र की कार्यवाही का एजेंडा तय किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण पर व्यापक चर्चा के साथ-साथ बजट सत्र के बाद जारी छह अध्यादेशों को सदन में पेश किए जाने की संभावना है, जिनमें राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2026 भी शामिल है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 30 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। जिसको लेकर सरकार अपनी तैयारी में जुटी है।

## 'सपा विकास विरोधी...

पंचायतें, नगर पंचायतें, तहसील पंचायत... इन सब के चुनाव के नतीजे आए हैं। 80 से 85 प्रतिशत नगरपालिका और पंचायत भाजपा ने जीत ली हैं। मुझे विश्वास है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में भी भाजपा ऐतिहासिक जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है। 4 मई के नतीजे विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेंगे। देश के विकास की गति को नई ऊर्जा से भरेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले मुझे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के लोकार्पण का अवसर मिला था। तब मैंने कहा था कि ये नए बनते एक्सप्रेसवे विकसित होते भारत की हस्तरेखाएं हैं, और ये आधुनिक हस्तरेखाएं, आज भारत के उज्ज्वल भविष्य का जयघोष कर रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अब वो दौर चला गया, जब एक सड़क के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ता था। एक बार घोषणा हो गई तो वर्षों तक फाइलें चलती थीं। चुनाव के लिए पत्थर लग जाते थे, उसके बाद सरकारें आती-जाती रहती थीं, लेकिन काम का कुछ अता-पता नहीं लगता था। कभी-कभी पुरानी फाइलें ढूंढ़ने के लिए बड़े-बड़े अफसरों को दो-दो साल तक मेहनत करनी पड़ती थी। डबल इंजन सरकार में शिलान्यास भी होता है और तय समय में लोकार्पण भी होकर रहता है। पीएम मोदी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे यूपी के एक छोर को दूसरे छोर से तो जोड़ता ही है। ये गएट की असीम संभावनाओं को भी करीब लाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि पहले यूपी को पिछड़ा और बीमारू प्रदेश कहा जाता था, वही उत्तर प्रदेश आज एक ट्रिलियन द्ददधद्दध्रधद्दभ बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। यूपी के पास असीम क्षमता है, देश की इतनी बड़ी युवा आबादी का पोटेंशियल यूपी के पास है, इस ताकत का इस्तेमाल हम यूपी को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग देख रहे हैं कि आज पूरी दुनिया कैसे युद्ध, अशांति और अस्थिरता में फंसी हुई है। दुनिया के बड़े-बड़े देशों की हालत खराब है। लेकिन भारत विकास के रास्ते पर उसी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। भारत के दुश्मनों को यह पसंद नहीं आ रहा है। भीतर बैठे कुछ लोग सत्ता की भूख में भारत को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे हुए हैं। फिर भी हम न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि विकास के नए-नए कीर्तिमान भी गढ़ रहे हैं। हम आत्मनिर्भर भारत के अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। हम आधुनिक से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होने कहा, ञ्ज मुझे संतोष है कि देश की बहनें-बेटियां इनकी इस कुटिल मंशा को पहचान गई हैं। आप देख रहे हैं, असम, केरलम, पुडुचेरी, बंगाल और तमिलनाडु में बहनों ने रिकॉर्ड मतदान किया है। महिला आरक्षण विरोधी दलों को अंदाजा नहीं है कि बहनों का ये वोट महिला विरोधी इन दलों को सज़ा देने के लिए हुआ है। बहनों का ये वोट महिला विरोधी इन दलों को सज़ा देने के लिए हुआ है। उन्होने कहा ,ञ्ज बेटियों को अक्सर अनेक प्रकार के सवालों से गुजरना पड़ता था, तुम ये करके क्या करोगी। तुम्हें इसकी क्या जरूरत है? तू का करबू, तोहे का जरूरत ह, तू चुप रह, इ काम तोहसे ना हो पाई। और कई बार तो सवाल भी नहीं पूछे जाते थे, सीधे फरमान सुनाया जाता था, ये तुम्हारे बस का काम नहीं है। ऐसी परिस्थितियां सिर्फ काशी की बहनों के लिए रही हों, ऐसा नहीं है, देश की अधिकतर बहन-बेटियों के ऐसे ही अनुभव रहे हैं, और इसको सहज मान लिया जाता था। इसलिए मैं जब 25 साल पहले गुजरात में मुख्यमंत्री बना था, तो सबसे पहले मैंने ऐसी धारणाओं को तोड़ने का प्रयास किया। उस दौरान बेटियों के लिए समर्पित दो बड़ी योजनाएं शुरू की गई थीं। एक थी- शाला प्रवेशोत्सव, स्कूल में बच्चियों को एडमिशन, ताकि बेटियां ज्यादा संख्या में स्कूल पहुंचें, बीच में ही उनका स्कूल न छूटे। और दूसरी थी- मुख्यमंत्री कन्या केलवणी निधि, ताकि बेटियों की फीस में उनकी मदद की जा सके। श्री मोदी ने कहा कि तब से लेकर आज तक हमारी सरकार की नीतियों में निरंतर महिला कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। 2014 में आपने हमें सेवा का अवसर दिया, तो देश में 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बने, इज्जत घर बने। 30 करोड़ से ज्यादा बहनों के बैंक खाते खुलें। ढाई करोड़ से ज्यादा घरों में बिजली का कनेक्शन दिया गया। 12 करोड़ से ज्यादा घरों में नल से जल पहुंचाया गया। यानि, अनेक बड़ी योजना के केंद्र में बहनों-बेटियों को रखा गया।

## प्रदेश की समृद्धि...

डबल इंजन सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि जिस परियोजना का शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से प्रदेश के इस बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट 'गंगा एक्सप्रेसवे' का भव्य उद्घाटन आज संपन्न हो रहा है। प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2021 में जिस एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी थी, आज वही परियोजना लोकार्पण के साथ साकार रूप ले रही है। योगी ने हरदोई की पावन धरती को भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद और नरसिंह अवतार से जुड़ी आस्था की भूमि बताते हुए कहा कि इसी पवित्र स्थल पर यह ऐतिहासिक अवसर प्राप्त होना गौरव का विषय है। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर में भी भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण कार्यों को निरंतर गति देने और समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने का जो विजन प्रधानमंत्री ने प्रदेश को दिया था, आज वह पूरी तरह साकार होकर हमारे सामने है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब देश 'नए भारत' की परिकल्पना को साकार होते देख रहा है, तब 'नए उत्तर प्रदेश' में विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल आवागमन को सुगम बना रहा है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को स्पष्ट नीति, साफ नीयत और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ धरातल पर उतारने का परिणाम है। 2017 से पहले प्रदेश परिवारवाद, जातिवाद, दंगों, अराजकता, कर्फ्यू और माफिया राज के माहौल से जकड़ा हुआ था, जहां विकास, रोजगार और निवेश की कल्पना भी मुश्किल थी। लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे, हाईवे, जिला मार्गों और ग्रामीण सड़कों का लगभग चार लाख किलोमीटर का विशाल नेटवर्क विकसित हुआ है।

# जनगणना कार्य में लापरवाही पर सख्ती: 15 कर्मियों को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार । जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। निगम प्रशासन ने कार्य में सहयोग न करने वाले कुल 15 कर्मियों को नोटिस जारी करते हुए उनके विरुद्ध तहरीर दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित कर्मियों को जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के अंतर्गत निर्देशित किया गया है कि वे नोटिस प्राप्त होते ही तत्काल जनगणना कार्य का दायित्व ग्रहण करें। आदेशों की अवहेलना की स्थिति में संबंधित कर्मियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 187 के तहत भी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस धारा में लोक सेवक के दोषी पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। नोटिस प्राप्त करने वालों में मध्य गंगा नहर गुण नियंत्रण खंड-2 के 8 कर्मचारी शामिल हैं, जबकि शेष कर्मचारी शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षक एवं अन्य स्टाफ हैं। प्रशासन का कहना है कि बार-बार निर्देशों के बावजूद इन कर्मियों द्वारा जनगणना कार्य में अपेक्षित सहयोग नहीं दिया जा रहा था। नगर निगम ने साफ शब्दों में कहा है कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय महत्व का दायित्व है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित कर्मियों से तत्काल कार्यभार ग्रहण करने और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा की गई है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि संबंधित कर्मी निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मामले में याचिकाकर्ता ने पेश की दलीलें

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में कथित अपमानजनक बयान के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने से ट्रायल कोर्ट के इनकार करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर याचिकाकर्ता की ओर से दलीलें रखी गईं। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 23 मई को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता रविंद्र गुप्ता के वकील गगन गांधी ने दलीलें रखी। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता आरएसएस का सदस्य होने के नाते वह मल्लिकार्जुन खरगे के बयानों से आहत है। उन्होंने खरगे पर एफआआईआर दर्ज करने की मांग की। कोर्ट ने मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से वकील रेबेका जॉन को 23 मई को दलीलें रखने का आदेश दिया मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से 20 मार्च को जवाब दाखिल किया गया गया था। इस मामले में तीस हजारी कोर्ट के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने खरगे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया था, जिसके बाद याचिकाकर्ता रविंदर गुप्ता ने सेशंस कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कोर्ट ने 29 जनवरी को खरगे को नोटिस जारी किया था। दरअसल 13 दिसंबर 2024 को तीस हजारी कोर्ट के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने खरगे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। मल्लिकार्जुन खरगे राज्यसभा के सांसद हैं, इसलिए उनके खिलाफ अब राऊज एवेन्यू स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका आरएसएस के सदस्य रविंद्र गुप्ता ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि मल्लिकार्जुन खरगे ने 27 अप्रैल, 2023 को कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा और आरएसएस के बारे में अपमानजनक बयान दिए। याचिका में कहा गया है कि मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। बाद में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्होंने जो बयान दिया था वो प्रधानमंत्री के खिलाफ नहीं बल्कि आरएसएस और भाजपा के खिलाफ लगाया था। इस मामले में कोर्ट ने सब्जी मंडी पुलिस थाने को एक्शन टेकन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। सब्जी मंडी थाने की पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बयान कर्नाटक में दिए गए हैं और वो सब्जी मंडी थाने के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है।

# संक्षिप्त समाचार

## यात्रा की योजना बताए बिना तीस्ता को पासपोर्ट नहीं लौटाया जाएगा: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की याचिका का निस्तारण करते हुए फिलहाल पासपोर्ट लौटाने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि विदेश यात्रा की स्पष्ट योजना बताए बिना पासपोर्ट नहीं लौटाया जा सकता। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली पीठ ने सीतलवाड़ को यह स्वतंत्रता दी कि जब भी वह विदेश यात्रा करना चाहें, तब नई अर्जी दाखिल कर सकती हैं। फिलहाल उन्हें पासपोर्ट नहीं लौटाया जाएगा। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने तीस्ता के वकील कपिल सिब्बल से पूछा कि क्या आपको जल्द ही कहीं बाहर जाने की योजना है। जैसे ही सीतलवाड़ अपना यात्रा कार्यक्रम तय कर लें, हमें बताएं। हम इस तरह पासपोर्ट वापस नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि सीतलवाड़ का पासपोर्ट गुजरात की एक निचली अदालत में जमा है। उन पर 2002 के गुजरात दंगों के बाद निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने का आरोप है। उसी मामले में जमानत की एक शर्त के दौर पर उनका पासपोर्ट जमा कराया गया था।

## गंगा आरती देखने आई विदेशी महिला का खोया मोबाइल पुलिस ने लौटाया

हरिद्वार। हरकी पैड़ी पर गंगा आरती देखने आयी विदेशी महिला का गुम हुआ मोबाइल पुलिस ने कुछ ही घंटों में रिकवर कर महिला को सौंप दिया। मोबाइल वापस पाकर महिला ने पुलिस का आभार जताया। डॉपर्स स्ट्रीट नीदरलैंड निवासी विदेशी महिला ऐना दाविट पत्नी बास्टियन मंगलवार की शाम हरकी पैड़ी पर गंगा आरती देखने आई थी। आरती के पश्चात भीड़भाड़ में महिला का कीमती मोबाइल फोन खो गया। मोबाइल में महिला के महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट आदि थे। मोबाइल का पता न लगने पर महिला ने पुलिस चौकी हरकी पैड़ी से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई। हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी संजीत कंडारी ने कांस्टेबल नितिन रावत व भूपेंद्र गिरी को मोबाइल तलाश करने में लगाया। काफी खोजबीन के पश्चात पुलिसकर्मियों ने बुधवार को मोबाइल फोन बरामद कर लिया। इसके बाद विदेशी महिला ऐना दाविट को चौकी बुलाकर मोबाइल फोन उनके सुपुर्द कर दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर महिला ने हरिद्वार पुलिस का आभार जताया है।

## गुरु अमरदास का प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया

हरिद्वार । सेक्टर 2 स्थित गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में सिक्ख समाज के तीसरे गुरु गुरु अमरदास का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारे में विशेष दीवान सजाया गया जिसमें रागी जत्थों भाई तरणवीर सिंह रब्बी लुधियाना वाले, भाई मनोज सिंह, भाई संजय सिंह, सरबजीत सिंह ने शब्द कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर प्रधान सुदीप सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु अमरदास ने सामाजिक सुधार के कार्य किए। उन्हें गुरु अंगद देव ने उन्हें 73 वर्ष की आयु में गुरु गद्दी सौंपी। वह बहुत आज्ञाकारी शिष्य रहे और 22 वर्षों तक सिक्ख धर्म का प्रचार प्रसार किया। वह महिला और पुरुष को बराबरी के अधिकार के पक्ष में थे। उन्होंने लंगर प्रथा को बढ़ाया। जिससे आपसी भाईचारा बढ़े।

इस अवसर पर उज्जल सिंह सेठी, बलदेव सिंह, अमरपाल सिंह ओबेरॉय, राजेंद्र सिंह, हरभजन सिंह, गगनदीप सिंह कालरा, सागर मनचंदा, गजेन्द्र ओबेरॉय, अमरदीप सिंह अरोड़ा, लखविंदर सिंह, अपनिंदर कौर, निर्मल कौर, रोशन सिंह, रवींद्र सिंह, सुमन, नैनी महेंद्रू, सिमरन कौर, फतेह सिंह, सतपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सुपौल में सघन वाहन जांच अभियान, पुलिस ने दस्तावेज जांच के साथ तस्करी पर कसी नजर

सुपौल । पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने सड़कों पर वाहनों को रोककर उनके आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की। जांच के क्रम में अवैध वस्तुओं की तस्करी को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई और संदिग्ध वाहनों पर कड़ी नजर रखी गई। इसके साथ ही आम लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## भीमपुर में एनएच-27 किनारे अवैध डीजल-पेट्रोल बिक्री का धंधा जारी, प्रशासन पर उठे सवाल

सुपौल । जिले के भीमपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 किनारे खुलेआम डीजल-पेट्रोल की अवैध बिक्री का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग से गुजरने वाले कई ट्रक चालक कम कीमत पर चोरी का पेट्रोल-डीजल सड़क किनारे दुकानदारों को बेच देते हैं। इसके बाद उक्त दुकानदार उसी ईंधन को ऊंचे दामों पर आम लोगों को बेच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध कारोबार लंबे समय से जारी है और इसमें कई लोग संलिप्त हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह गतिविधि खुलेआम हो रही है, बावजूद इसके स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का आरोप है कि भीमपुर थाना के अधिकारियों की नजर के सामने यह धंधा फल-फूल रहा है, फिर भी इसे रोकने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है। कुछ ग्रामीणों ने गुप्त सूचना के आधार पर यह भी आरोप लगाया है कि इस अवैध कारोबार में प्रशासनिक मिलीभगत हो सकती है, जिसके कारण कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। इस अवैध बिक्री से न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि इससे सड़क सुरक्षा और आम उपभोक्ताओं के लिए भी खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि इस अवैध धंधे पर जल्द से जल्द रोक लगाई जा सके।

# जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली जरूरी: ओम बिरला




कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सतत विकास व पारिस्थितिक संतुलन सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों - सरकारी संस्थानों, पंचायती राज संस्थाओं, नगरीय निकायों, वन पंचायतों तथा नागरिकों की संयुक्त एवं सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का सम्मान करना दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता और राष्ट्रीय प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

बुधवार को नैनीताल स्थित डॉ. रघुनंदन सिंह टोलिया प्रशासनिक अकादमी में वन पंचायत प्रतिनिधियों व त्रिस्तरीय पंचायत व स्थानीय शहरी निकाय के निर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि उत्तराखंड की वन पंचायतें सामुदायिक भागीदारी आधारित वन प्रबंधन का एक सफल मॉडल बनकर उभरी हैं, जो न केवल वन संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान दे रही हैं, बल्कि रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी साकार कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव, चुनौतियों और सुझावों को भी सुना। वन पंचायतों को ल्भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे सशक्त कड़ील्र बताते हुए बिरला ने कहा कि जमीनी स्तर की संस्थाएं संरक्षण और सुशासन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वन पंचायत से संवाद करना मेरे लिए लोकतंत्र की सबसे सशक्त कड़ी से मिलने जैसा है। उन्होंने कहा कि यहाँ की पंचायतों का अनुभव दिल्ली की पंचायत से कम नहीं है। जल, जंगल और जमीन के पारस्परिक संबंध को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि ये प्राकृतिक संसाधन पारिस्थितिक संतुलन और मानव जीवन के आधार हैं। इनका संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि सामूहिक दायित्व है, जिसके लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय विरासत की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह राज्य मानव और प्रकृति के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने स्थानीय समुदायों के अमूल्य योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि जल और वृक्षों के प्रति श्रद्धा जैसी परंपराएं आज भी सतत जीवनशैली का मार्गदर्शन कर रही हैं।

राज्य के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक काल में वन संसाधनों के दोहन के विरुद्ध स्थानीय समुदायों ने प्रभावी प्रतिरोध किया। 1930 के दशक से वन संरक्षण, सुरक्षा और अधिकारों के लिए निरंतर कानून एवं नीतिगत प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में शेष चुनौतियों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

उन्होंने स्थानीय समुदायों की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि वन और वन्यजीवों का संरक्षण तभी संभव है जब इनसे जुड़े लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं, नगरीय निकायों और वन पंचायतों से आह्वान किया कि वे जनभागीदारी को बढ़ावा दें, पर्यावरण अनुकूल आजीविका के अवसर विकसित करें तथा संतुलित एवं सतत विकास सुनिश्चित करें।

# बिहार में शिक्षा के लिए छात्रों का पलायन घटा, गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई से बढ़े रोजगार के अवसर : विजय कुमार चौधरी

पटना । बिहार में पढ़ाई के लिए छात्रों के पलायन में भारी कमी आई है। अब राज्य में ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। यह बातें राज्य के उपमुख्यमंत्री सह विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को पटना स्थित संवाद कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राज्य में शीघ्र ही मंत्री परिषद का विस्तार होगा। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों और नीतियों को नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय विकास हुआ है। पहले उच्च शिक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को राज्य से बाहर जाना पड़ता था, जिससे बिहार का पैसा और संसाधन बाहर जाते थे ।

# कुमाऊं में भी खुलेगा वन विकास निगम का कार्यालय, मुख्यमंत्री ने किया 'हिमकाष्ठ' मोबाइल एप लॉन्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुमाऊं मंडल में भी वन विकास निगम का नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है। साथ ही, वन क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए बी-बॉक्स स्थापित करने के प्रस्ताव को कैबिनेट में लाने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को उत्तराखंड वन विकास निगम के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'रजत जयंती समारोह' में मुख्यमंत्री ने उक्त घोषणा की है। समारोह में मुख्यमंत्री ने 'हिमकाष्ठ' मोबाइल एप्लीकेशन का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने निगम कर्मचारियों के उन बच्चों को सम्मानित किया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विकास निगम राज्य की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पारिस्थितिकी के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। निगम वैज्ञानिक वन प्रबंधन, वन उपज के टिकाऊ दोहन, इको-टूरिज्म और प्रमाणित लकड़ी की आपूर्ति जैसे कार्यों में सक्रिय है। उन्होंने बताया कि निगम न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है, बल्कि सूखे और मृतप्राय पेड़ों को हटाकर नए वन क्षेत्र विकसित करने में भी योगदान दे रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 'हिमकाष्ठ' मोबाइल एप के माध्यम से वन उत्पादों की बिक्री और ई-नीलामी की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष निगम ने 167 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो उसकी कार्यक्षमता और बेहतर प्रबंधन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'इकोनॉमी, इकोलॉजी और टेक्नोलॉजी' के संतुलन के साथ आगे बढ़ रही है। घने जंगल, हिमालयी शिखर, ग्लेशियर और नदियां उत्तराखंड की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने पर्यटकों और तीर्थयात्रियों से अपील की कि वे जंगल सफारी या धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिणाम दे सकते हैं।

# राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा को सफल बनाने पर चर्चा

पौड़ी गढ़वा। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) के सफल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष आयोजन को लेकर प्रभारी अपर जिलाधिकारी एवं संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। प्रभारी अपर जिलाधिकारी दीक्षिता जोशी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सतर्कता बरतने पर जोर दिया। जनपद में यह परीक्षा 3 मई (रविवार) को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि दिव्यांग अभ्यर्थियों को नियमानुसार एक घंटे का अतिरिक्त समय देते हुए शाम 6 बजे तक परीक्षा देने की अनुमति होगी। परीक्षा के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पौड़ी तथा राजकीय इंटर कॉलेज, पौड़ी नगर को केंद्र बनाया गया है, जहां कुल 444 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इनमें 204 परीक्षार्थी पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पौड़ी तथा 240 परीक्षार्थी राजकीय इंटर कॉलेज, पौड़ी नगर में परीक्षा देंगे। प्रभारी अपर जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस विभाग को परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने तथा प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही परिवहन विभाग को परीक्षार्थियों के सुगम आवागमन हेतु आवश्यकतानुसार विशेष बस सेवाएं संचालित करने एवं परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अग्निशमन विभाग को आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए।

# शंकर ढाबा गोलीकांड में बड़ा फैसला: आरोपपित को 10 साल सश्रम कारावास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण । बहुचर्चित शंकर ढाबा गोलीकांड मामले में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए दोषी को कड़ी सजा सुनाई है। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विद्या प्रसाद की अदालत ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में नामजद अभियुक्त राजतिलक उर्फ सुमित सिंह को दोषी करार देते हुए दस वर्षों के सश्रम कारावास तथा अठारह हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त को चार माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला पिपरा थाना क्षेत्र के तजीयापुर निवासी आरोपी से जुड़ा है, जबकि घटना से संबंधित प्राथमिकी तुरकौलिया (बंजरिया) थाना कांड संख्या 206/2019 के रूप में दर्ज की गई । तुरकौलिया थाना क्षेत्र के बेलवाराय निवासी सूचक अभिनव कुमार सिंह उर्फ मिंटू सिंह ने पुलिस के समक्ष दिए बयान में बताया था कि 27 मार्च 2019 की रात करीब 9:30 बजे वह एनएच-28 स्थित चैलाहा शंकर ढाबा पर अपने साथियों के साथ चाय पी रहा था। इसी दौरान आरोपी का फोन आया और मिलने की बात कही। कुछ देर बाद आरोपी ढाबा पहुंचा, साथ में चाय पी और फिर किसी को फोन कर बुलाया। करीब पंद्रह मिनट बाद बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति पहुंचे और ढाबा के अंदर घुसकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सूचक के अनुसार, इसी दौरान आरोपी राजतिलक उर्फ सुमित सिंह ने भी पिस्टल से फायरिंग की, जिससे उसे पेट और हाथ में गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे शहर के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज हुआ। वाद के विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक प्रभाष त्रिपाठी ने सात गवाहों की गवाही प्रस्तुत की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को भादवि की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई।

# सुशासन और सामाजिक न्याय के संदेश के साथ शुरू होगी निशांत कुमार की यात्रा: अंजुम आरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना । जनता दल यूनाटेड (जदयू) की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने बयान जारी करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों में बिहार ने 'न्याय के साथ विकास' का जो ऐतिहासिक और अनुकरणीय मॉडल स्थापित किया है, उस गौरवशाली विरासत को नई ऊर्जा और नई दिशा देने के उद्देश्य से श्री निशांत कुमार की आगामी जनयात्रा प्रारंभ होने जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से आज तक नीतीश कुमार ने बिहार को बीमारू राज्य की पहचान से बाहर निकालकर सुशासन, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का राष्ट्रीय उदाहरण बनाया है। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और कानून-व्यवस्था के क्षेत्रों में हुए व्यापक परिवर्तन ने बिहार की नई पहचान गढ़ी है। शराबबंदी, दहेज प्रथा उन्मूलन, बाल विवाह विरोध अभियान, हर घर नल का जल, पक्की गली-नाली, जीविका योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड तथा सात निश्चय जैसी योजनाओं ने बिहार की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 'नीतीश मॉडल' किसी एक व्यक्ति का नाम नहीं, बल्कि यह समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने वाली एक सशक्त विचारधारा है। इसी विरासत को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ श्री निशांत कुमार बिहार की जनता के बीच जाएंगे। उनका स्पष्ट उद्देश्य है-पिता के संकल्प को सिद्धि तक पहुँचाना तथा नए बिहार के सपने को साकार करना। उन्होंने कहा यह यात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिहार के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समरसता और युवा नेतृत्व को मजबूत करने का व्यापक अभियान है। जब नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार ने जो गौरव हासिल किया है, उसे अक्षुण्ण बनाए रखने तथा युवाओं के नेतृत्व में राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में यह यात्रा मील का पत्थर साबित होगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063